

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 336 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 14 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## राम मंदिर, अनुच्छेद 370 के बाद अब समान नाग रिक संहिता की बारी

*अमित शाह का ऐलान- 2029 से पहले भाजपा-राजग शासित 21 राज्यों में लागू करने का प्रयास; बोले- मोदी सरकार ने देश को कई बड़े संकटों से दिलाई मुक्ति*

मुंबई। राम मंदिर निर्माण और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अब समान नागरिक संहिता को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा राजनीतिक संकेत दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा-राजग शासित 21 राज्यों में वर्ष 2029 से पहले समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में लंबे समय से लंबित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की जानकारी भी दी।

## नई दिल्ली डिक्लेरेशन साझा विजन और भविष्य के सहयोग को देगा नई दिशा, बोले पीएम- अब दुनिया विचार नहीं, ठोस परिणाम चाहती है

# ब्रिक्स केवल देशों का समूह नहीं, समाधान का इकोसिस्टम : मोदी

समाज जागरण

नई दिल्ली। 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वैश्विक सहयोग में ब्रिक्स की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि ब्रिक्स केवल देशों का समूह नहीं, बल्कि समाधान का एक इकोसिस्टम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में अपनाया गया 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' सदस्य देशों के साझा विजन और भविष्य के सहयोग को नई दिशा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब दुनिया ब्रिक्स से केवल विचार और प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि ठोस परिणामों की अपेक्षा करती है।



पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो दिनों में हुई चचाओं ने सदस्य देशों के बीच सहयोग और विश्वास को और मजबूत किया है। उन्होंने सभी देशों के नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों का आभार जताते हुए कहा कि उनके महत्वपूर्ण विचारों और सुझावों ने ब्रिक्स सहयोग को व्यापकता और गहराई प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों की मौजूदगी ब्रिक्स की बढ़ती प्रासंगिकता, उदारता और समावेशिता का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि सम्मेलन के दौरान लिए गए फैसलों को केवल दस्तावेजों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से जमीन पर उतारने और समाज के अंतिम पायदान तक उनका प्रभाव पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का ढांचा कागजी प्रक्रियाओं से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने वाला होना चाहिए।

### तीसरे दशक में प्रवेश कर रहा ब्रिक्स

पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स अब अपने तीसरे दशक में प्रवेश करने जा रहा है। ऐसे समय में दुनिया की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सदस्य देश साझा प्रयासों के जरिए इन अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अपनी भूमिका को और मजबूत करेंगे।

### 2027 में चीन करेगा मेजबानी

समापन सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मेजबान देश चीन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नई दिल्ली में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य देशों और उनकी टीमों का विशेष रूप से अभिनंदन किया तथा सभी प्रतिनिधियों की सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की।

## 17 सितंबर से देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान'

**विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर अमित शाह का जोर**



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुंबई में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा, उसके सहयोगी दल, समूचा एनडीए प रिवार, स्वयंसेवी संगठन और देश की जनता मिलकर इस अभियान को व्यापक रूप देंगे। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी की जनसेवा की यात्रा को रेखांकित करने के साथ विकसित भारत-2047 के संकल्प को जनभागीदारी से आगे बढ़ाना है।

अमित शाह ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। भाजपा पहले गुजरात और बाद में पूरे देश में इस दिन से 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह के रूप में कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इस वर्ष अभियान का महत्व इसलिए और बढ़ गया है क्योंकि 7 अक्टूबर 2026 को नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

## आरक्षण पर राकेश टिकैत का बयान, बोले- जमीनी सर्वे के आधार पर बने नीति

नई दिल्ली। किसान नेता राकेश टिकैत के एक कथित बयान ने आरक्षण को लेकर नई बहस छेड़ दी है। टिकैत के हवाले से कहा जा रहा है कि "ठाकुर-ब्राह्मणों की हालत एससी-एसटी से भी खराब है" और वास्तविक स्थिति जानने के लिए गांवों में सर्वे कराया जाना चाहिए। उन्होंने आर्थिक आधार पर आरक्षण का समर्थन किए जाने की बात भी कही है।

# जेडीयू में वो दो 'वन डमरू' कौन, जिन पर प्रशांत किशोर ने कसा तंज?

**बोले- पार्टी का नाम चाहे जनता दल यूनाइटेड रहे या जनता दल नीतीश, चलाने वाले अमित शाह; जेडीयू में भाजपा के बढ़ते प्रभाव पर उठाए सवाल**

समाज जागरण डेस्क पटना

पटना। बिहार विधानसभा चुनावी माहौल के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नाम में बदलाव को लेकर चल रही चचाओं के बीच जन सुराज के सूत्रधार और बांकीपुर के विधायक प्रशांत किशोर ने सत्तारूढ़ दल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने जेडीयू के संभावित नाम परिवर्तन पर तंज कसते हुए दावा किया कि पार्टी का नाम बदलने से उसकी राजनीतिक हकीकत नहीं बदलेगी।

प्रशांत किशोर ने कहा, "भाई, जनता दल यूनाइटेड हो या जनता दल नीतीश, उसको चलाने वाले अमित शाह ही हैं। नीचे दो वन डमरू लोग हैं। अमित शाह जैसा चाहेंगे, वैसे ही चलेगा।" उनके



इस बयान के बाद बिहार की राजनीति में 'दो वन डमरू' को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

### नाम बदलने की चर्चा के बीच पीके का हमला

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से जेडीयू का नाम बदलकर 'जनता दल (नीतीश)' किए जाने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में चल रही है। इसी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि पार्टी का नाम बदलने से जमीनी राजनीतिक स्थिति नहीं बदलेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज की जेडीयू पर भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है और पार्टी के फैसलों में भाजपा नेतृत्व की भूमिका अहम हो गई है। पीके के मुताबिक, जेडीयू का नाम चाहे 'जनता दल यूनाइटेड' हो या 'जनता दल नीतीश', इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता।

### अमित शाह के बहाने भाजपा पर निशाना

प्रशांत किशोर ने अपने बयान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लेते हुए जेडीयू नेतृत्व पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेतृत्व जो तय करता है, जेडीयू में वही होता है।

हालांकि, प्रशांत किशोर ने अपने बयान में जिन 'दो वन डमरू' नेताओं का जिक्र किया, उनके नाम स्पष्ट रूप से नहीं बताए। यही वजह है कि उनके इस बयान को लेकर बिहार के राजनीतिक गलियारों में अलग-अलग तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

### जेडीयू के लिए बढ़ी राजनीतिक चुनौती

जेडीयू के नाम परिवर्तन की चर्चा और उस पर प्रशांत किशोर के हमले ने बिहार की सियासत को और गरमा दिया है। एक ओर पार्टी अपने राजनीतिक भविष्य और नेतृत्व को लेकर रणनीति बना रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी नेता भाजपा-जेडीयू संबंधों और नीतीश कुमार के राजनीतिक प्रभाव को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं।

प्रशांत किशोर के बयान से साफ है कि वह आगामी राजनीतिक मुकाबले में जेडीयू और भाजपा के रिश्ते को एक प्रमुख मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## अमेरिका को उपदेश देने वाला चीन खुद कर रहा आर्थिक दबाव का खेल : ब्रह्मा चेलानी

**नई दिल्ली घोषणा पर उठाए सवाल, बोले- महत्वपूर्ण खनिज और उच्च तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति रोककर भारत के औद्योगिक विकास में बाधा डाल रहा चीन**

समाज जागरण

नई दिल्ली। अठारहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपनाई गई 'नई दिल्ली घोषणा' के बाद एकतरफा आर्थिक प्रतिबंधों को लेकर बहस तेज हो गई है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ डॉ. ब्रह्मा चेलानी ने ब्रिक्स के रुख पर सवाल उठाते हुए चीन की आर्थिक नीतियों और आपूर्ति श्रृंखला पर उसके प्रभाव को निशाने पर लिया है। उनका कहना है कि ब्रिक्स के मंच से पश्चिमी देशों और अमेरिका के आर्थिक प्रतिबंधों की आलोचना की जा रही है, लेकिन चीन स्वयं महत्वपूर्ण खनिजों और उच्च तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति को अपने रणनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल कर रहा है।

नई दिल्ली घोषणा में ब्रिक्स देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून के विरुद्ध लगाए जाने वाले एकतरफा आर्थिक प्रतिबंधों की कड़े शब्दों में निंदा की है। चेलानी ने इसी को आधार बनाते हुए सवाल उठाया है कि यदि एकतरफा आर्थिक दबाव गलत है तो यही मापदंड सभी देशों पर समान रूप से लागू क्यों नहीं होना चाहिए।

### चीन पर आपूर्ति श्रृंखला को हथियार बनाने का आरोप

चेलानी के अनुसार चीन का महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों सहित कई औद्योगिक उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति पर बड़ा प्रभाव है। उनका आरोप है कि चीन कई बार निर्यात पर



प्रतिबंध या कठोर नियम लागू कर इस प्रभाव का इस्तेमाल दूसरे देशों पर आर्थिक दबाव बनाने के लिए करता रहा है।

उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज, औद्योगिक उपकरण और आवश्यक कल-पुर्जों की आपूर्ति में चीन के प्रभुत्व से विश्व की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। इससे उन देशों के लिए भी चुनौती पैदा होती है, जो चीन पर निर्भरता कम करके अपने विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार करना चाहते हैं।

### भारत के औद्योगिक विकास को लेकर चिंता

चेलानी ने विशेष रूप से भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के प्रयासों के संदर्भ में चीन की भूमिका पर सवाल उठाया है। उनके अनुसार महत्वपूर्ण खनिजों और उच्च तकनीकी मशीनरी की आपूर्ति पर चीन का नियंत्रण भारत की औद्योगिक महत्वाकांक्षाओं के लिए चुनौती बन सकता है।

उनका कहना है कि ब्रिक्स देशों को पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों की आलोचना करने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला के एकतरफा इस्तेमाल जैसे विषयों पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### ब्रिक्स की कथनी और करनी पर सवाल

ब्रिक्स के विस्तार के साथ समूह का आर्थिक और सामरिक महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में आर्थिक प्रतिबंध, व्यापारिक अवरोध और महत्वपूर्ण खनिजों एवं प्रौद्योगिकी की आपूर्ति जैसे विषय आने वाले समय में संगठन के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बन सकते हैं।

चेलानी के इस विश्लेषण ने ब्रिक्स की एकजुटता और उसके सदस्य देशों की अलग-अलग आर्थिक एवं सामरिक नीतियों के बीच संतुलन को लेकर नई बहस छेड़ दी है। उनका संकेत साफ है कि यदि एकतरफा आर्थिक दबाव का विरोध करना है तो उसके सभी रूपों और सभी देशों की नीतियों को एक ही कसौटी पर परखा जाना चाहिए।


# चीन की नई तेल शोधन तकनीक से भारत को अरबों की बचत की उम्मीद

**कच्चे तेल को अलग-अलग उत्पादों में बदलने की प्रक्रिया में 91 प्रतिशत तक ईंधन बचाने का दावा, भारत की विशाल शोधन क्षमता को मिल सकता है बड़ा लाभ**

समाज जागरण

नई दिल्ली। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस से लेकर प्लास्टिक और अनेक औद्योगिक उत्पादों के निर्माण में कच्चे तेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन कच्चे तेल को अलग-अलग उपयोगी उत्पादों में बदलने की प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में ऊर्जा और ईंधन की आवश्यकता होती है। इसी क्षेत्र में चीन के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई एक नई तकनीक को लेकर चर्चा तेज हो गई है। दावा किया जा रहा है कि इस तकनीक के इस्तेमाल से कच्चे तेल के शोधन में लगभग 91 प्रतिशत तक ईंधन की बचत हो सकती है।

यदि यह तकनीक औद्योगिक स्तर पर अपने दावे के अनुरूप सफल साबित होती है और भारत को भी इसका उपयोग करने का अवसर मिलता है, तो देश की तेल शोधन



कंपनियों के लिए यह बड़ी आर्थिक बचत का माध्यम बन सकती है। इससे ऊर्जा की खपत कम करने के साथ-साथ तेल शोधन की लागत घटाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

### भारत की विशाल तेल शोधन क्षमता

भारत दुनिया के प्रमुख तेल उपभोक्ता देशों में शामिल है और देश में कच्चे तेल के शोधन की क्षमता 27 करोड़ टन से अधिक बताई जाती है। इतनी बड़ी मात्रा में कच्चे तेल को पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों में बदलने के लिए तेल शोधन संयंत्रों में भारी मात्रा में ऊर्जा खर्च होती है।

ऐसे में यदि शोधन प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले ईंधन की खपत में उल्लेखनीय कमी आती है, तो इसका सीधा असर कंपनियों की लागत पर पड़ सकता है। ऊर्जा लागत घटने से तेल शोधन क्षेत्र की कार्यक्षमता बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर भी पड़ सकता है असर

तेल शोधन की लागत कम होने का लाभ व्यापक स्तर पर मिलने की संभावना है। हालांकि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमत केवल शोधन लागत से तय नहीं होती। इसमें कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत, कर, परिवहन, विपणन और अन्य खर्च भी शामिल होते हैं।

इसके बावजूद शोधन प्रक्रिया में ऊर्जा की खपत कम होने से कंपनियों की लागत में कमी आ सकती है। लंबे समय में इसका कुछ लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचने और पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दबाव कम होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने से आगे है 'फ्री टेंपल' की अवधारणा : अजीत भारती

समाज जागरण

नई दिल्ली। लेखक और टिप्पणीकार अजीत भारती ने मंदिरों की व्यवस्था और उनके आर्थिक उपयोग को लेकर एक नई बहस छेड़ी है। उन्होंने कहा कि 'फ्री टेंपल' की अवधारणा केवल मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मंदिर आधारित अर्थव्यवस्था को फिर से मजबूत करना होना चाहिए।

अजीत भारती के अनुसार मंदिरों से प्राप्त धन का उपयोग गुरुकुल, अस्पताल, आश्रम, शोध, कला, नाटक, नृत्य और समाजसेवा जैसे कार्यों में किया जा सकता है। उनका कहना है कि मंदिरों को केवल धार्मिक स्थल के रूप में देखने के बजाय शिक्षा, चिकित्सा, संस्कृति और सामाजिक विकास के केंद्र




के रूप में भी विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह विचार साझा करते हुए मंदिरों की आर्थिक भूमिका और उनके संसाधनों के सामाजिक उपयोग पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता जताई।

# वक्फ और एससी-एसटी कानून के दुरुपयोग पर प्रीत सिरोही ने उठाए सवाल

समाज जागरण

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर प्रीत सिरोही ने वक्फ व्यवस्था और एससी-एसटी कानून को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक पोस्ट में दावा किया कि इन व्यवस्थाओं के कथित दुरुपयोग से सामान्य वर्ग और देश को नुकसान हो सकता है।

सिरोही ने कहा कि इस विषय पर सोचना और खुलकर चर्चा करना जरूरी है। उन्होंने राजनीतिक



दलों से व्यवस्था की समीक्षा और इसके प्रभावों पर गंभीरता से विचार करने की बात कही। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इन मुद्दों से प्रभावित सामान्य वर्ग का एक बड़ा हिस्सा भाजपा को मतदान नहीं करता। उनकी टिप्पणी के बाद वक्फ व्यवस्था, कानूनों के दुरुपयोग और सामाजिक न्याय की नीतियों को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है।

## वैश्विक स्तर पर हिंदी के विरुद्ध षड्यंत्र या बाजार की रणनीति?

**कॉरपोरेट सेक्टर से हिंदी दरकिनार, हिंदुस्तानी हिंदी और उपभोक्तावाद**

इक्कीसवीं सदी का विश्व मूलतः उपभोक्तावाद की धुरी पर घूम रहा है। उत्पादन, विपणन, संचार, मनोरंजन, तकनीक और संस्कृति–लगभग प्रत्येक क्षेत्र में बाजार की शक्ति निर्णायक होती जा रही है। ऐसे समय में भाषा केवल भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि वह बाजार तक पहुंचने, उपभोक्ता का विश्वास जीतने और उत्पाद को उसकी संवेदना से जोड़ने का सबसे प्रभावी साधन बन गई है। भारत जैसे विशाल और बहुभाषी देश में यह प्रश्न और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि जिस भाषा को करोड़ों लोग बोलते, समझते और अपने दैनिक जीवन में व्यवहार करते हैं, वह आर्थिक, कॉरपोरेट और वैश्विक मंचों पर कितनी प्रतिष्ठा प्राप्त कर पा रही है। हिंदी के संदर्भ में यह प्रश्न आज पहले से कहीं अधिक गंभीर है।

भारत की स्वतंत्रता को आठ दशक पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन हिंदी आज भी भारत की राष्ट्रभाषा नहीं है। यहां एक संवैधानिक तथ्य को स्पष्ट करना आवश्यक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा घोषित किया गया है। वहीं अंग्रेजी को भी संघ के आधिकारिक कार्यों में निरंतर प्रयोग की संवैधानिक-वैधानिक व्यवस्था प्राप्त है। संविधान में कहीं भी हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित नहीं किया गया है। अनुच्छेद 351 संघ को यह दायित्व देता है कि वह हिंदी के प्रसार और विकास के लिए प्रयास करे तथा उसे भारत की समग्र संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाए। इसलिए "हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं?" का प्रश्न भावनात्मक होने के साथ-साथ संवैधानिक और ऐतिहासिक प्रश्न भी है।

विडंबना यह है कि जिस हिंदी को करोड़ों भारतीयों की संपर्क भाषा के रूप में व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता प्राप्त है, उसे सत्ता, उच्च शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और कॉरपोरेट प्रतिष्ठा के अनेक क्षेत्रों में अभी भी अंग्रेजी की तुलना में कमतर समझा जाता है। यह स्थिति केवल सरकारी व्यवस्था की देन नहीं है। स्वतंत्रता के बाद अंग्रेजी प्रशासन, उच्च शिक्षा, न्याय, विज्ञान और व्यवसाय की महत्वपूर्ण भाषा बनी रही। धीरे-धीरे अंग्रेजी केवल भाषा नहीं रही, बल्कि आधुनिकता, रोजगार, प्रतिष्ठा और आर्थिक उन्नति की सामाजिक पहचान बन गई। परिणाम यह हुआ कि हिंदी बोलने वाला व्यक्ति अनेक बार अपनी भाषा के प्रति आत्मविश्वास के बजाय अंग्रेजी के प्रति आकर्षण को आधुनिकता का प्रतीक मानने लगा।

आज का कॉरपोरेट संसार इस मानसिकता का सबसे बड़ा उदाहरण दिखाई देता है। बड़ी कंपनियों के बोर्डरूम, निवेश प्रस्तुतियां, वार्षिक रिपोर्ट, तकनीकी दस्तावेज, वरिष्ठ प्रबंधन की बैठकों और व्यावसायिक ई-मेलों में अंग्रेजी का प्रभुत्व है। यह कहना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक कंपनी हिंदी को जानबूझकर समाप्त करने की कोई साजिश कर रही है, लेकिन यह अवश्य कहा जा सकता है कि कॉरपोरेट व्यवस्था ने अंग्रेजी को आर्थिक दक्षता और वैश्विक संपर्क की भाषा मान लिया है। यही वह क्षेत्र है जहां हिंदी के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर जब वही कंपनियां उपभोक्ता तक पहुंचना चाहती हैं तो उन्हें हिंदी, हिंदुस्तानी और क्षेत्रीय भाषाओं की ओर लौटना पड़ता है।

यही बाजार की सबसे बड़ी विडंबना है। कंपनी का प्रबंधन अंग्रेजी में योजना बनाता है, लेकिन वही कंपनी अपने उत्पाद की बिक्री के लिए उपभोक्ता की भाषा में संवाद करती है। विज्ञापन जगत इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। भारत के हिंदी भाषी क्षेत्रों में विज्ञापनों में हिंदी और अंग्रेजी का मिश्रण लंबे समय से दिखाई देता रहा है। हाल के अकादमिक अध्ययनों में भी यह सामने आया है कि उत्तर भारत के विज्ञापन संसार में हिंदी, अंग्रेजी और कभी-कभी उर्दू के शब्दों तथा देवनागरी और रोमन लिपि का मिश्रित प्रयोग उत्पाद और लक्षित उपभोक्ता के अनुसार किया जाता है।

यहीं से ह्लहिंदुस्तानी हिंदीह्व या प्रचलित अर्थ में ह्लहिंग्लिशह्व की शक्ति सामने आती है। बाजार को ऐसी भाषा चाहिए जो तुरंत समझ में आए, भावनात्मक संबंध स्थापित करे और उपभोक्ता को आकर्षित करे। शुद्धतावादी दृष्टि से देखा जाए तो ह्लहिंग्लिशह्व अनेक लोगों को हिंदी की शुद्धता में गिरावट लग सकती है, लेकिन समाजभाषावैज्ञानिक दृष्टि से यह भाषा की जीवंतता और अनुकूलनशीलता का भी संकेत हो सकती है। विज्ञापन, सिनेमा, टेलीविजन, सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित अभिव्यक्ति को नई सामाजिक स्वीकृति दी है। शोध और मीडिया विश्लेषण में भी यह रेखांकित हुआ है कि हिंग्लिश ने विज्ञापन और लोकप्रिय संस्कृति में व्यापक स्थान बनाया है क्योंकि वह अलग-अलग सामाजिक और भाषायी समूहों तक एक साथ पहुंचने का प्रयास करती है।

हिंदी की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आत्मसाती प्रवृत्ति है। हिंदी ने संस्कृत से शब्द लिए, प्राकृत और अपभ्रंश से विकसित हुई, फारसी और अरबी से शब्द ग्रहण किए, उर्दू से समृद्ध हुई और आधुनिक समय में अंग्रेजी से भी हजारों शब्द अपने व्यवहार में स्वीकार किए। ह्लकिताबह्व, ह्लदफ्तरह्व, ह्लबाजारह्व, ह्लसड़कह्व, ह्लकुर्सीह्व जैसे शब्दों को आज सामान्य हिंदी से अलग करके देखना कठिन है। उसी तरह मोबाइल, ट्रेन, बैंक, डॉक्टर, टिकट, इंटरनेट और वीडियो जैसे शब्द आज भारतीय भाषायी व्यवहार का हिस्सा बन चुके हैं। भाषा किसी संग्रहालय में रखी हुई वस्तु नहीं है; वह समाज के साथ सांस लेती है और बदलती है।

मेरे निजी मित्र तथा पिछले लगभग 45 वर्षों से हिंदी भाषा के शोध और प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में कार्यरत डॉ. जे.पी. नौटियाल, महानिदेशक, हिंदी शोध संस्थान, देहरादून, हिंदी की वैश्विक स्थिति को लेकर लंबे समय से शोधपरक दृष्टि रखते हैं। उनके अनुसार हिंदी का भाषायी विस्तार अत्यंत व्यापक है और हिंदी को विश्व की सबसे बड़ी भाषायी शक्तियों में गिना जाना चाहिए। उनके द्वारा उद्धृत आंकड़ों में हिंदी/हिंदुस्तानी के वक्ताओं की संख्या अत्यंत बड़ी बताई जाती है। हालांकि विभिन्न वैश्विक भाषा-अध्ययनों में ह्लहिंदीह्व, ह्लहिंदुस्तानीह्व, मातृभाषा और दूसरी भाषा के वक्ताओं की गणना के तरीके अलग-अलग हैं, इसलिए 100 करोड़ से अधिक या 162 करोड़ जैसे आंकड़ों को सार्वभौमिक रूप से प्रमाणित तथ्य मानने के बजाय संबंधित शोध-पद्धति के संदर्भ में देखना चाहिए। भारत की जनगणना 2011 में मातृभाषाओं का विस्तृत वर्गीकरण किया गया था और उसके आंकड़े भारत के जनगणना कार्यालय द्वारा प्रकाशित हैं।

इस सावधानी के बावजूद हिंदी की वास्तविक शक्ति कम नहीं होती। भारत में हिंदी का सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव अत्यंत विशाल है। हिंदी केवल उत्तर भारत की भाषा नहीं रह गई है। रोजगार, शिक्षा, प्रवास, सिनेमा, टेलीविजन, व्यापार, पर्यटन और डिजिटल मीडिया के माध्यम से हिंदी देश के अनेक हिस्सों में संपर्क की भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। यही कारण है कि भारत में काम करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों को केवल अंग्रेजी के सहारे विशाल उपभोक्ता बाजार तक पहुंचना संभव नहीं लगता। विज्ञापन उद्योग में स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक बारीकियों को समझने वाले रचनाकारों की मांग बढ़ना इसी परिवर्तन का संकेत है।

डिजिटल क्रांति ने हिंदी के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोला है। स्मार्टफोन ने भाषा की शक्ति को गांवों और छोटे शहरों तक पहुंचा दिया है। यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल मंचों पर हिंदी में सामग्री का विस्तार हुआ है। अब हिंदी केवल अखबार और पुस्तक की भाषा नहीं रही; वह वीडियो, पॉडकास्ट, शॉर्ट वीडियो, डिजिटल समाचार, ऑनलाइन शिक्षा और ई-कॉमर्स की भी भाषा बन रही है। बाजार को यह समझ आ चुका है कि भारत के करोड़ों उपभोक्ताओं से उनके अपने भाषायी संसार में संवाद किए बिना आर्थिक सफलता अधूरी रह सकती है।

लेकिन यहां भी एक विचित्र विरोधाभास दिखाई देता है। उपभोक्ता को आकर्षित करने के लिए हिंदी आवश्यक है, जबकि कॉरपोरेट प्रतिष्ठा के लिए अंग्रेजी को प्राथमिकता दी जाती है। विज्ञापन का नारा हिंदी में हो सकता है, ग्राहक सेवा हिंदी में उपलब्ध हो सकती है, सोशल मीडिया अभियान हिंदी में चल सकता है, लेकिन कंपनी की मूल व्यावसायिक भाषा अंग्रेजी ही रहती है। क्या यह हिंदी के साथ भेदभाव है? इसे सीधे षड्यंत्र कहना कठिन होगा, लेकिन इसे भाषायी असमानता अवश्य कहा जा सकता है।

# हिन्दी
# भाषा से बढ़कर एक सांस्कृतिक पहचान

महेन्द्र तिवारी


भारत विविधताओं का देश है। यहां अलग-अलग प्रदेश, बोलियां, वेशभूषाएं, खान-पान, लोक परंपराएं और भाषाएं हमारी सांस्कृतिक समृद्धि का परिचय देती हैं। इस विविधता के बीच हिन्दी ऐसी भाषा के रूप में सामने आती है, जिसने देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को आपस में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी केवल विचारों को व्यक्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज की संवेदना, संस्कृति, साहित्य और जीवन मूल्यों को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त भाषा भी है। प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाने वाला हिन्दी दिवस इसी भाषा के महत्व, उसके विकास और उसके सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर प्रदान करता है।

14 सितंबर का दिन हिन्दी के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा के संबंध में प्रावधान किया गया है। इसी ऐतिहासिक निर्णय की स्मृति में 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी के राजभाषा संबंधी संवैधानिक स्वरूप और उसके प्रयोग से जुड़े प्रावधानों को भारत सरकार के राजभाषा विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं द्वारा निरंतर आगे बढ़ाया जाता रहा है।

यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य को समझना आवश्यक है कि हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा नहीं, बल्कि संघ की राजभाषा है। भारतीय संविधान ने किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया है। भारत की भाषाई विविधता को देखते हुए संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को स्थान दिया गया है। इसलिए हिन्दी के सम्मान का अर्थ किसी दूसरी भारतीय भाषा को छोटा समझना नहीं हो सकता। हिन्दी का वास्तविक गौरव तभी बढ़ेगा, जब वह भारत की सभी भाषाओं और बोलियों के साथ सहयोग, सम्मान और समन्वय की भावना से आगे बढ़ेगी।

हिन्दी का इतिहास बहुत पुराना और व्यापक है। संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश की दीर्घ परंपरा से विकसित होती हुई हिन्दी ने विभिन्न कालखंडों में अनेक रूप ग्रहण किए। मध्यकाल में संतों और भक्त कवियों ने लोकभाषाओं के माध्यम से जनमानस तक अपनी बात पहुंचाई। कबीर, तुलसीदास, सूरदास और मीरा जैसे रचनाकारों ने भाषा को केवल साहित्य का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जनजीवन की चेतना से जोड़ दिया। उनकी रचनाओं ने यह सिद्ध किया कि किसी भाषा की शक्ति केवल उसके शब्द भंडार में नहीं होती, बल्कि उस भाषा में छिपी मानवीय संवेदना और समाज को जोड़ने की क्षमता में भी होती है।

आधुनिक हिन्दी साहित्य ने भी समाज के बदलते स्वरूप को गहराई से अभिव्यक्त किया है। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने हिन्दी को आधुनिक चेतना से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महावीर प्रसाद द्विवेदी ने भाषा को व्यवस्थित और परिष्कृत रूप देने में योगदान




दिया। प्रेमचंद ने किसान, मजदूर, स्त्री, गरीब और शोषित वर्ग के जीवन को साहित्य के केंद्र में लाकर हिन्दी कथा साहित्य को नई दिशा दी। मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा जैसे साहित्यकारों ने हिन्दी कविता को व्यापक ऊंचाई प्रदान की। आगे चलकर अनेक कहानीकारों, उपन्यासकारों, निबंधकारों और कवियों ने हिन्दी को समाज की बदलती संवेदनाओं का सशक्त माध्यम बनाया।

हिन्दी की सबसे बड़ी विशेषताओं में उसकी ग्रहणशीलता भी शामिल है। समय के साथ हिन्दी ने अनेक भारतीय भाषाओं और बोलियों से शब्द ग्रहण किए तथा अपने शब्द भंडार को समृद्ध बनाया। यही कारण है कि हिन्दी एक जीवंत भाषा के रूप में निरंतर बदलती रही है। भाषा यदि समय के साथ नहीं बदलती तो वह धीरे-धीरे जीवन से दूर हो जाती है। हिन्दी की शक्ति इसी में है कि वह नई परिस्थितियों, नए विचारों और नई सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता रखती है।

आज हिन्दी का विस्तार भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। विश्व के अनेक देशों में हिन्दी पढ़ी, लिखी और बोली जाती है। प्रवासी भारतीयों ने भी हिन्दी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिन्दी साहित्य, भारतीय संस्कृति, चलचित्र, संगीत और धार्मिक साहित्य के माध्यम से हिन्दी की पहुंच विश्व के अनेक हिस्सों तक हुई है। 10 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व हिन्दी दिवस भी हिन्दी के अंतरराष्ट्रीय प्रचार और प्रसार की भावना से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार 14 सितंबर का हिन्दी दिवस जहां भारत में हिन्दी के संवैधानिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित करता है, वहीं विश्व हिन्दी दिवस हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

हिन्दी दिवस के अवसर पर विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों और साहित्यिक संस्थाओं में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। निबंध लेखन, कविता पाठ, भाषण, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी, कहानी लेखन और साहित्यिक गोष्ठियों के माध्यम से हिन्दी के प्रति रुचि पैदा करने का प्रयास किया जाता है। सरकारी कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित होती हैं। भारत सरकार का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा संबंधी नीतियों के क्रियान्वयन से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व निभाता है।

लेकिन हिन्दी दिवस की सार्थकता केवल एक दिन आयोजित होने वाले समारोहों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यदि वर्ष भर सरकारी कामकाज, शिक्षा, व्यापार, विज्ञान, न्याय, तकनीक और सामान्य जीवन में हिन्दी का सहज और प्रभावी प्रयोग बढ़े, तभी हिन्दी दिवस का उद्देश्य वास्तविक रूप से पूरा होगा। केवल हिन्दी के सम्मान में भाषण देना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हिन्दी में उच्च गुणवत्ता की पुस्तकें उपलब्ध हों, विद्यार्थियों को सरल और उपयोगी अध्ययन सामग्री मिले तथा विज्ञान और तकनीकी विषयों की जानकारी भी सहज हिन्दी में उपलब्ध कराई जाए।

आज का युग तीव्र परिवर्तन का युग है। ज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में प्रतिदिन नई जानकारी सामने आ रही है। ऐसे समय में हिन्दी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आधुनिक ज्ञान की भाषा कैसे बने। चिकित्सा, विज्ञान, अंतरिक्ष, विधि, अर्थशास्त्र, प्रशासन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में हिन्दी में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का विस्तार आवश्यक है। यदि विद्यार्थी अपनी भाषा में जटिल विषयों को समझ सकें तो शिक्षा अधिक सहज और प्रभावी बन सकती है। इसके लिए केवल अनुवाद पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि मौलिक हिन्दी लेखन को भी प्रोत्साहित करना होगा।

हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी केवल सरकार या साहित्यकारों की नहीं है। प्रत्येक हिन्दी भाषी और हिन्दी प्रेमी व्यक्ति इसमें अपनी भूमिका निभा सकता है। घर में बच्चों से हिन्दी में बातचीत करना, अच्छी हिन्दी की पुस्तकें पढ़ना, शुद्ध और सहज भाषा में लिखना, हिन्दी साहित्य को पढ़ने की आदत विकसित करना और सार्वजनिक जीवन में हिन्दी के सम्मानजनक प्रयोग को बढ़ावा देना छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं। भाषा का भविष्य केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि उसके बोलने और लिखने वालों के व्यवहार से तय होता है।

हिन्दी को लेकर एक और बात समझना जरूरी है कि हिन्दी का विकास भारतीय भाषाओं के विरोध में नहीं, बल्कि उनके साथ मिलकर होना चाहिए। भारत की प्रत्येक भाषा अपने भीतर सदियों की संस्कृति और ज्ञान परंपरा समेटे हुए है। हिन्दी को यदि व्यापक संपर्क भाषा के रूप में आगे बढ़ना है तो उसे दूसरी भाषाओं के प्रति सम्मान और सहअस्तित्व की भावना रखनी होगी। हिन्दी की समृद्धि तभी वास्तविक होगी, जब वह भारतीय भाषाई परिवार की विविधता को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ेगी।

आज आवश्यकता ऐसी हिन्दी की है जो सरल हो, सहज हो, आधुनिक ज्ञान से जुड़ी हो और आम नागरिक के जीवन में उपयोगी हो। ऐसी हिन्दी जो साहित्य की गरिमा के साथ विज्ञान की भाषा भी बन सके, प्रशासन की भाषा के साथ जनसंवाद की भाषा भी बने और देश के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों के बीच संवाद का माध्यम भी बने। हिन्दी को कठिन और बोझिल बनाने के बजाय उसे जनसुलभ बनाना समय की मांग है।

हिन्दी दिवस हमें अपने भाषा संबंधी दायित्वों की याद दिलाता है। यह केवल हिन्दी बोलने या लिखने पर गर्व करने का दिन नहीं है, बल्कि यह विचार करने का अवसर भी है कि हम हिन्दी को अपने जीवन में कितना स्थान दे रहे हैं। भाषा तभी जीवित रहती है, जब उसका प्रयोग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में होता है। इसलिए हिन्दी का सम्मान केवल समारोहों में नहीं, बल्कि व्यवहार में दिखाई देना चाहिए।

हिन्दी भारत की सांस्कृतिक चेतना की महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। इसमें गांव की मिट्टी की सुगंध भी है, शहर की बदलती जिंदगी की धड़कन भी है, लोकगीतों की मिठास भी है और आधुनिक विचारों की ऊर्जा भी। हिन्दी दिवस इसी जीवंत परंपरा को आगे बढ़ाने का अवसर है। हमें हिन्दी को लेकर गर्व अवश्य करना चाहिए, लेकिन यह गर्व दूसरी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान के साथ होना चाहिए। जब हिन्दी ज्ञान, साहित्य, प्रशासन, शिक्षा और जनसंवाद की प्रभावी भाषा बनेगी तथा भारतीय भाषाओं के साथ मिलकर आगे बढ़ेगी, तभी हिन्दी दिवस का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। भाषा का सम्मान अंततः अपनी संस्कृति, अपनी स्मृतियों और अपनी जड़ों का सम्मान है। इसलिए हिन्दी दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि अपनी भाषाई चेतना को जागृत करने का अवसर है।


*एक उत्सव, जो हमें पाने से ज्यादा छोड़ना सिखाता है?*

# गणेशजी को पूजते हैं, क्या उनके संदेश को जीते भी हैं?

## श्रद्धा से आगे क्या हम गणेशजी की सीख तक पहुँचते हैं?

हर वर्ष गणेशजी का आगमन केवल उत्सव नहीं, स्वयं से मिलने का अवसर भी होता है। गणेश चतुर्थी आस्था, आनंद और सामूहिकता का ऐसा पर्व है, जिसका अर्थ हर बार नई दृष्टि से खुलता है। गणेशजी का स्वरूप ही जीवन का गहरा दर्शन समेटे है–हाथी का मस्तक, मानव देह, एकदंत, विशाल उदर और साथ में मूषक। यह विलक्षण रूप बताता है कि जीवन की सुंदरता एकरूपता में नहीं, विविधताओं को सम्मानपूर्वक स्वीकारने में है। जब मनुष्य स्वयं को पूर्ण और सफल दिखाने की दौड़ में रहता है, तब गणेश चतुर्थी याद दिलाती है कि अधूरापन जीवन की स्वाभाविक सच्चाई है, कमी नहीं। अपनी कमियों को स्वीकारकर उन्हें आत्मविकास की शक्ति बनाना ही वास्तविक सामर्थ्य है। मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा इसी भाव को साकार करती है।

गणेशजी का वाहन मूषक भी अपने भीतर जीवन का सूक्ष्म संदेश समेटे है। चंचलता और निरंतर सक्रियता का प्रतीक मूषक आज के मनुष्य की भागती इच्छाओं का भी प्रतिबिंब है। डिजिटल संसार ने जानकारी, संपर्क और अवसर बढ़ाए हैं, तो लाइक्स, प्रशंसा, प्रसिद्धि और त्वरित संतुष्टि की चाह भी बढ़ी है। यही चाह कई बार मनुष्य को स्वयं से दूर कर देती है। गणेशजी के चरणों में बैठा मूषक याद दिलाता है कि इच्छाएं स्वाभाविक हैं, पर उनका संयम आवश्यक है। छोटी इच्छाओं और आकर्षणों पर विवेक का नियंत्रण ही मन को स्थिर रखता है। जीवन की सच्ची उपलब्धि अधिक पाने में नहीं, बल्कि जो मिला है उसमें संतोष, संयम और संतुलन खोजने में है।



मिट्टी से गणेश प्रतिमा का बनना और फिर उसी मिट्टी में विलीन हो जाना जीवन की क्षणभंगुरता और प्रकृति से हमारे अटूट संबंध का मार्मिक संदेश है। मिट्टी प्रकृति से आती है, आकार पाती है, श्रद्धा का केंद्र बनती है और अंततः प्रकृति में लौट जाती है। यही चक्र सिखाता है–परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है। फिर भी मनुष्य धन, वस्तुओं, प्रतिष्ठा और उपलब्धियों को स्थायी मानकर उनसे मोह बाँध लेता है। गणेश-विसर्जन केवल विदाई नहीं, आसक्ति छोड़ने की सहज आध्यात्मिक सीख भी है। साथ ही यह स्मरण कराता है कि प्रकृति से लिया हर संसाधन सम्मान, संवेदना और जिम्मेदारी की माँग करता है। प्रकृति का सम्मान ही हमारी जीवनशैली का संस्कार बने।

गणेशजी का एकदंत स्वरूप जीवन का गहरा सत्य कहता है–पूर्णता हमेशा हमारी अपेक्षाओं जैसी नहीं होती। परिस्थितियाँ बदलती हैं, योजनाएँ अधूरी रह जाती हैं और उपलब्धि के लिए कई बार त्याग करना पड़ता है। हम असफलता और नुकसान को सहज नहीं मानते, पर एकदंत सिखाता है कि कोई कमी हमारी पूरी पहचान नहीं बन सकती। अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना ही शक्ति है। कला, विज्ञान और नवाचार भी प्रयोग, असफलता और अधूरे प्रयासों से आगे बढ़ते हैं। इसलिए हर अधूरा प्रयास अंत नहीं, अगले प्रयास की नींव है। जीवन की कमी को कमजोरी नहीं, आगे बढ़ने की प्रेरणा बनाना ही एकदंत का संदेश है।

गणेशोत्सव का सामूहिक स्वरूप भारतीय सामाजिक जीवन की बड़ी ताकत सामने लाता है। पंडालों में अलग-अलग आयु, वर्ग और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। सामूहिक आरती, दर्शन, प्रसाद और उत्सव दूरियाँ मिटाकर आत्मीयता बढ़ाते हैं। जब व्यस्त जीवन और डिजिटल माध्यमों ने प्रत्यक्ष संवाद सीमित कर दिया है, ऐसे अवसर सामाजिक जुड़ाव को नई ऊर्जा देते हैं। मोदक और प्रसाद बाँटना केवल परंपरा नहीं, खुशी साझा करने की सुंदर भावना है। गणेशोत्सव याद दिलाता है कि समाज केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं, सहयोग, सम्मान और सहभागिता से समृद्ध होता है। साथ मनाया गया उत्सव यह एहसास जगाता है कि हम अकेले नहीं, एक बड़े सामाजिक परिवार का हिस्सा हैं।

गणेशजी बुद्धि और विवेक के आराध्य हैं। उनका विशाल उदर जीवन के विविध अनुभवों को सहजता से स्वीकारने का प्रतीक है। ज्ञान केवल तर्क और जानकारी नहीं; उसमें अनुभव, कल्पना, संवेदना और परिस्थितियों को समझने की क्षमता भी शामिल है। आधुनिक जीवन में हर चीज को निश्चित और व्यवस्थित रखने की चाह कई बार नए विचारों की राह रोक देती है। सृजन के लिए प्रश्न, प्रयोग और अनिश्चितता को स्वीकारना भी जरूरी है।

गणेशजी का स्वरूप संतुलित बुद्धि की प्रेरणा देता है–विवेक के साथ कल्पना, अनुशासन के साथ सहजता और ज्ञान के साथ संवेदनशीलता। यही संतुलन व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की प्रगति की सच्ची आधारशिला है।

उत्सव के बाद का विसर्जन और उसके बाद पसरा सन्नाटा भी गहरा संदेश देता है। जहाँ कुछ दिन पहले उत्साह, संगीत, प्रकाश और सामूहिकता थी, वहाँ अचानक खालीपन दिखाई देता है। यह खालीपन उदासी नहीं, ठहरकर स्वयं को देखने का अवसर है। हर उत्सव के बाद सामान्य दिन लौटते हैं और यही जीवन में संतुलन सिखाते हैं। प्रतिमा के विसर्जन के साथ हम अनावश्यक आसक्तियों, पुरानी आदतों और नकारात्मक भावनाओं को भी पीछे छोड़ने का संकल्प ले सकते हैं। खाली पंडाल याद दिलाता है कि हर अंत में नई शुरूआत छिपी है। कई बार शून्य ही नई रचना के लिए सबसे जरूरी जगह बनता है।

गणेश चतुर्थी केवल आस्था का पर्व नहीं, जीवन को समझने का अवसर है। गणेशजी का स्वरूप विविधताओं को स्वीकारना सिखाता है; एकदंत अपूर्णता में आगे बढ़ने, मूषक इच्छाओं पर संयम रखने, मिट्टी और विसर्जन प्रकृति, परिवर्तन व अनासक्ति को समझने, सामूहिक आरती आत्मीयता जगाने और विशाल उदर जीवन के हर अनुभव को स्वीकारने का संदेश देता है। विसर्जन के बाद का शून्य भी नई शुरूआत की जगह बनता है। यही इस पर्व का सार है–विघ्नों से मुक्ति की प्रार्थना के साथ विवेक, संतुलन, संवेदना और सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प। गणेशजी के चरणों में अपनी इच्छाओं के साथ अपनी अधूरी कहानियाँ रखना ही इस पर्व की सच्ची आत्मीयता है; क्योंकि पूर्णता कमी मिटाने में नहीं, उसे स्वीकारकर बेहतर बनने की निरंतर यात्रा में है।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

## तंत्र सोता रहा...!

जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा,
दीवारों की दरारें खूब चीखती रहीं,
हमेशा शहर खामोश होता रहा।
किसी छत ने पहले ही कहा था-
"अब मुझमें दम नहीं है,"
किसी खंभे ने भी काँपकर पूछा था-
"क्या? मेरा भी कोई गम नहीं है?"
फाइलों के नीचे दबा, सवाल सोता रहा,
जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा।

हर बारिश में रिसती थी छत,
गर्मी में तपती दीवार, मरम्मत के नाम,
बनता रहा कागजी संसार।
निरीक्षण की मुहर लगती रही,
जिम्मेदारी टलती रही,
जब तक दीवार खड़ी थी,
सबको वह "इमारत" दिखाई दी,
गिरी तो अचानक सबने कहा-
"हमें तो पहले से आशंका थी।"
जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200


अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10.08 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण

## गौतमबुद्धनगर में 10,08,279 वाद निस्तारित, न्यायिक अधिकारियों ने 76,954 मामलों का किया निपटारा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित लोक अदालत में कुल 10,08,279 मामलों का निस्तारण किया गया।



अधिकारियों द्वारा 76,954 वादों का निस्तारण किया गया। इनमें समझौते के माध्यम से बड़ी संख्या में मामलों

जनपद न्यायालय के न्यायिक का समाधान किया गया। नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 5,160, पुलिस विभाग द्वारा 32,089 तथा चिकित्सा विभाग द्वारा 1,00,045 मामलों का निस्तारण किया गया।

यातायात विभाग ने सर्वाधिक 4,00,263 मामलों का निस्तारण किया, जबकि जिलाधिकारी के अधीनस्थ विभागों द्वारा 4,76,181 मामलों का निस्तारण किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी 9,31,325 मामलों का निस्तारण हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।
सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# कुपोषण की छाया से बाहर निकला नन्हा विराज

## समय पर पहचान, पोषण परामर्श और नियमित निगरानी से बदली स्वास्थ्य स्थिति

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 13 सितंबर। प्रदेश सरकार के कुपोषण-मुक्त अभियान के तहत समय पर पहचान और नियमित निगरानी से गौतमपुरी दादरी के नन्हे विराज की स्वास्थ्य स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अगस्त 2025 में जन्मे विराज की नौ माह की आयु में जांच के दौरान उसे मध्यम तीव्र कुपोषण की श्रेणी में पाया गया था।

आंगनवाड़ी कार्यकत्री सीमा गौतम ने परिवार से निरंतर संपर्क रखते हुए बच्चे के संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता और नियमित



देखभाल के संबंध में परामर्श दिया। परिवार ने भी इन सुझावों को अपनाते हुए बच्चे के खान-पान और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया।
लगातार दो से तीन माह तक निगरानी और पोषण संबंधी देखभाल के बाद अगस्त 2026 में हुए पुनर्मूल्यांकन में विराज कुपोषण की श्रेणी से बाहर निकलकर सामान्य स्वास्थ्य की दिशा में आगे बढ़ चुका था।

विराज की कहानी बताती है कि समय पर पहचान, उचित पोषण, नियमित निगरानी और परिवार की सक्रिय भागीदारी से बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस जैसे कार्यक्रम बच्चों की पोषण स्थिति की समय पर पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

## आबकारी विभाग और इकोटेक-3 पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 30 पव्वे बरामद

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना इकोटेक-3 पुलिस की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान शहजाद पुत्र शहाबुद्दीन और इम्तियाज पुत्र सलीम को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से चेतन देशी



शराब मसाला ब्रांड के 30 पव्वे, प्रत्येक 200 मिलीलीटर, कुल छह बल्क लीटर शराब बरामद की गई।

आबकारी विभाग के अनुसार आरोपी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे थे। दोनों के खिलाफ थाना इकोटेक-3 में संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत की गई।

# फ्लैट-मकानों में चोरी करने वाला शातिर अंतर्जनपदीय आरोपी गिरफ्तार

## चोरी की ज्वैलरी, 8,910 रुपये नकद, मोटरसाइकिल और लोहे की सरिया बरामद; आरोपी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने फ्लैट और मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर अंतर्जनपदीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की पीली और सफेद धातु की ज्वैलरी, 8,910 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक लोहे की सरिया बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 12 सितंबर 2026 को स्थानीय सूचना और गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए जितेंद्र पुत्र शीशपाल को सफाबाद स्थित मुखिया मार्केट के सामने कच्चे रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मूल रूप से ग्राम अनवरपुर, थाना पिलखुआ, जनपद हापुड़ का रहने वाला है और वर्तमान में न्यू कोंडली, थाना न्यू अशोक नगर, पूर्वी दिल्ली में रह रहा था।

# 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर मनाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह

## आहार विविधता, पर्याप्त प्रोटीन और स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 13 सितंबर। प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से 9वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस वर्ष इसकी मुख्य थीम 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' रखी गई है। अभियान के तहत आंगनवा ड़ी केंद्रों को पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास के प्रति जन-जागरूकता का केंद्र बनाया जा रहा है।

बाल विकास परियोजना बिसरख के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मुबारकपुर में 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पहले सप्ताह में 'आहार



विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन' पर जोर देते हुए पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन, पोषण मेला, बच्चों का वृद्धि मापन और पोषण वाटिका की उपज के उपयोग को बढ़ावा दिया गया।

अभियान के दौरान आंगनवाड़ी प्रबंधन समिति की बैठक, स्वच्छ आंगनवाड़ी के लिए श्रमदान और पोषण आहार सूची का प्रदर्शन भी किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पंजीकरण, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और योजना की किश्तों को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा बच्चों और महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा बाल विकास से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# अवैध शराब की बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार

## आबकारी विभाग और इकोटेक-3 पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 30 पव्वे देशी शराब बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना इकोटेक-3 पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए निर्धारित देशी शराब के 30 पव्वे बरामद किए गए।

उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर




के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 सितंबर को आबकारी विभाग की टीम ने थाना इकोटेक-3 पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान टीम ने शहजाद पुत्र शहाबुद्दीन और इम्तियाज पुत्र सलीम को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा। दोनों के कब्जे से चेतन देशी शराब मसाला ब्रांड के 30 पव्वे बरामद हुए। प्रत्येक पव्वे की धारिता 200 मिलीलीटर है। बरामद शराब की कुल मात्रा छह बल्क लीटर बताई गई है।

### संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज

आबकारी विभाग के अनुसार दोनों आरोपी बरामद शराब को अवैध रूप से बेच रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध थाना इकोटेक-3 में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस और आबकारी विभाग की ओर से मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### लगातार जारी है विशेष प्रवर्तन अभियान

जिला आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में अवैध शराब की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। संदिग्ध स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के साथ पुलिस के सहयोग से संयुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ इससे होने वाले संभावित नुकसान को रोकना है।

# नोएडा प्राधिकरण का विकास! टूटी सड़कें और उफनते सीवर से सेक्टर-130 के लोग परेशान

## आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष ने कहा- वर्षों से शिकायत के बावजूद स्थायी समाधान नहीं, दुर्गंध और गंदगी से बढ़ रहा बीमारी का खतरा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-130 में टूटी सड़कों, क्षतिग्रस्त लोहे के जाल और सीवर के ओवरफ्लो की समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। सेक्टर-130 आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष अशोक चौहान ने नोएडा प्राधिकरण की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वर्षों से शिकायतों के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

अशोक चौहान के अनुसार सेक्टर के करीब पांच प्रतिशत भूखंडों की आंतरिक सड़कें खराब हैं और कई स्थानों पर लोहे के जाल टूटे पड़े हैं। वहीं कई जगह सीवर का पानी सड़क पर उफनने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। सीवर से निकलने वाली दुर्गंध के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने इससे बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका जताई है।

### वर्षों से सफाई का इंतजार

आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष का कहना है कि सीवर लाइनों की सफाई की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं





### शिकायतों का जवाब नहीं मिलने का आरोप

अशोक चौहान ने आरोप लगाया कि अब शिकायतों का जवाब भी समय से नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासी लंबे समय से सड़क मरम्मत, टूटे लोहे के जाल

हुआ। उन्होंने कहा कि कभी सफाई मशीन उपलब्ध नहीं होने तो कभी कर्मचारियों की कमी का हवाला दिया जाता है।

उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि सीवर सफाई से संबंधित कार्यों के लिए निविदा कब जारी होती है और कब समाप्त हो जाती है, इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी ही दे सकते हैं। उनका कहना है कि केवल कार्यालयों में बैठकर समस्याओं का समाधान संभव नहीं है, अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करना चाहिए।

बदलने और सीवर के पानी की समस्या दूर करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़कों और खुले या क्षतिग्रस्त जाल के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं सीवर के पानी और दुर्गंध से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

आरडब्ल्यूए ने नोएडा प्राधिकरण से मांग की है कि सेक्टर-130 की आंतरिक सड़कों की तत्काल मरम्मत, क्षतिग्रस्त लोहे के जालों को बदलने और सीवर ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए

# बंधक बनाए गए व्यक्ति को पुलिस ने सकुशल बरामद किया, दो आरोपी गिरफ्तार

## सेक्टर-113 पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी के पास से तमंचा-कारतूस और दूसरे से चाकू बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को बंधक बनाए जाने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर बंधक बनाए गए व्यक्ति को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 5 सितंबर 2026 को सफाबाद, सेक्टर-73 निवासी




अनिल कुमार तिवारी पूजा कराने के लिए जनपद जौनपुर गए थे। आरोप है कि वहां कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें बंधक बना लिया और उनके पुत्र से रुपये की मांग की। अनिल कुमार के वापस नहीं लौटने पर उनके पुत्र ने 9 सितंबर को थाना सेक्टर-113 में गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया और उनकी बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित की।

### मुखिया मार्केट के पास से गिरफ्तारी

पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर 11/12 सितंबर की रात कच्चे रास्ते पर मुखिया मार्केट के पास कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अनिल कुमार तिवारी को सकुशल बरामद कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष यादव उर्फ बाबा पुत्र सत्यनारायण, निवासी ग्राम मशीदा, थाना सिकरारा, जनपद जौनपुर तथा प्रवेश यादव उर्फ गोरे पुत्र हरपाल यादव, निवासी ग्राम मशीदा, थाना सिकरारा, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

### तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद

पुलिस के अनुसार आशीष यादव के कब्जे से .315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं प्रवेश यादव के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।

इस संबंध में थाना सेक्टर-113 में मुकदमा अपराध संख्या 407/2026, धारा 127(7)/140 बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई से बंधक बनाए गए व्यक्ति की सकुशल बरामदगी होने पर उसके परिजनों ने राहत की सांस ली।

# विवाद को लेकर हंगामा कर रहे दो युवक शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार

## पुलिस ने दोनों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष किया पेश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम छौलस में पूर्व में दर्ज मुकदमे को लेकर विवाद और कहासुनी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों युवक समझाने के बावजूद शांत नहीं हुए और उत्तेजित होकर मारपीट पर आमादा हो रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जुनैद पुत्र निजाम, उम्र करीब 25 वर्ष और साहिल पुत्र निजाम, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी ग्राम छौलस, थाना जारचा,




गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है।
पुलिस के मुताबिक दोनों अपने ही गांव के शमशाद से पूर्व में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 156/2026, धारा 115(2), 352 और 351(2) बीएनएस को लेकर विवाद एवं कहासुनी कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने दोनों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत नहीं हुए और उत्तेजित होकर मारपीट पर आमादा होने लगे। इस दौरान शमशाद शांत खड़ा था और विवाद से बचने का प्रयास कर रहा था।

स्थिति बिगड़ने और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को धारा 170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत गिरफ्तार कर हिरासत में लिया। आवश्यक कार्रवाई उपनिरीक्षक दिव्यम सिंह द्वारा की गई। दोनों आरोपियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्धनगर के समक्ष पेश किया गया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# गैंगस्टर एक्ट में दो साल से फरार 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

## नोएडा पुलिस ने मुंबई से दबोचा, लूट और चोरी के मामलों में भी रहा है आरोपी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में करीब दो वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय कुर्ला, मुंबई में पेश कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया और आवश्यक कार्रवाई के लिए नोएडा लाया।

पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर 2026 को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने स्थानीय खुफिया तंत्र और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से वांछित अभियुक्त फिरोज अहमद पुत्र नियाज अली को हनुमान नगर, कुर्ला पूर्व, थाना देवनार, मुंबई क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी अपने सह अभियुक्तों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर लूट और चोरी जैसे अपराध करता था। इस संबंध में थाना फेस-3 नोएडा में



मुकदमा अपराध संख्या 242/2024, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से फिरोज लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए मुंबई में छिपकर रह रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से उसकी लोकेशन की जानकारी जुटाई और मुंबई पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

फिरोज अहमद पुत्र नियाज अली, निवासी ग्राम सुजिया, पोस्ट व थाना गौर, जिला बस्ती। वर्तमान पता हनुमान नगर, कुर्ला पूर्व, मुंबई बताया गया है।

### आपराधिक इतिहास

पुलिस के अनुसार फिरोज अहमद के खिलाफ निम्न मामले दर्ज हैं–
मुकदमा अपराध संख्या 242/2024, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट, थाना फेस-3, नोएडा।
मुकदमा अपराध संख्या 18/2024, धारा 379/411 भादवि, थाना फेस-3, नोएडा।
मुकदमा अपराध संख्या 31/2024, धारा 307/411/420/482/34 भादवि तथा धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम, थाना फेस-3, नोएडा।

# सत्यवती मिश्रा को राजनाथ सिंह ने दी श्रद्धांजलि

## कलराज मिश्र के नोएडा आवास पहुंचे रक्षा मंत्री, शोकाकुल परिवार से मिलकर जताई संवेदना



समाज जागरण

नोएडा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा के निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके नोएडा स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत सत्यवती मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

श्रीमती सत्यवती मिश्रा का बीती रात नोएडा में निधन हो गया था। वह 79 वर्ष की थीं। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वह शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हैं।

इससे पूर्व बुधवार को श्रीमती सत्यवती मिश्रा का अंतिम संस्कार नोएडा के सेक्टर-94 स्थित अंतिम संस्कार स्थल पर किया गया। उनके छोटे पुत्र अमित मिश्रा ने मुखाग्नि दी। परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

### भाजपा नेताओं ने भी दी श्रद्धांजलि

सत्यवती मिश्रा के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने कलराज मिश्र के नोएडा स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, नोएडा जिला अध्यक्ष महेश चौहान, गौतमबुद्धनगर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला महामंत्री अमित त्यागी, ओमवीर अवाना और संजय बाली समेत अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सत्यवती मिश्रा के सहज और स्नेहपूर्ण व्यक्तित्व को लोगों ने स्मरण करते हुए कहा कि उनका निधन परिवार और परिचितों के लिए अपूरणीय क्षति है।

# ग्रेट वैल्यू शार्नम के निवासियों का बड़ा फैसला, 19 सितंबर से आमरण अनशन

## वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग, एओए अध्यक्ष अभिषेक मित्तल बैठेंगे अनशन पर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यू शार्नम सोसाइटी के निवासियों ने वर्षों से लंबित समस्याओं और कथित अनियमितताओं के समाधान की मांग को लेकर बड़ा फैसला लिया है। रविवार को आयोजित रेजिडेंट मीटिंग में निवासियों ने निर्णय लिया कि यदि उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं हुआ तो 19 सितंबर 2026 से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

बैठक में सोसाइटी में लंबे समय से लंबित सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिफेक्ट्स, विभिन्न डेफिशिएंसीज और बिल्डर से जुड़े विवादित मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों और अधिकारियों से संपर्क के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

निवासियों ने आरोप लगाया कि बिल्डर द्वारा नए प्रोजेक्ट के लिए सोसाइटी में पहले से निर्मित कुछ स्ट्रक्चर को हटाने या तोड़ने का प्रयास किया जाता रहा है। उनका कहना है कि प्रत्येक बार निवासी मौके पर पहुंचकर ऐसे कार्यों का विरोध करते रहे हैं। इसके अलावा, ग्रीन बेल्ट पर कथित अतिक्रमण के मामले में भी नोएडा प्राधिकरण की कार्रवाई को लेकर निवासियों ने नाराजगी जताई।

बैठक में एओए से जुड़े विवादित आदेश और एओए के खिलाफ दर्ज एफआईआर का मुद्दा भी उठाया गया। निवासियों ने इन कार्रवाइयों को लेकर असंतोष जताते हुए निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की।

### 19 सितंबर से शुरू होगा आमरण अनशन

रेजिडेंट मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एओए अध्यक्ष अभिषेक मित्तल 19 सितंबर से आमरण अनशन पर बैठेंगे। सोसाइटी के अन्य निवासी भी बारी-बारी से अनशन में शामिल होकर उनका समर्थन करेंगे।

# बच्चों ने देखी संत नीम करौरी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश

फिल्म के माध्यम से बच्चों को मिला आध्यात्मिकता, अनुशासन और संस्कारों का संदेश



**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल परिहार की अध्यक्षता में विगत दिनों सरकारी विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा डी.डी. भारत सिनेमा घर में संत नीम करौरी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश देखी गई थी। इस पहल से प्रेरित होकर सेंट एस.डी. मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी शनिवार, 12 सितंबर 2026 को डी.डी. भारत सिनेमा घर में यह फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से बच्चों को महान संत बाबा नीम करौरी महाराज के जीवन, उनके आध्यात्मिक विचारों तथा भगवान हनुमान जी के प्रति उनकी अटूट आस्था से परिचित होने का अवसर मिला। बच्चों ने फिल्म के माध्यम से अनुशासन, संस्कार, सेवा, सद्भावना और आध्यात्मिक जीवन के महत्व को समझा।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें प्रेरणादायक एवं संस्कारपूर्ण गतिविधियों से जोड़ना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार की फिल्में बच्चों में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक होती हैं।

फिल्म देखने के बाद बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें संत नीम करौरी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने तथा भगवान हनुमान जी की भक्ति एवं शक्ति के बारे में जानने का विशेष अवसर मिला।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीतू शर्मा सहित शिक्षक शैलेन्द्र सेन, अतुल देव, संचिता शर्मा आदि मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।



जैसा कि सभी को पता है कि हनुमान अंश फिल्म हमारे छोटे-छोटे किरदारों द्वारा बहुत ही छोटे बजट में बनाई गई थी उन्हें भी नहीं पता था यह हमारी सनातन धर्म और आस्था पर जो मूवीस बना रहे हैं वह सफल होगी कि नहीं लेकिन कहते हैं कि आस्था में विश्वास होना बहुत जरूरी है

जिसका जीता जागता उदाहरण हनुमान अंश फिल्म है जिसने चमत्कारी रूप को दशार्ते हुए 2 करोड़ से बनाई हुई फिल्म 200 करोड़ को पार करेगी यह किसी ने नहीं सोचा यह सब हमारी आस्था और विश्वास पर ही निर्भर है और यह चमत्कार से भी काम नहीं है ईश्वर कल भी था आज भी है और आगे भी रहेगा। मैं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का महानगर अध्यक्ष होने के नाते सभी फिरोजाबाद के स्कूल संचालकों से निवेदन और आग्रह करूंगा ऐसी फिल्मों को अपने बच्चों को जरूर दिखाएं जिससे उनमें आस्था और भक्ति का प्रसार हो।



बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन और अध्यात्म से जोड़ना जरूरी प्रधानाध्यापक नीतू शर्मा ने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अनुशासन, संस्कार और अध्यात्म से भी जोड़ना आवश्यक है। इस प्रकार की प्रेरणा दायक फिल्में बच्चों के मन-मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं और उन्हें अनुशासन व आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली ऐसी फिल्मों का निर्माण निरंतर होते रहना चाहिए तथा अधिक से अधिक स्कूलों के बच्चों को ऐसी प्रेरणादायक फिल्में दिखाई जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन और आध्यात्मिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सके।

**– नीतू शर्मा, प्रधानाध्यापक**

# छह माह में ही उखड़ने लगी रामगढ़ रोड की गिट्टी, नाला भी टूटा

१.11 करोड़ रुपये के काम में मानकों की अनदेखी का आरोप, मुख्यमंत्री से जांच की मांग

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद। रामगढ़ रोड और नाले के निर्माण में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने ठेकेदार फर्म के साथ नगर निगम के संबंधित अवर अभियंता और सहायक अभियंता पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। शिकायत में पिछले तीन वर्षों में फर्म की ओर से कराए गए अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच कराने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया गया है कि रामगढ़ रोड और नाले का निर्माण करीब 2.11 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था। इसमें सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, नाला निर्माण और टीगार्ड के साथ पौधरोपण का कार्य शामिल था। आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते छह महीने में ही सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी और नाला क्षतिग्रस्त हो गया। शिकायत कर्ता का आरोप है कि नाला निर्माण के दौरान पानी रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई और चलते पानी में ही काम किया गया। पत्र के अनुसार पांच मई 2026 को नाले का एक हिस्सा टूट गया। एन-कैप योजना के तहत सड़क निर्माण के साथ पौधरोपण भी होना था। प्रस्ताव में 200 से अधिक टीगार्ड के साथ पौधे लगाने की बात थी, जबकि मौके पर केवल चार पौधे लगाए जाने का आरोप है।

**अन्य निर्माण कार्यों पर भी उठाए सवाल**

शिकायत में वार्ड नंबर 12 में नाले को छह हिस्सों में बांटकर निर्माण कराने, ककराऊ स्थित गोशाला और वार्ड नंबर 62 के अब्बास नगर में साइट पटरी पर कराए गए सीसी निर्माण में भी गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने तीन वर्षों में फर्म द्वारा कराए गए सभी निर्माण कार्यों की किसी दूसरे विभाग से गोपनीय जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, मामले को नगर निगम के अधिकारियों और बोर्ड बैठक में भी उठाया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने पर ठेकेदार की ओर से धमकी मिलने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पर्यटन मंत्री ने सुनीं जनता की शिकायतें, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

भूमि विवाद और कब्जे की शिकायतें अधिक पहुंचीं, दोबारा शिकायत आने पर अधिकारी पर कार्रवाई की चेतावनी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को अपने निज निवास सिरसागंज में जनता दर्शन लगाया। इस दौरान उन्होंने जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भूमि विवाद, अतिक्रमण और कब्जे से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक पहुंचीं। इस पर मंत्री ने जिलाधिकारी के माध्यम से एसडीएम और सीओ सिरसागंज को निर्देश दिए कि थाना दिवस में ऐसे मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी जाए। टीम जांच कर शिकायतों का निस्तारण करे और इसकी अनुपालन आख्या भी उपलब्ध कराई जाए। अधिकारियों से फोन पर भी कराया शिकायतों का निस्तारण जनता दर्शन के दौरान मंत्री ने कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों से फोन पर सीधे वार्ता की और शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायत का निस्तारण होने के बाद शिकाय तकर्ता को भी इसकी जान कारी दी जाए, ताकि उसे बार-बार अधि कारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई में बिजली बिल, पानी, राशन कार्ड, आवास योजना, आधार कार्ड, अतिक्रमण और पुलिस से संबंधित शिकायतें भी पहुंचीं। मंत्री ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ और फरियादी दोबारा उनके पास शिकायत लेकर पहुंचा तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर भाजपा ने किया मंथन।

आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, प्रभारी मंत्री की प्रेसवार्ता की तैयारियों को लेकर भी सौंपी जिम्मेदारियां।

फोटो -6

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भाजपा महानगर संगठन की बैठक रविवार को महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर के आवास पर हुई। इसमें सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाले आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा कर उनकी रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। महानगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं से अभियान के कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग लेने और संगठन की भावना के



साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में अधिक से अधिक कार्यकताओं की सहभागिता और अभियान के संदेश को लोगों तक पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की सोमवार को सर्किट हाउस में प्रस्तावित प्रेसवार्ता की तैयारियों पर भी मंथन किया गया। मीडिया समन्वय समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियां दी गईं। बैठक में महानगर महामंत्री प्रमोद पाल बघेल, आनंद अग्रवाल, देवेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष केशव सिंह फौजी, राम नरेश कटरा, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष मुन्नी देवी, महानगर मंत्री कैलाश ओझा, दुर्गेश यादव, रामलड़ती, विमलेश जाटव समेत मंडल अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एम वी प्रोफेशनल सोसाइटी द्वारा खोले गये की लर्निंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

शिक्षा के आयाम में एक नया अध्याय शुरू बच्चों को मिलेगी निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा।



**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों को रोजगारपरक कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एमवी प्रोफेशनल सोसाइटी ने पहल कर एक नए कंप्यूटर सेंटर की स्थापना की जिसका उद्घाटन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार मांमा ने फीता काटकर और मां सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित किया इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे सर्वप्रथम भारत माता और सरस्वती माता के तैलचित्र पर दीपक प्रजलित कर उद्घाटन किया गया इसके बाद स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गान शिव तांडव नृत्य देशभक्ति गीत के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया इसके बाद गणमान्य लोगों द्वारा बच्चों को अपने वचनों द्वारा आशीर्वाद दिया गया इसके बाद महासभा अध्यक्ष मुकेश कुमार मामा ने कंप्यूटर सेंटर का फीता कटकर उद्घाटन किया अखिल भारतीय माथुरवैश्य महासभा के सानिध्य में परमेश्वर गेट स्थित मढ़ावार स्कूल में निःशुल्क ई-लर्निंग सेंटर शुरू किया गया है। यहां बच्चों को एमएस ऑफिस और टैली अकाउंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेंटर में एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और टैली जैसे पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कराई जाएगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। पहला बैच आज से शुरू किया इसमें अखिल भारतीय माथुरवैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता मामा, शंकर गुप्ता, देवेंद्र बादलस ध्रुव कुमार आचार्य मनीष कुमार सीए रीता अलंकार अश्वनी गुप्ता, सुनील सेठ, मनीष अलंकार, सचिन गुप्ता सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

सीए भगवानदास गुप्ता और सीए शैलेंद्र मोहन ने कहा कि इस कार्यक्रम से फिरोजाबाद के साथ ही बाहर रह रहे स्वजातीय बंधुओं को भी जोड़ा जाएगा, ताकि जरूरतमंद बच्चों को हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। ई-लर्निंग सेंटर का संचालन एमवी प्रोफेशनल सोसाइटी करेगी। राष्ट्रीय स्तर पर सीए भगवानदास गुप्ता और सीए शैलेंद्र मोहन मार्गदर्शन किया जा रहा है फिरोजाबाद सेंटर की जिम्मेदारी अनुज गुप्ता पासा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, ध्रुव कुमार आचार्य और हरिओम गुप्ता संभाल रहे है इस अवसर पर महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉक्टर मधुरिमा गुप्ता कन्हैया लाल गुप्ता राजीव गोलस सत्यवीर गुप्ता अनिल कुमार राखी गुप्ता उदयन गुप्ता रमेश चंद एडवोकेट सम्राट गुप्ता एडवोकेट प्रदीप केला देवी राजेश गुप्ता इंडियन गिलास रामसेवक मामा यतेंद्र गुप्ता उमेश गुप्ता सोमनाथ गुप्ता के अलावा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# यूजीसी के नए नियम को लेकर विरोध, भाजपा के खिलाफ मतदान की चेतावनी

सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र, नियमावली वापस लेने की मांग

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। यूजीसी की 2026 की नियमावली को लेकर सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने विरोध जताया है। अधिवक्ता संगम प्रताप सिंह और प्रिंस जादौन ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर नियमावली को वापस लेने की मांग की है। साथ ही उन्होंने रैली निकाल कर चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले चुनावों में भाजपा के विरोध में मतदान किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि नई नियमावली से छात्रों के बीच जातीय आधार पर भेदभाव और वैमनस्य बढ़ने की आशंका है। प्रतिनिधियों का कहना है कि अपराध किसी जाति या धर्म विशेष तक सीमित नहीं है। सभी समाज में अपराध करने वाले लोग हो सकते हैं, इसलिए छात्रों को जातीय आधार पर अलग-अलग नजरिए से देखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज यदि पिछड़े वर्ग के लोगों से जाति के आधार पर भेदभाव करता तो नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव जिताने में सहयोग नहीं करता। ऐसे में छात्रों के बीच जातीय भेदभाव रोकने के नाम पर इस तरह की व्यवस्था लागू करना उचित नहीं है। पत्र में यह भी कहा गया है कि एससी-एसटी वर्ग के छात्रों को संरक्षण देने के लिए पहले से यूजीसी के नियम लागू हैं। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि नई नियमावली से बच्चों के बीच जातीय नफरत की भावना बढ़ सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री से नियमावली पर पुनर्विचार कर इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है।

# छह परिवारों के विवाद सुलझाए, साथ घर लौटे दंपती

परिवार परामर्श केंद्र में हुई काउंसिलिंग, आपसी सहमति से कराया सुलहनामा

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। परिवारों में चल रहे घरेलू विवादों को सुलझाने के लिए रविवार को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसिलिंग की गई। छह परिवारों के मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया गया। आपसी सहमति बनने के बाद सुलहनामा



कराकर सभी को साथ घर भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 के तहत परिवार परामर्श केंद्र और दीदी प्रोजेक्ट की टीम ने घरेलू विवादों की सुनवाई की। काउंसिलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याएं सुनी गईं और परिवार को साथ रखने के लिए आपसी समझ से समाधान कराया गया। समझौता होने के बाद परिवारों में खुशी का माहौल रहा। परिजनों ने पुलिस की पहल की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से घरेलू विवादों को आपसी बातचीत और समझदारी से सुलझाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

# सगाई से पहले 50 हजार रुपये लेकर युवती गायब, पुलिस ने किया बरामद

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर सगाई की तैयारियों के बीच 23 वर्षीय एक युवती घर से 50 हजार रुपये लेकर संदिग्ध परि स्थितियों में लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने पर जब कोई सुराग नहीं मिला, तो बाद में जानकारी हुई कि गांव का ही एक युवक उसे अपने साथ ले गया है। इस मामले में युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पिता के अनुसार, 9 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे उनकी पुत्री बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी। तलाश करने पर घर में सगाई के लिए रखे 50 हजार रुपये भी गायब मिले। परिजनों ने रिश्तेदारों व परिचितों के यहां तलाश की, जिसके बाद पता चला कि गांव का युवक युवती को अपने साथ ले गया है।पिता ने आरोप लगाया कि युवक के माता-पिता ने भी युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने में उसका सहयोग किया है

तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके माता-पिता समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है विवेचना अधिकारी संयम यादव ने बताया कि युवती का बयान दर्ज कराने के लिए उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# सड़क पर कब्जा और कूड़े का ढेर: ग्रामीण परेशान, प्रशासन से कार्यवाही की मांग

**दैनिक समाज में मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

मंडावर।क्षेत्र के गांव मीरापुर खादर में दयालवाला से गंगा घाट जाने वाली सड़क के किनारे अवैध कब्जे और कूड़े-कचरे के ढेर ने आम लोगों की जिंदगी दूभर कर दी है। सड़क किनारे कुड़ी (कूड़ा) और ईंधन का ढेर लगाकर कुछ लोगों ने खुलेआम कब्जा कर लिया है, जिससे सड़क लगभग पूरी तरह घिर गई है। गुजरने वाले राहगीर और ग्रामीण रोजाना इस गंदगी जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं। कूड़े की दुर्गंध और बिखरा माल न सिर्फ आवागमन में बाधा पैदा कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन गया है। जब कोई ग्रामीण इस अवैध कब्जे और गंदगी के खिलाफ आवाज उठाता है, तो कब्जा करने वाले गाली-गलौज और मारपीट पर उतर आते हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि सड़क किनारे पड़े कूड़े और कब्जे की नीयत से रखे ईंधन को तुरंत हटवाया जाए। साथ ही अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई और ऐसी हिम्मत न करे। क्या प्रशासन इस शिकायत पर ध्यान देगा या ग्रामीणों को और इंतजार करना पड़ेगा? स्थानीय लोग जल्द कार्यवाही की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला कार्यकारिणी घोषित अमजद सिद्दीकी बने कोषाध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना जनपद के नगीना में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक 13 सितंबर रविवार को पूर्व सांसद मंत्री स्वर्गीय श्रीमती ओमवती देवी जी के स्थित कार्यालय पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के सम्भावित प्रत्यासी श्री डाक्टर आजाद बैग जी के नेतृत्व में और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष श्री जगदीप सिंह कलेर जी की अध्यक्षता में हुई




जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष मिसबाबुल हसन ने किया बैठक में जिला अध्यक्ष जगदीप सिंह कलेर ने जिला कार्यकारिणी घोषित की जिले अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों को जिम्मेदारी दी गई वहीं नजीबाबाद के कर्मठ एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमजद सिद्दीकी को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया अमजद सिद्दीकी ने शीर्ष नेतृत्व और जिला अध्यक्ष सहित सभी का आभार व्यक्त किया और कहा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है में उसको पूरा करने का प्रयास करूंगा और संगठन को और मजबूत करूंगा सोशल मीडिया विभाग एवं नगर महासचिव नदीम फारूकी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नईमुल अख्तर ने नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और कहा हम सब मिलकर कांग्रेस को और मजबूत करेंगे

# सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**

किरतपुर। बिजनौर से नुमाइश देखकर देर रात बाइक से किरतपुर लौट रहे चार युवकों की बाइक सुवाहेड़ी के पास सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार किरतपुर के मोहल्ला भूड़ूढी निवासी मोहम्मद



सलमान (18) पुत्र वकील अहमद, फैसल (17) पुत्र राजू, मोहल्ला काजियान निवासी फराज (17) पुत्र सलीम तथा साहिल (17) पुत्र नजाकत कुरैशी बीती रात करीब 11:30 बजे बिजनौर नुमाइश देखकर एक ही मोटरसाइकिल से किरतपुर लौट रहे थे। ग्राम सुवाहेड़ी के निकट उनकी बाइक सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई।

हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सलमान को जॉली ग्रांट अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। साहिल को मेरठ रेफर किया गया, जबकि फराज और फैसल को बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और परिचितों की भीड़ जिला अस्पताल पहुंच गई। मृतक सलमान के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संभल में यातायात पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, 21 वाहन सीज

**समाज जागरण**



संभल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श विकास चन्द्र त्रिपाठी के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत सिंह के निर्देशन में यातायात प्रभारी जगरोशन सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा चन्दौसी चौराहा, सम्भल पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टेंपो एवं ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा बिना फिटनेस वाहन संचालित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गई। यातायात प्रभारी एवं टीएसआई अशोक कुमार द्वारा 21 वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य आरक्षी सचिन कुमार द्वारा मोडिफाइड साइलेंसर लगे 03 बुलेट मोटरसाइकिलों के विरुद्ध भी नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस द्वारा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना पुलिस की प्राथमिकता है। यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# गणेश चतुर्थी के स्थानीय अवकाश के कारण कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों में आज अवकाश

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। गणेश चतुर्थी के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा 14 सितम्बर 2026 को जनपद के कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश जनपद में संचालित सभी बोर्डों के विद्यालयों, मदरसों एवं अन्य संबंधित शैक्षणिक संस्थानों पर लागू होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों एवं मदरसों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों एवं प्रबंधकों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश के कारण यह अवकाश रहेगा। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे स्थानीय अवकाश के संबंध में जारी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# प्रवीण गोयल ने संभाली रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी के अध्यक्ष पद की कमान

समाज जागरण बागपत।



अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी, डिस्ट्रिक्ट 3100 के अधिष्ठापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण गोयल एवं उनकी कैबिनेट को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में 2026-27 की मंडल अध्यक्ष पायल गौड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि 2028-29 के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष प्रीतिश कुमार सिंह ने अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में उपस्थित होकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने रोटरी क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की तथा समाजहित में शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदों की सहायता और जनसेवा से जुड़े कार्यों को और गति देने का आह्वान किया। नव नियुक्त अध्यक्ष प्रवीण गोयल ने क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह रोटरी की सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लिए उपयोगी एवं जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर सचिव हरिओम शर्मा, कोषाध्यक्ष बिनेश रूहेला, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता व विनोद गोयल, पूर्व अध्यक्ष राजीव गोयल, संजीव शर्मा, अंकुर शर्मा, विनेश रोहिल्ला, दीपक जैन, साधुराम मित्तल, दीपक गोयल, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, राज्यपाल द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विवेक जैन, सारिका गोयल, प्रवीण चौधरी सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# बालैनी में पुलिस ने रोकी PDA साइकिल रैली, सपा नेता रवि बैंसला से पुलिस से हुई जबरदस्त नोकझोंक

## जनसैलाब के बीच पुलिस ने रैली को रोका, मुकदमे की धमकी देने का आरोप

समाज जागरण



बागपत/बालैनी। समाजवादी पार्टी के नेता रवि बैसला द्वारा आयोजित PDA साइकिल रैली को बालैनी में पुलिस ने रोक दिया। रैली में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के बाद पुलिस ने आयोजक स्थल पर ही साइकिल यात्रा को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और सपा नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।सपा नेता रवि बैसला ने आरोप लगाया कि रैली में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सरकार के इशारे पर कार्यक्रम को रोक दिया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस बल के जरिए साइकिल यात्रा को रोकने के साथ ही रैली में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी भी दी गई। बैसला ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित कार्यक्रम को रोकना जनता के अधिकारों पर हमला है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के दबाव से जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। सपा नेता ने चेतावनी दी कि लोकतांत्रिक कार्यक्रमों को रोकने के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि PDA की आवाज लगातार उठती रहेगी और लोकतंत्र की लड़ाई मजबूती के साथ जारी रहेगी। इस दौरान योगेन्द्र बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष रविन्द्र देव, मवनित बंसल, जितेन्द्र यादव, जगपाल सिंह, नदीम अल्वी, इरफान सभासद, मुरसलीन आजाद सराय, अनस मुल्तानी, साजिद रौशनगढ़, तैय्यब, कस्सार, नईम अहमद, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खेकड़ा में रामलीला झंडा पूजन और भूमि पूजन संपन्न, निकली ध्वज यात्रा

समाज जागरण



खेकड़ा। नगर में रविवार को श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा आगामी रामलीला महोत्सव के शुभारंभ के लिए झंडा पूजन एवं भूमि पूजन किया गया। कमेटी द्वारा विधि-विधान से झंडा पूजन के बाद भव्य राम ध्वज यात्रा निकाली गई। जय श्री राम के जयघोष के साथ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला स्थल गांधी पियाऊ पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर 360 ब्राह्मण समाज के सर्व खाप चौधरी पंडित नरेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मंचन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। कार्यक्रम में कमेटी के नेतराम रुहेला, पुनीत शर्मा, मुकेश गौड़, रविन्द्र कुमार, आदेश धामा, पुष्पेन्द्र कुमार, दीपक शर्मा, संजय गौड़, सन्नी गुप्ता, हेमंत चंदेला, शरदानंद पांचाल, तरुण गुप्ता, डॉ. दीपक धामा, पंडित रमेंद्र शास्त्री, अखिलेश शास्त्री सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खबर छपने के बाद जागा PWD, जेसीबी से साफ कराया परसाटोला-चैनपुर मार्ग का कीचड़

समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख



सोनभद्र। परसाटोला-चैनपुर मार्ग की बदहाली को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग (PWD) हरकत में आया। विभाग ने रविवार को जेसीबी मशीन लगाकर सड़क पर जमा कीचड़ और दलदल को साफ कराया। लंबे समय से बदहाल सड़क पर हुई इस कार्रवाई से राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को तत्काल राहत मिली है। वहीं विभागीय अधिकारियों ने जल्द ही सड़क का पक्का निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया है। बभनी ब्लॉक में परसाटोला तिराहे से चैनपुर तक करीब 300 मीटर लंबा मार्ग पिछले छह वर्षों से बदहाल पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने के साथ बरसात में कीचड़ और दलदल जमा हो जाता था। इससे पैदल चलने वाले लोगों के साथ बाइक और अन्य वाहनों को भी आवागमन में काफी परेशानी होती थी। कई बार लोग कीचड़ में फिसलकर गिर भी जाते थे। यह मार्ग चैनपुर पोखरा, मुनगा डीह, चकसानी और मचबन्धवां समेत कई गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों के मुताबिक यह उनके आवागमन का प्रमुख मार्ग है। सड़क खराब होने के कारण बरसात के दिनों में समस्या और बढ़ जाती थी। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सड़क की बदहाली को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने मामले का संज्ञान लिया। विभागीय टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से सड़क पर जमा कीचड़ और दलदल को हटवाया। सड़क की सफाई होने से फिलहाल राहगीरों को आवागमन में राहत मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि केवल कीचड़ साफ कराने से स्थायी समाधान नहीं होगा। सड़क का पक्का निर्माण जल्द कराया जाना जरूरी है,

ताकि बरसात में दोबारा यही समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने विभाग से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। इस संबंध में निर्माण खंड के जूनियर इंजीनियर जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि सड़क पर जमा कीचड़ को जेसीबी की मदद से साफ करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार से मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही परसाटोला-चैनपुर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

# जनता वैदिक कॉलेज में गूंजेगा कबड्डी का रोमांच, जुटेंगी देशभर की आठ विश्वविद्यालयी टीमें

## १५ - १६ सितंबर को होगा भव्य अंतरविश्वविद्यालयीय कबड्डी मुकाबला, चौ. चरण सिंह के विचारों पर होगी गोष्ठी

समाज जागरण



बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज में संस्था के शताब्दी वर्ष और महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह को यादगार बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को कॉलेज के अतिथि भवन में जनता वैदिक कॉलेज की प्रबन्ध समिति तथा जनता वैदिक इंटर कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबन्ध समिति की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह ने की।

बैठक में आगामी 25 और 26 सितंबर को होने वाली स्वर्गीय चौ. बृजपाल सिंह जी (सूप) की स्मृति में अंतरविश्वविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रतियोगिता में देश के चयनित आठ विश्वविद्यालयों की श्रेष्ठ कबड्डी टीमें हिस्सा लेंगी। दो दिन तक चलने वाले इस खेल आयोजन को लेकर कॉलेज प्रशासन और प्रबन्ध समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, खेल मैदान, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, यातायात, अतिथि सत्कार और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समिति के सदस्यों ने आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही किसान मसीहा भारत रत्न स्व. चौ. चरण सिंह विचार गोष्ठी के आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन कॉलेज की गौरवशाली खेल परंपरा और ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान देगा। साथ ही युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलेगा। बैठक में सचिव योगेंद्र सिंह सोलंकी, उप सचिव श्योदान तोमर, उपाध्यक्ष बुद्ध सिंह, बलवान सिंह, सतबीर सिंह, रविन्द्र प्रधान, हरबीर सिंह, कृष्णपाल सिंह, भोपाल सिंह, अरुण मान, सुनील कुमार, यतेन्द्र कुमार, विपुल तोमर, प्रभात तोमर सहित दोनों प्रबन्ध समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजन को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए जनसहभागिता और सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया।

# कांग्रेसियों ने किया पूर्व विधायक संजीव आर्य का स्वागत


समाज जागरण



बड़ौत। रविवार को आईसीसी के राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश पूर्व विधायक संजीव आर्य बड़ौत शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। पूर्व प्रदेश महा सचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह और बड़ौत शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया और संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट की।इस दौरान प्रभारी संजीव आर्य ने संगठन की मजबूती और विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज किसान, मजदूर, गरीब, दलित, शोषित, वंचितों की हालत बदतर है। बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार चरम पर है। हर वर्ग परेशान है। कांग्रेस का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ओंकार दत्त शर्मा जौनमाना, जयप्रकाश सरोहा, अशोक शर्मा, खुर्शीद आलम, रामाश पंवार, रविंद्र तोमर, शोकेन्द्र तोमर, बिजेन्द्र शर्मा, कृष्ण हरि पंवार, इरशाद आलम, मो. परवेज, नंदकिशोर शर्मा, पुनीत खोखर, रामरंग पंवार, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध उर्दू पत्रकार लियाकतुल्ला खान शेरवानी को दी गई श्रद्धांजलि

समाज जागरण



बागपत। प्रसिद्ध उर्दू पत्रकार एवं समाजसेवी लियाकतुल्ला खान शेरवानी की 8वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनकी पत्रकारिता, शिक्षा और सामाजिक सेवाओं को याद किया गया। लियाकतुल्ला खान शेरवानी ने मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से गरीब और जरूरतमंदों की मदद, मेडिकल कैंप और जनकल्याण के कई कार्य किए। उन्होंने बागपत में बालिका शिक्षा के लिए 'जामिया-तुल-मोमिनात' स्कूल की स्थापना की। कुरआन की तालीम के लिए 'दावतुल कुरआन मिशन' और उर्दू के प्रचार-प्रसार के लिए 'ऑल इंडिया उर्दू तंजीम' की स्थापना की। अपने उर्दू मासिक 'अल-मुनीर' के जरिए उन्होंने उर्दू पत्रकारिता में अहम स्थान बनाया।श्रद्धांजलि सभा में खानकाह बिलाली के पीर सैयद मौलाना बिलाल हुसैन थानवी ने कहा कि उनका जीवन इंसानियत की सेवा को समर्पित था। शहर काजी कारी हबीबुर्रहमान ने कहा कि बच्चियों की शिक्षा और उर्दू के लिए उनकी सेवाएं हमेशा याद रहेंगी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के महासचिव हाफिज मोहम्मद कासिम सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष मौलाना यामीन और उपाध्यक्ष मुफ्ती शाह आलम ने भी उनके कार्यों को सराहा। अंत में स्वर्गीय शेरवानी के लिए दुआ-ए-मगफिरत की गई।

# दुर्गा पूजा को लेकर बीजपुर क्षेत्र में तैयारियां तेज, शांतिनगर व दूधईया देवी प्रांगण में गठित हुई पूजा समितियां

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। बीजपुर मे आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बीजपुर क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार, 13 सितंबर 2026 को शांतिनगर मंदिर एवं दूधईया देवी प्रांगण में अलग-अलग बैठक आयोजित कर दुर्गा पूजा समितियों का गठन किया गया। बैठकों में पूजा आयोजन से जुड़े विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों और सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की। शांतिनगर मंदिर में आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा को व्यवस्थित एवं भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए समिति का गठन किया गया। इसमें राममिलन गुप्ता को अध्यक्ष, अशोक गुप्ता को उपाध्यक्ष, रामप्रकाश गुप्ता को महामंत्री, कमलकांत गुप्ता को मंत्री तथा आनन्द कुमार गुप्ता एवं संतोष गुप्ता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं गोपाल गुप्ता को संरक्षक और सिद्धार्थ गुप्ता को व्यवस्थापक बनाया गया। इसके अलावा राहुल यादव एवं पन्नालाल को सूचना मंत्री, रमेश, सुनील एवं दिवाकर को सक्रिय सदस्य, रामसजीवन एवं कन्हैयालाल को संगठन मंत्री तथा पन्नालाल गुप्ता, संदीप एवं अखिलेश गुप्ता को आय-व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं दूधईया देवी प्रांगण में आयोजित बैठक की अध्यक्षता इंद्रदेव सिंह ने की। बैठक में पूजा से संबंधित कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए रामायण पाठ, पंडाल निर्माण, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराने पर जोर दिया गया। दूधईया देवी पूजा समिति में शिवधारी गुप्ता एवं परसुराम को संरक्षक, गौतम वर्मा को अध्यक्ष, देवकुमार यादव को उपाध्यक्ष, रामधनी गुप्ता को महामंत्री, संतोष गुप्ता को कोषाध्यक्ष, रमेश गुप्ता को मंत्री, राममिलन गुप्ता को सह-कोषाध्यक्ष, मनीष यादव को सूचना मंत्री तथा सिद्धार्थ गुप्ता को सह-मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों स्थानों पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आपसी सहयोग और समन्वय के साथ दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप संपन्न कराने का संकल्प लिया। बैठक में पूजा पंडाल, साफ-सफाई, धार्मिक कार्यक्रमों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज करने पर सहमति बनी।

# 40 दिन से खराब ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीणों का प्रदर्शन

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक अंतर्गत के ग्राम बड़होर में कम्पोजिट विद्यालय बड़होर के सामने लगा 16 केवीए का ट्रांसफार्मर में पिछले 40 दिनों से खराब है। इससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उनकी शिकायतों को केवल कागजों पर निस्तारित कर दिया गया। 8 दिन पहले एक खराब ट्रांसफार्मर ला कर लगा दिया गया। इससे समस्या जब के तहत रही। उसके बाद भी शिकायत किया गया। लेकिन केवल ग्रामीणों को आश्वासन मिला।ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस ट्रांसफार्मर से दो सौ तीन सौ मीटर तक तार से लाइन जला रहे हैं। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की। इस प्रदर्शन में ग्रामीण सलाहुद्दीन, इनुल्लाह, इबरार अहमद, मो सफीक, फारुक जमाल, महबूब अली, मोबिन, हासिम, मोहम्मद फईम, शेर आलम, जाकीर अली, जुलेखा मोहम्मद शाबीर, शैयरुनिशा, आयशा बेगम, सितारा, खुशबुनिशा सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी फोन नहीं उठाते। बता दे कि एक महीने से बिजली न होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण सांप और बिच्छू जैसे जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि आदिवासी क्षेत्रों की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते, जिसके कारण उन्हें ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने और नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें और जहरीले जीवों के खतरे से बच सकें। इस बाबत जब बिजली विभाग के एसडीओ शिवम गुप्ता से बात करने पर बताया कि जल्द ट्रांसफार्मर बदल कर विद्युत आपुर्ति बहाल की जाएगी।

# रटौल में सपा की पीडीए पदयात्रा, बोले बिल्लू प्रधान - यूपी में बनेगी सपा सरकार

समाज जागरण



चांदीनगर। कस्बे में रविवार को समाजवादी पार्टी की पीडीए पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा रटौल बस स्टैंड गेट से शुरू होकर कस्बे का भ्रमण करते हुए वापस बस स्टैंड पर संपन्न हुई। जगह-जगह फूल-मालाओं से पदयात्रा का स्वागत किया गया। सैकड़ों लोगों ने इसमें भाग लिया। इस मौके पर सपा नेता बिल्लू प्रधान ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से परेशान है। जगह-जगह जात-पात की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है और जनता को बांटने का काम हो रहा है। जनता ने इस बार तानाशाह सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है। प्रदेश में सपा की लहर है और सपा की सरकार बनने जा रही है।इस दौरान रिजाजुद्दीन सिद्दीकी, नवाब, अवेश खान, पवन बंसल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर, 98 मरीजों की जांच

समाज जागरण

अग्रवाल मंडी टटीरी। लायंस क्लब अग्रवाल मंडी टटीरी मंडल 321 31 की ओर से रविवार को लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में निशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन और चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन लायन डॉ. रामलाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।



नेत्र चिकित्सा केंद्र के चेयरपर्सन दृष्टिदूत एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि शिविर में डॉ. दीपक शर्मा ने 98 नेत्र रोगियों की जांच की। 6 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिन्हें 14 सितंबर को लायंस नेत्र हॉस्पिटल फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली भेजा जाएगा। शिविर में 36 मरीजों के चश्मे के नंबर की जांच की गई और 12 रोगियों को निशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि आंखों की देखभाल सुनिश्चित करें, समय-समय पर जांच जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन सचिव लायन दीपक गोयल ने किया। शिविर को सफल बनाने में कुमारी सोनम चौहान, मनोज मित्तल, विभोर जिंदल, डॉ. योगेश चौधरी और डॉ. मयंक गोयल का सहयोग रहा।

# सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने गौशाला में की गौ चारा सेवा

समाज जागरण

बागपत। सारथी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा रविवार को बावली रोड स्थित गौशाला में गौ चारा सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गौशाला



में मौजूद गौवंश को हरा चारा, भूसा, आटा और गुड़ खिलाया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि संस्था समय-समय पर बेसहारा पशुओं की चिकित्सा, गौ चारा, भोजन वितरण और पौधा रोपण जैसे सामाजिक कार्य करती है। आज का कार्यक्रम भी उसी कड़ी का हिस्सा था। सचिव अनिल अरोड़ा ने बताया कि यह सेवा कार्य सभी सहयोगियों के सहयोग से सफल हो पाया है और सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास गुप्ता, अनिल अरोड़ा, सचिन खोखर, भूपेंद्र सिंह, डॉ. विनोद, प्रांजल शर्मा, प्रिंस गुप्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी वंदना गुप्ता, ममता अरोड़ा, मोनिका, आशा ग्रोवर सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# आज खेकड़ा में विराजमान होंगे लाल बाग के राजा

समाज जागरण

खेकड़ा। अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ खेकड़ा-बागपत के तत्वावधान में श्रीगणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। धर्म संघ के पंडाल में लाल बाग के राजा श्री गणेश भव्य शोभायात्रा के साथ विराजमान होंगे। धर्म संघ के



महामंत्री चौधरी उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि कल सुबह 9 बजे श्री बालाजी मंदिर से ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए अवार्चीन इंटर कॉलेज प्रांगण में स्थित धर्म संघ पंडाल पहुंचेगी, जहां पं. सुभाष चंद्र शर्मा मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणपति को विराजमान कराएंगे। उन्होंने बताया कि भगवान गणपति की प्रतिमा 10 दिनों तक पंडाल में विराजमान रहेगी। प्रतिदिन पूजा-अर्चना और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन बैंड-बाजों के साथ प्रतिमा का बहते जल में विसर्जन किया जाएगा।

# बड़ौत के दिल्ली बस अड्डा चौराहे का नाम अब घंटाघर चौराहा

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के दिल्ली बस अड्डा चौराहे को अब घंटाघर चौराहे के नाम से



जाना जाएगा। नगर पालिका परिषद ने महानगरों की तर्ज पर यहां घंटाघर स्थापित कर दिया है।नगर पालिका परिषद की यह मुहिम अब रंग ला रही है। पालिका अध्यक्ष श्रीमती बबीता तोमर ने शहर के व्यापारियों की मांग पर चौराहे पर घड़ी लगाकर इसे घंटाघर चौराहा बना दिया है। इससे शहरवासियों में खुशी का माहौल है। अब आने-जाने वाले लोगों को समय देखने के लिए घड़ी या मोबाइल नहीं देखना पड़ेगा। चौराहे पर लगी घड़ी समय बताएगी। चौराहे पर घड़ी के आसपास लाइटों की भी व्यवस्था की गई है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# 25 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, नवाचार और रोजगारपरक शिक्षा का पर्याय बना टीएमयू

## एक कॉलेज से शुरू हुई यात्रा ने 16 हजार से अधिक स्टुडेंट्स वाली यूनिवर्सिटी का रूप लिया, 14 सितंबर को 26वें वर्ष में मंगल प्रवेश

समाज जागरण

वर्ष 2001 में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टीएमआईएमटी) कॉलेज से शुरू हुई तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू),मुरादाबाद की शैक्षणिक यात्रा 14 सितंबर 2026 को अपने 25 वर्ष पूर्ण कर 26वें वर्ष में मंगल प्रवेश कर रही है। ढाई दशक की यह यात्रा केवल संस्थागत विस्तार की कहानी नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, नवाचार, कौशल विकास, रोजगार, खेल, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैश्विक शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियों की यात्रा रही है।

करीब 130 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विस्तृत हरे-भरे परिसर में आज देश के लगभग सभी प्रमुख राज्यों के साथ नेपाल और भूटान सहित विभिन्न क्षेत्रों के 16 हजार से अधिक स्टुडेंट्स शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के विभिन्न संस्थानों में 850 से अधिक अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवम् रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने में जुटे हैं। जरूरतमंद, मेधावी और जैन स्टुडेंट्स के लिए आकर्षक छात्रवृत्ति योजनाएं भी संचालित हैं।

### एक कॉलेज से यूनिवर्सिटी तक का सफर

वर्ष 2001 में कंप्यूटर, मैनेजमेंट, साइंस और तकनीकी पाठ्यक्रमों के साथ शुरू हुई यह यात्रा वर्ष 2005 में डेंटल कॉलेज और वर्ष 2008 में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ चिकित्सा शिक्षा तक पहुंची। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार से यूनिवर्सिटी की स्थापना को मंजूरी मिली। आज टीएमयू में डेंटल, मेडिकल, फामेर्सी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल साइंसेज, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, लॉ, फिजिकल एजुकेशन, एजुकेशन, फाइन आर्ट्स और एग्रीकल्चर सहित विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा उपलब्ध है। यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेजों के माध्यम से लगभग 150 स्नातक एवं परास्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया जा रहा है।

### रोजगारपरक शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष जोर

टीएमयू की शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य स्टुडेंट्स को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार और उद्यमशीलता के लिए तैयार करना रहा है। तकनीकी ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, अंग्रेजी भाषा में दक्षता और व्यावहारिक कौशल के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। वर्ष 2019 में स्टुडेंट्स के व्यावहारिक अंग्रेजी ज्ञान को और मजबूत करने के लिए परिसर में सीटीएलडी विभाग की स्थापना की गई।

देश और दुनिया में उद्योगों की बदलती जरूरतों पर नजर रखते हुए स्टुडेंट्स को इंडस्ट्री एक्सपोजर, औद्योगिक भ्रमण, गेस्ट लेक्चर और प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। देश की प्रमुख कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधि कैंपस में प्लेसमेंट के लिए पहुंचते हैं। टीएमयू के अनेक पूर्व स्टूडेंट्स देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं।





### शिक्षा के साथ चिकित्सा सेवा भी बनी पहचान

टीएमयू की प्रमुख उपलब्धियों में शिक्षा के साथ चिकित्सा सेवा का विस्तार भी शामिल है। यूनिवर्सिटी से संबद्ध टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के लिए निशुल्क उपचार, बेड और भोजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वर्ष 2008 से अब तक लाखों मरीजों का उपचार एवं पंजीकरण किया जा चुका है तथा बड़ी संख्या में जांच एवं ऑपरेशन किए गए हैं। टीएमयू मेडिकल कॉलेज में 250 एमबीबीएस सीटें हैं तथा सर्जरी सहित 13 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मान्यता प्राप्त है।

### कोविड काल में निभाई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

कोविड-19 महामारी के दौरान टीएमयू अस्पताल को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लेवल-3 कोविड अस्पताल घोषित कर अधिग्रहित किया गया था। उस समय मुरादाबाद मंडल में टीएमयू मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त कोई अन्य लेवल-3 अस्पताल नहीं था। महामारी के दौरान टीएमयू अस्पताल द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की प्रदेश स्तर पर सराहना हुई और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी यूनिवर्सिटी प्रबंधन एवं चिकित्सा टीम के प्रयासों की प्रशंसा की गई।

### नवाचार और उद्यमशीलता को संस्थागत आधार

टीएमयू ने स्टुडेंट्स में नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति विकसित करने के लिए संस्थागत स्तर पर कई पहल की हैं। यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल को शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की मेंटर-मेंटी योजना के अंतर्गत पांच प्रतिष्ठित संस्थानों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए 2.25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मिली। बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर स्टुडेंट्स के नए विचारों को स्टार्टअप और वास्तविक उद्यम में बदलने के लिए मार्गदर्शन, संसाधन और वित्तीय सहयोग उपलब्ध करा रहा है। सेंटर को स्टार्टइन यूपी, एमएसएमई, डीएसटी-आईटीबीआई और एमईआईटीवाई से मान्यता प्राप्त है। यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों में पेटेंट, शोध, प्लेसमेंट और नवाचार भी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से साझेदारी

टीएमयू ने स्टुडेंट्स को वैश्विक अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विदेशी यूनिवर्सिटीज एवम् संस्थानों के साथ शैक्षणिक साझेदारियां स्थापित की हैं। ड्यूल डिग्री, ज्वाइंट डिग्री, क्रेडिट ट्रांसफर और स्टुडेंट एक्सचेंज जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से स्टुडेंट्स को अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर दिया जा रहा है। फिलीपींस, ब्राजील, फ्रांस और यूके के संस्थानों सहित विभिन्न विदेशी संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आईआईटी इंदौर, दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन और आईआईटी चेन्नई-मेकर भवन फाउंडेशन सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ भी सहयोग किया गया है।

### खेलों और समग्र विकास का प्रमुख केंद्र

टीएमयू परिसर में स्टुडेंट्स के लिए राष्ट्रीय स्तर की इंडोर और आउटडोर खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं। यूनिवर्सिटी परिसर में रणजी ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी, सीके नायडू ट्रॉफी, राष्ट्रीय पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप और राष्ट्रीय कैरम चैंपियनशिप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताएं आयोजित हो चुकी हैं।
स्टुडेंट्स के समग्र विकास के लिए छात्रावास, भोजनालय, पुस्तकालय, वातानुकूलित ऑडिटोरियम, जिम, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, खेल मैदान, अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंडोर स्टेडियम और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। दिसंबर ,2022 में शुरू की गई लीडरशिप टॉक सीरीज के माध्यम से स्टुडेंट्स को देश-दुनिया के विशेषज्ञों एवं प्रख्यात व्यक्तित्वों से सीधे संवाद का अवसर मिल रहा है।

### संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिकता का समन्वय

आधुनिक एवम् तकनीकी शिक्षा के साथ टीएमयू ने भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों को भी महत्व दिया है। परिसर में जैन वाटिका और जिनालय के साथ पर्युषण पर्व जैसी गतिविधियों के माध्यम से स्टुडेंट्स में अनुशासन, आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों और सामुदायिक एकता की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाता है। जैन स्टुडेंट्स के लिए धार्मिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

### देश की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने की यूनिवर्सिटी की सराहना

टीएमयू की विकास यात्रा में पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, श्रीश्री रविशंकर, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पद्म पुरस्कार प्राप्त विभूतियों, राज्यपालों, केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों, फिल्मी सितारों, संगीतज्ञों, नृत्यांगनाओं, थिएटर कलाकारों और खिलाड़ियों की सहभागिता रही है।यूनिवर्सिटी के भव्य इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए एएमयू के तत्कालीन कुलपति एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह ने एक अवसर पर कहा था, एएमयू ने 100 वर्षों में भी जितना इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा नहीं किया, उतना टीएमयू ने अपेक्षाकृत कम समय में हासिल कर लिया। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने टीएमयू के भव्य परिसर को देखकर इच्छा व्यक्त की थी कि काश वे भी टीएमयू के स्टुडेंट होते। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन यूनिवर्सिटी के भविष्य का खाका खींचते हुए बताते हैं, टीएमयू एआई एजुकेशन, एआई टेक्नोलॉजीज, स्टार्टअप्स, इन्नोवेशन में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। यूएनओ के सतत विकास लक्ष्य के 17 बिंदुओं को आत्मसात करने को यूनिवर्सिटी संकल्पित है। क्वालिटी एजुकेशन के प्रति प्रतिबद्ध है। इन उपलब्धियों के बूते यूनिवर्सिटी विश्व की टॉप 100 रैंकिंग में स्थान पाने के लिए लक्षित है। टाइम्स रैंकिंग में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। यूनिवर्सिटी भविष्य में क्यूएस रैंकिंग में भी अपना स्थान बनाना चाहती है।

### कुलाधिपति श्री सुरेश जैन : रोजगारपरक शिक्षा हमारी सफलता का मूलमंत्र

कुलाधिपति सुरेश जैन ने कहा, टीएमयू की सफलता का मूलमंत्र विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, यूनिवर्सिटी की स्थापना से ही यह सोच रही है, ऐसे पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं, जिन्हें पूरा करने के बाद स्टुडेंट्स बेहतर रोजगार प्राप्त करने के साथ अपना कारोबार या स्टार्टअप भी शुरू कर सकें। उच्च शिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक छोटे कस्बों से लेकर महानगरों तक के स्टुडेंट्स को आधुनिक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान, व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में दक्षता के साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास पर निरंतर काम किया जा रहा है।

### ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन : टीएमयू एक संकल्प है

ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन ने कहा, टीएमयू एक संकल्प है और सिद्धांतों की आधारशिला है। इसी विचार के साथ टीएमयू ने अपनी स्थापना से अब तक की यात्रा सभी के सहयोग और स्नेह से पूरी की है। आने वाले समय में भी हम सब साथ मिलकर इस सफलता की यात्रा के नए अध्यायों के साक्षी बनेंगे।

### एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन : शैक्षणिक गुणवत्ता हमारी सबसे बड़ी पूंजी

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा,युवाओं को बदलते समय की तकनीक के साथ आत्मनिर्भर बनाना टीएमयू की प्राथमिकता है। यूनिवर्सिटी में नवाचार और कौशल विकास को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, एआई, रोबोटिक्स और उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं पर यूनिवर्सिटी की लगातार नजर है। उन्होंने कहा,राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय एमओयू, रैंकिंग, पेटेंट, प्लेसमेंट और इंडस्ट्री कनेक्ट के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उद्योग जगत के विशेषज्ञ समय-समय पर गेस्ट लेक्चर के लिए यूनिवर्सिटी आते हैं और स्टुडेंट्स को इंडस्ट्री एक्सपोजर प्रदान करने के लिए नियमित औद्योगिक भ्रमण भी कराए जाते हैं। श्री जैन ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की सबसे बड़ी पूंजी है।

### 26वें वर्ष में नई उड़ान

14 सितंबर 2026 को 25 वर्ष पूर्ण कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर रहा टीएमयू अब अपनी विकास यात्रा के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा, चिकित्सा सेवा, अनुसंधान, नवाचार, उद्यमशीलता, वैश्विक सहयोग, खेल और संस्कारों के समन्वय के संग यूनिवर्सिटी का लक्ष्य स्टुडेंट्स को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

# बिजली-पानी की मांग को लेकर डूब क्षेत्र के निवासियों का प्रदर्शन, सड़क पर उतरे किसान

नोएडा। डूब क्षेत्र में बिजली और पानी की समस्या को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन रविवार को सड़क तक पहुंच गया। पर्थला गांव के पास बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय निवासी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने किया।
प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डूब क्षेत्र में रहने वाले लोग लंबे समय से बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार अधिकारियों के समक्ष शिकायत और मांग रखने के बावजूद उन्हें अब तक स्थायी समाधान नहीं मिला है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केवल आश्वासन से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि उन्हें लिखित रूप में ठोस कार्रवाई का भरोसा चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के सड़क पर उतरने से यातायात प्रभावित हुआ। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती की गई।

# ब्रिक्स नई दिल्ली घोषणा से भारतीय व्यापारियों और एमएसएमई के लिए खुलेंगे नए अवसर

## स्थानीय व्यापार से वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने में मिलेगी मदद, कैट ने बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में घोषित नई दिल्ली घोषणा को भारतीय व्यापारियों, एमएसएमई, स्टार्टअप और निर्यातकों के लिए नए वैश्विक अवसरों का द्वार खोलने वाला कदम बताया गया है। चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से कहा गया कि घोषणा से व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में भारतीय कारोबारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।




कैट के अनुसार, व्यापार सुगमता, स्थानीय मुद्राओं में लेन-देन, डिजिटल भुगतान, तकनीकी सहयोग, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और आर्थिक साझेदारी पर जोर दिए जाने से भारतीय व्यवसायों को ब्रिक्स देशों के बाजारों में विस्तार के नए अवसर मिल सकते हैं।

कैट ने कहा कि निष्पक्ष एवं नियम आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता तथा संरक्षणवादी नीतियों के विरोध का रुख भारत जैसे विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण है। संगठन के मुताबिक यह घोषणा आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल की भावना के अनुरूप है तथा भारतीय निर्माताओं और उद्यमियों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने में मदद कर सकती है।

### डिजिटल ढांचे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जोर का स्वागत

कैट ने डिजिटल सार्वजनिक ढांचे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार और वित्तीय प्रौद्योगिकी को लेकर घोषणा में दिए गए महत्व का स्वागत किया। संगठन का कहना है कि इन क्षेत्रों में भारत की बढ़ती क्षमता का लाभ व्यापार और उद्योग को मिल सकता है। आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख को भी कैट ने भारत की लंबे समय से चली आ रही नीति को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलने के रूप में बताया।
कैट ने नई दिल्ली घोषणा की भावना के अनुरूप 'ब्रिक्स ट्रेड कनेक्ट मिशन' शुरू करने का सुझाव दिया है। इसके माध्यम से भारतीय व्यापारियों और एमएसएमई को ब्रिक्स देशों के बाजारों की जानकारी, खरीदार-विक्रेता बैठकें, निर्यात सहायता और व्यावसायिक नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है।
कैट ने कहा कि नई दिल्ली घोषणा केवल कूटनीतिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, व्यापार विस्तार और वैश्विक सहयोग का रोडमैप है। इससे भारतीय व्यापारियों, उद्यमियों, एमएसएमई और उद्योग जगत के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के अवसर मजबूत हो सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी पर 'त्योहार अपना, व्यापार अपना' की अपील

गणेश चतुर्थी के अवसर पर व्यापारिक संगठनों ने आमजन से 'त्योहार अपना, व्यापार अपना' की भावना के साथ स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की है। लोगों से मिट्टी और देश के कारीगरों द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमाएं खरीदने तथा सजावट की सामग्री में भी भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया है।

व्यापारिक संगठनों ने कहा कि भगवान गणेश को अर्पित किए जाने वाले मोदक और प्रसाद के लिए स्थानीय मिष्ठान दुकानों को प्राथमिकता देने से स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को लाभ मिलेगा। इससे स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलने के साथ लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बढ़ावा मिलेगा।

# कान्हा जी की छठी पर जरूरतमंदों को वितरित किया महाप्रसाद

## बृज की रसोई ने परोसा कढ़ी-चावल और बूंदी, साधना त्रिपाठी ने जरूरतमंदों के साथ मनाया जन्मदिन

समाज जागरण

लखनऊ। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद कान्हा जी की छठी के पावन अवसर पर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प 'बृज की रसोई' की ओर से आशियाना क्षेत्र में जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन और महाप्रसाद वितरित किया गया। सेवा अभियान के तहत अकिंचन, असहाय, निराश्रित, जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों और श्रमिकों को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कढ़ी-चावल और बूंदी का प्रसाद कराया गया।
संस्था के सदस्य संजय श्रीवास्तव ने बताया कि हर रविवार की तरह इस सप्ताह भी निःशुल्क पौष्टिक भोजन सेवा आयोजित की गई। कान्हा जी की छठी को सेवा और समर्पण से जोड़ते हुए विशेष रूप से कढ़ी-चावल तथा बूंदी का प्रसाद तैयार कराया गया।
विकास पाण्डेय ने बताया कि संस्था के सदस्य अनिल मूलवानी ने मिष्ठान के रूप में बूंदी का वितरण कराया।



वहीं संस्था की सदस्य साधना त्रिपाठी ने जरूरतमंदों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया और उनके साथ खुशियां साझा कीं।
अनुराग दुबे ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य कान्हा जी की छठी के उल्लास को जरूरतमंदों की थाली और उनके चेहरों की मुस्कान तक पहुंचाना था।
संस्था के संस्थापक विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि सनातन परंपरा में प्रसाद प्रेम, करुणा और सहभागिता का प्रतीक है। जरूरतमंद तक सम्मानपूर्वक भोजन पहुंचाना समानता, बंधुता और मानवीय गरिमा जैसे मूल्यों को व्यवहार में उतारने का प्रयास है।
दीपक भुटियानी ने कहा कि बृज की रसोई का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मान और अपनत्व का एहसास कराना भी है। वहीं आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि जब आस्था सेवा से जुड़ती है तो प्रसाद किसी जरूरतमंद के चेहरे की मुस्कान में भी दिखाई देता है।
सेवा अभियान के सफल संचालन में जालिम सिंह, विजय पाल सिंह, अश्विनी कुमार बाली, संजय श्रीवास्तव, बलवंत सिंह, दीपक भुटियानी, विकास पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, सत्यम वर्मा, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह, गोविन्द सिंह और साधना त्रिपाठी सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# ई-बस सेवा पर उठे सवाल, अवैध वाहनों के कब्जे का आरोप

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच संचालित सरकारी ई-बस सेवा और प्रमुख बस स्टैंडों के आसपास यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र माही ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है।

महेंद्र माही ने दावा किया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर संचालित ई-बसों की व्यवस्था पर पर्याप्त निगरानी नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ई-बसों में यात्रा करने वाले कुछ यात्रियों के हवाले से कहा कि जब तक अधिकारी नियमित निगरानी नहीं करेंगे, तब तक व्यवस्था में सुधार मुश्किल है।

# सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर भव्य समारोह, राष्ट्र रक्षा में योगदान को किया याद

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में जुटे समाज के गणमान्य लोग, वक्ताओं ने रखे विचार

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्र रक्षक गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती के अवसर पर रविवार को सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी की ओर से दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी ने सम्राट मिहिर भोज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया।
इस अवसर पर चौधरी हरेंद्र गुर्जर ने सम्राट मिहिर भोज के जीवन और उनके शासनकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज भारतीय इतिहास के महान शासकों में रहे हैं। उन्होंने कहा कि उस दौर में कन्नौज उनका प्रमुख राजनीतिक केंद्र था और उनके शासनकाल में बाहरी आक्रमणों का मुकाबला करने में प्रतिहार शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
उन्होंने कहा कि सम्राट मिहिर भोज के जीवन और राष्ट्र रक्षा से जुड़े योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इतिहास और संस्कृति के प्रति जागरूकता समाज को अपनी विरासत से जोड़ने का काम करती है।



### पदाधिकारियों ने रखे विचार

कार्यक्रम में मास्टर जगपाल भाटी, राष्ट्रीय सचिव; चौधरी चंद्रपाल सूबेदार, प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश; चौधरी देवी राम भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष; चौधरी धर्मेंद्र नागर गुर्जर, अध्यक्ष लघु उद्योग प्रकोष्ठ; चौधरी जोगेंद्र भाटी, प्रदेश सचिव; चौधरी देवेंद्र भाटी, अध्यक्ष मेरठ मंडल; श्रीमती ठाकुर बिना सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा; तथा चौधरी श्यामसुंदर नगर, जिला प्रभारी गौतमबुद्धनगर सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

इस दौरान चौधरी जगदीश भाटी, चौधरी सोनू भड़ाना, चौधरी दीपक भाटी, चौधरी बिट्टू भाटी, चौधरी आजाद भाटी, चौधरी लायक राम गुर्जर, चौधरी देवेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।
कार्यक्रम का मंच संचालन पंडित पवन पराशर गुरुजी ने किया। वक्ताओं ने सम्राट मिहिर भोज के जीवन, राष्ट्र रक्षा और ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# योग, यज्ञ एवं वेद कथा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

## ऋषि दयानंद के बताए मार्ग पर चलकर ही देश उन्नति की ओर बढ़ सकता है : स्वामी शिवानंद

समाज जागरण संवाददाता

ऋषिकेश। आर्य नेता स्वर्गीय बहोरी लाल गौतम की पुण्य स्मृति में रविवार, 13 सितंबर को दा ग्रीन लेमन रिसोर्ट, ग्राम जोगीयाना, मोहन चट्टी, उत्तराखंड में योग, यज्ञ एवं वेद कथा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

धमार्चार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ संपन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान के रूप में ऋतू-संजय गौतम, शोभा-राजू गौतम, प्रीति-विकास गौतम, ज्योति-नवनीत गौतम तथा वंदना राणा-अमित राणा ने यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ के बाद आचार्य प्रमोद शास्त्री ने यज्ञमानों को आशीर्वाद देते हुए सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजनोपदेशिका आचार्या सुलभा शास्त्री ने समाज सुधार और ईश्वर भक्ति से जुड़े भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों से श्रोता भावविभोर हो गए।

### ऋषि दयानंद के विचारों को अपनाने का आह्वान

स्वामी शिवानंद ने ऋषि दयानंद के समाज सुधार संबंधी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही देश को उन्नति की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने समाज में शिक्षा, सुधार और वैदिक विचारों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।
मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. यशवीर आर्य ने कहा कि यदि मनुष्य सुख और शांति चाहता है तो उसे वेदों की ओर लौटना होगा। उन्होंने पारसमणि, कामधेनु और कल्पतरु के उदाहरण के माध्यम से वैदिक ज्ञान और आर्य समाज के महत्व को समझाया।

### योग एवं ध्यान का कराया अभ्यास

योगाचार्य मनमोहन वोहरा, योग शिक्षिका वीना वोहरा एवं योगी प्रवीण आर्य ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, हास्यासन और कपाल शोधन सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए। इसके बाद साधकों को ध्यान मुद्रा में बैठाकर ओ३म् मंत्र के श्वास-प्रश्वास के साथ उच्चारण और ध्यान का अभ्यास कराया गया।
योगाचार्य मनमोहन वोहरा ने कहा कि नियमित ध्यान से मन को नियंत्रित करने और मानसिक शांति प्राप्त करने में सहायता मिलती है। ध्यान के दौरान साधकों ने शांति और एकाग्रता का अनुभव किया।
कार्यक्रम का संचालन धमार्चार्य प्रमोद शास्त्री ने किया। रिसोर्ट के निदेशक एवं ऋषिकेश के भाजपा जिला अध्यक्ष विकास गौतम ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रवेश गौतम, लक्ष्मण सिंह चौहान, सुमन चौहान, आशा आर्या, वेद प्रकाश तोमर, मंगल सिंह, सुभाष शर्मा, हरवीर सिंह, राजेंद्र आर्य, प्रेम पाल शर्मा, सुमन चौधरी, ज्योति, प्रीति सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ एवं प्रीतिभोज के साथ हुआ।**

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# बहल मंडल में सेवा संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

## सेवा एवं संगठन को नई गति देने का लिया संकल्प, कार्यकर्ताओं ने जताया उत्साह और समर्पण

**गांव और बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी बनाने की कार्ययोजना पर हुआ मंथन**



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 13 सितंबर । रविवार को बहल मंडल में सेवा संकल्प अभियान को लेकर एक निजी होटल में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी महेंद्रगढ़ वरुण स्योराण मुख्य वक्ता रहे, जबकि अध्यक्षता बहल मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी ने की। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान को प्रत्येक गांव एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा जनसेवा के संकल्प को और मजबूत बनाने को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

**गांव और बूथ स्तर पर अभियान पहुंचाने पर जोर**

कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि सेवा और संगठन की गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। अभियान के माध्यम से जनसेवा की भावना को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। कार्यकताओं ने उत्साह, समर्पण और एकजुटता के साथ सेवा एवं संगठन को नई गति देने का संकल्प लिया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यशाला में जिला पार्षद रविंद्र मंढोली, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, समुन्दर तलवानी, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी, मंडल उपाध्यक्ष मास्टर संतराम गरवा, दीपक पनिहार, सचिन सुधीवास, रमेश पाजू, संदीप चैहड़ खुर्द, परमवीर मोरका और सज्जन फौजी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मस्ती भरे हरियाणवी गीत ढर्रररर ने बनाया रिकॉर्ड

## इंस्टाग्राम पर ऑडियो रिलीज के 24 घंटे में बनीं सैकड़ों रील; जयवीर राठी समेत कलाकारों की एक्टिंग को मिली खूब सराहना

**तीन दिन में एक मिलियन से अधिक व्यूज़, गीत की धुन पर झूम रहे संगीत प्रेमी**




**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हरियाणा में रोजाना दर्जनों नए गीत रिलीज होते हैं, लेकिन कुछ ही समय में लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब होते हैं। इन दिनों हरियाणवी गीत-संगीत जगत में ढर्रररर गीत की धूम देखने को मिल रही है। गैंन्स म्यूजिक कंपनी पर रिलीज हुए इस मस्ती भरे गीत को महज तीन दिन में एक मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। गीत में अभिनय का जलवा बिखेरने वाले जयवीर राठी, जोगेंद्र कुंडू, रामबीर आर्यन, जेडी बल्लु और वीएम बेचैन को दर्शकों और गीत-संगीत प्रेमियों की ओर से खूब सराहना मिल रही है। गीत के बोल और मस्ती भरे अंदाज ने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींचा है।

**ऑडियो रिलीज के 24 घंटे में सैकड़ों रील**

गीत के निर्देशक नरेंद्र हरियाणवी ने बताया कि ऑडियो रिलीज होते ही गीत को सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रिया मिलने लगी। उनके अनुसार, ऑडियो रिलीज के 24 घंटे के भीतर इंस्टाग्राम पर सैकड़ों रील बनाई गईं और गीत ट्रेंडिंग में आ गया। उन्होंने बताया कि निर्मात्री सविता द्वारा तैयार करवाए गए इस गीत को भिवानी निवासी तथा पंडित लख्मीचंद सम्मान से विभूषित हरियाणवी कवि वीएम बेचैन ने लिखा है, जबकि गीत को आवाज आर लहरिया ने दी है।

**गीत की टीम ने किया शानदार काम**

गीत का संगीत सुनील बल्हारा ने तैयार किया है। इसके कैमरामैन एवं एडिटर लक्की काजला हैं, जबकि मेकअप की जिम्मेदारी साहिल ने संभाली है। गीत में कलाकारों के अभिनय और मनोरंजक प्रस्तुति को दर्शकों की ओर से पसंद किया जा रहा है। निर्देशक नरेंद्र हरियाणवी ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर गीत दर्शकों के सामने आएं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब कुछ गीतों में फूहड़ता, बदमाशी और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाली सामग्री को लेकर सवाल उठते रहे हैं, वहीं ढर्रररर जैसे मस्ती भरे गीत ने लोगों को मनोरंजन का एक अलग अंदाज दिया है।

**एक मिलियन से अधिक व्यूज पर टीम को बधाई**

तीन दिन में एक मिलियन से अधिक व्यूज मिलने पर निर्देशक नरेंद्र हरियाणवी ने गीत की पूरी टीम और हरियाणवी गीत-संगीत प्रेमियों का आभार जताते हुए सभी को बधाई दी। गीत की बढ़ती लोकप्रियता से पूरी टीम उत्साहित है।

# मुख्यमंत्री चुनावी राज्यों में कर रहे बड़े-बड़े वादे, हरियाणा में नहीं किए पूरेः रामनिवास घोड़ेला

## पूर्व विधायक बोले—धान की एमएसपी, पेंशन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित वादे पूरे करे सरकार

**बहल में कांग्रेस नेता रामकुमार सुधिवास के आवास पर पहुंचे पूर्व विधायक, पत्रकारों से बातचीत में साधा निशाना**



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 13 सितंबर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला रविवार को बहल में कांग्रेस नेता रामकुमार सुधिवास के आवास पर जलपान के लिए पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर निशाना साधा। रामनिवास घोड़ेला ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, उन्हीं तरह के वादे अब अन्य चुनावी राज्यों में किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में किसानों को धान की 3100 रुपये एमएसपी, बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 3100 रुपये तथा गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने जैसे वादे किए जा रहे हैं।

**पहले हरियाणा में किए वादे पूरे करे सरकार**

पूर्व विधायक ने कहा कि यदि ये वादे केवल चुनावी घोषणाएं नहीं हैं तो सरकार को पहले हरियाणा में इन्हें लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान की 3100 रुपये एमएसपी दिलाने का वादा किया गया था, लेकिन दो सीजन बीत चुके हैं और तीसरा सीजन भी आ गया है। उन्होंने बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन देने, एचकेआरएन में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ देने तथा गरीब, एससी और बीसी वर्ग के परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट देने की मांग उठाई। रामनिवास घोड़ेला ने मुख्य मंत्री के उस कथित बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके कहने से दो चपरासियों की बदली तक नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने चुनावी वादों पर अमल करके जनता के सामने उदाहरण पेश करना चाहिए।

**जिस प्रदेश में चुनाव होता है, वहां पहुंच जाते हैं**

घोड़ेला ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिस प्रदेश में चुनाव होता है, वहां पहुंच जाते हैं और बड़े-बड़े वादे करते हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ने खुद को बिहार का बेटा बताया और अब पंजाब में चुनाव होने के चलते वहां पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के बाद हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने पर वहां भी इसी प्रकार पहुंचने की संभावना है। कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की कि चुनावी घोषणाओं के बजाय हरियाणा में किए गए वादों को धरातल पर लागू किया जाए। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामकुमार सुधिवास, जयवीर घोड़ेला, राम सिंह बहल, ईश्वर हिसार,नवीन वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्री बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन सम्पन्न, पहुँची 107वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**धाम के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं**



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 13 सितम्बर । भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन द्वारा उपचार की सुविधा दी जाती है। सभी मरीजों को दवाइयाँ एवं चश्मे निःशुल्क वितरित किए जाते हैं।

राजकुमार गोसाई रोहतक और परिवार द्वारा आज छोले भटूरे का भंडारा लगाया गया कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया शंकर बनियानी, अमित कौशिक,सुनील कौशिक ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जबकि रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत की गईं। प्रत्येक रविवार शनि देव मित्र मंडल, रोहतक एवं अन्य भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से श्री बालाजी धाम डोभ तक पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाती है। इस रविवार 107वीं पैदल ध्वजा यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धाम पहुंची। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारों एवं भजनों के साथ झूमते-गाते हुए धाम तक पहुंचते हैं।

यात्रा के दौरान तीन स्थानों पर भक्तों के विश्राम एवं जलपान की व्यवस्था की जाती है। पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस , दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर और तीसरा पड़ाव जाट चौक डोभ भिवानी रोड पर रखा जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम से वापसी हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई जाती है। इस अवसर पर हर्षित कोचर, नवीन तनेजा,विनोद गुप्ता, रमेश गुप्ता,बलदेव कात्याल, रमेश गाँधी, बिट्टू दुआ, पवन सरीन,रवि चिटकारा, वंश चुघ,नयन, शिवम, राजेश गोयल, पंडित नरेश, आनंद, सुनील निमड़ी, कविता निमड़ी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# परमात्मा का एहसास ही मन को भक्ति, प्रेम और समर्पण के भाव से सराबोर करता है : निरंकारी राजपिता रमित जी

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो/पंजाब,13 सितंबर (रघुनंदन पराशर): सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से चंडीगढ़ के सेक्टर-34 स्थित मेला ग्राउंड में विशाल निरंकारी संत समागम आयोजित हुआ। भारी बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संत पहुंचे और निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन वचनों का आनंद लिया। वर्षा भी श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति को कम नहीं कर सकी। समागम में संतों ने गीतों, भजनों एवं विचारों के माध्यम से सतगुरु की शिक्षाओं को सांझा किया, जिससे वातावरण प्रेम, भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो उठा।इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य माया, धन-दौलत और शोहरत की चकाचौंध में खोना नहीं, बल्कि परमात्मा की पहचान करना है। सतगुरु द्वारा प्रदान किया गया ब्रह्मज्ञान मनुष्य को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कर परमात्मा के साथ उसके संबंध का। एहसास कराता है।संसार के आकर्षणों में उलझकर मनुष्य कई बार अपने जीवन के मूल उद्देश्य को भूल जाता है। ब्रह्मज्ञान के माध्यम से जब यह एहसास होता है कि हम परमात्मा के अंश हैं, तो जीवन को सही दिशा और भक्ति को वास्तविक भाव मिलता है। भारी बरसात का आध्यात्मिक भाव प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि आज ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो बरसात भी संतों के प्रेम और भक्ति में शामिल होने आई हो। जिस प्रकार संत वर्षा में भीग रहे हैं, उसी प्रकार वे परमात्मा के एहसास, भक्ति और सतगुरु के प्रेम में भी सदैव भीगे रहें। अंत में दातार से प्रार्थना की कि सभी श्रद्धालुओं के जीवन में प्रेम, भक्ति और परमात्मा का एहसास निरंतर बना रहे। साथ ही, निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में आयोजित होने वाले वार्षिक संत समागम में श्रद्धालुओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

निरंकारी संत समागम पर संगतों को संदेश देते हुए निरंकारी राजापिता रमित जाी।

# सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए 9 सदस्यों वाली चुनाव घोषणा पत्र कमेटी बनाई

**( रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



चंडीगढ़/पंजाब ,13 सितंबर : शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने एक बड़ी घोषणा करते हुए पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर चुनाव घोषणा पत्र के लिए 9 सदस्यों वाली कमेटी की घोषणा की है। इस कमेटी को लीड करने के लिए सीनियर नेता बलविंदर सिंह भुंडर को चेयरमैन और डॉ. दलजीत सिंह चीमा को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इस बारे में डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि कमेटी के अन्य सदस्यों में गुलजार सिंह रणिके, हीरा सिंह गाबड़िया, महेश इंदर सिंह ग्रेवाल, बिक्रम सिंह मजीठिया, सिकंदर सिंह मलूका, सोहन सिंह ठंडल और हरचरण सिंह बैंस शामिल हैं। पार्टी के अलग-अलग विंग के अध्यक्षों–जिनमें युवा, महिला, व्यापार और उद्योग, कानूनी, रडक् कर्मचारी, पूर्व सैनिक और अल्पसंख्यक विंग शामिल हैं–को कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। यह कमेटी पूरे पंजाब का दौरा करेगी और किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, उद्योगपतियों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों और समाज के दूसरे वर्गों के साथ विस्तार से चर्चा करेगी।

# हिमाचल प्रदेश की कुल्लू घाटी के पर्सिमोन फल अब रेल के माध्यम से देश के बड़े बाजारों तक पहुंचेंगे

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,13 सितंबर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल के मंडल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर मंडल के बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के विशेष प्रयासों से "पर्सिमोन फलों" की रेल मार्ग से ढुलाई के लिए नया यातायात प्राप्त किया गया है। 12 सितंबर 2026 को ट्रेन संख्या 13006 (अमृतसरझ हावड़ा मेल) के एसएलआर में लुधियाना रेलवे स्टेशन से "पर्सिमोन फलों" की आउटवर्ड लोडिंग सफलतापूर्व की गई है। लुधियाना से 98 पैकेटों में 2,600 किलोग्राम "पर्सिमोन" हावड़ा के लिए लोड किए गए।

हिमाचल के कुल्लू सहित ठंडे बागवानी क्षेत्रों में किसान पर्सिमोन की खेती अपना रहे हैं, क्योंकि इसमें कम लागत, बेहतर मूल्य और बढ़ती घरेलू मांग की संभावना हैं। पर्सिमोन जिसे "जापानी फल" या "अमर फल" के नाम से भी जाना जाता है, इसमें विटामिन-सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, कम कैलोरी वाला पौष्टिक फल है और बदलती जलवायु में सेब की तुलना में अधिक अनुकूल माना जाता है।

फिरोजपुर मंडल के बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश से आने वाले पर्सिमोन फलों का यातायात लुधियाना से रेल के माध्यम से प्राप्त किया गया है। वर्तमान में हावड़ा, कोलकाता और सियालदह के लिए पर्सिमोन भेजे जा रहे हैं, जबकि आने वाले दिनों में पटना और गुवाहाटी जैसे अन्य प्रमुख गंतव्यों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल की विश्वसनीय एवं समयबद्ध माल परिवहन व्यवस्था व्यापारियों को बेहतर सुविधा प्रदान कर रही है। मंडल माल यातायात बढ़ाने तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# घरेलू पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना

हर घर के लिए स्वच्छ और किफायती पाइप से आपूर्ति की जाने वाली खाना पकाने की गैस

पाइप से आपूर्ति की जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का विस्तार भारत की स्वच्छ घरेलू ऊर्जा और ऊर्जा सुरक्षा की ओर आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। घरों तक पीएनजी पहुंचाना सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है। इस तरह के नेटवर्क में पाइपलाइन और उससे जुड़ी सुविधाएं होती हैं, जो घरों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों को सेवा देती हैं। इसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा अधिकृत संस्थाओं द्वारा विकसित किया जाता है। पीएनजीआरबी ने 309 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में संस्थाओं को अधिकृत किया है। इन क्षेत्रों में देश के पूरे मुख्य भू-भाग शामिल हैं। 18 अगस्त 2026 तक देशभर में 1.74 करोड़ घरेलू पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध थे। पीएनजी कवरेज को और बढ़ाने के लिए, 18 अगस्त 2026 को घरेलू पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की गई थी। यह योजना 1 सितंबर 2026 से लागू हुई है।

**योजना के बारे में**

घरेलू पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने की प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य सक्रिय घरेलू पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाने की गति को तेज करना है। इसका मकसद परिवारों को पाइप के जरिए स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती खाना पकाने की गैस उपलब्ध कराना है। यह योजना सीजीडी संस्थाओं को बिना बिल वाले कनेक्शन को सक्रिय, बिल वाले कनेक्शन में बदलने के लिए प्रोत्साहन देती है। यह नए क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए भी प्रोत्साहन देती है। यह योजना छह महीनों की अवधि के दौरान दो चरणों में चलेगी। योजना के तहत हर भौगोलिक क्षेत्र के लिए कनेक्शन की एक न्यूनतम संख्या तय की गई है। कार्य-अवधि के दौरान, पात्र सीजीडी संस्थाओं को इस सीमा से ज्यादा बिल वाले घरेलू कनेक्शन जोड़ने होंगे। ऐसे प्रत्येक अतिरिक्त कनेक्शन के लिए, संस्था को 200 स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) गैस का अतिरिक्त आवंटन मिलता है। यह गैस घरेलू स्तर पर उत्पादित प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) गैस है, जिसकी कीमत कम होती है।




अतिरिक्त आवंटन महंगी द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की जगह लेगा। सीजीडी संस्थाएं अभी अपने संपीड़ित प्राकृतिक गैस (परिवहन) क्षेत्र के लिए यह एलएनजी खरीदती हैं। इसे सस्ती एपीएम गैस से प्रतिस्थापित करने पर उनकी कुल गैस लागत कम हो जाती है। इसलिए, घरेलू कनेक्शन पर खर्च की गई पूंजी की प्राप्ति की अवधि में कमी आने की उम्मीद है। उम्मीद है कि इसमें लगने वाला समय लगभग दस साल से घटकर करीब तीन साल रह जाएगा। इसलिए, कंपनियों के पास घरों तक तेजी से कनेक्शन पहुँचाने का एक मजबूत व्यावसायिक कारण है।

**परिवारों के लिए पीएनजी के लाभ**

पीएनजी परिवारों को कई जरूरी लाभ देता है, जैसे इस्तेमाल में आसानी, पैसे की बचत और निर्बाध आपूर्ति। पीएनजी का घरेलू उपयोग करने वालों के लिए मुख्य लाभ इस प्रकार हैं:

सुरक्षितः गैस कम दबाव पर जमीन के नीचे की पाइपलाइन से आती है, इसलिए सिलेंडर को रखने या संभालने की जरूरत नहीं होती। हवा से हल्की होने के कारण, यदि कभी लीकेज होती भी है, तो यह ऊपर उठकर तेजी से फैल जाती है।

दैनिक सुविधाः सिलेंडर की बुकिंग करने, जमा रखने या बदलने की कोई जरूरत नहीं होती। गैस घर पर चौबीसों घंटे उपलब्ध रहती है। बिल इस्तेमाल के आधार पर मीटर से आता है, जैसे बिजली या पानी का बिल। कम लागतः घर वाले सिर्फ उतनी ही गैस का पैसा देते हैं, जितनी वे असल में इस्तेमाल करते हैं। प्रति-यूनिट ऊर्जा के आधार पर, पीएनजी की लागत आमतौर पर एलएनजी से कम होती है। इसलिए समय के साथ ईंधन का मासिक खर्च कम हो जाता है।

स्वच्छ पर्यावरणः पीएनजी खाना पकाने वाले पारंपरिक ईंधनों की तुलना में ज्यादा साफ जलती है और कम प्रदूषण फैलाती है। घर के अंदर की हवा ज्यादा सेहतमंद रहती है और कार्बन उत्सर्जन कम होता है।

भरोसेमंद आपूर्तिः पाइपलाइन से लगातार आपूर्ति होती है और इसमें सिलेंडर डिलीवरी की लॉजिस्टिक्स की जरूरत नहीं होती। ऊंची इमारतों और भीड़-भाड़ वाली शहरी कॉलोनियों में रहने वाले घरों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिलता है।

**पीएनजी विस्तार के लिए पहल**

पीएनजी विस्तार को त्वरित मंजूरी, तर्कसंगत टैक्स और सुव्यवस्थित अवसंरचना विकास जैसे उपायों से बढ़ावा दिया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और जागरूकता अभियान; परिवारों में पीएनजी अपनाने की प्रक्रिया को आसान, त्वरित और सुलभ बना रहे हैं:

सुव्यवस्थित विनियामक मंजूरीः 'प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन और अन्य सुविधाओं को बिछाने, बनाने, चलाने और विस्तार करने के माध्यम से) आदेश, 2026' के तहत एक त्वरित मंजूरी प्रक्रिया जारी की गयी है। यह आदेश पाइपलाइन मार्गाधिकार (आरओडब्लू) के लिए एक समान शुल्क भी लागू करता है, जिसमें पीएनजी पाइपलाइन बिछाने के लिए जमीन या सार्वजनिक जगहों का इस्तेमाल करने की अनुमति शामिल है। अब आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर और तय समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

कम मूल्य वर्धित टैक्स (वैट): राज्यों को प्राकृतिक गैस पर वैट घटाकर 5 प्रतिशत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कई राज्यों ने पहले ही ऐसा कर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए पाइप वाली गैस सस्ती हो गई है।

राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0ः सभी भौगोलिक क्षेत्रों में डीपीएनजी कनेक्शन की रफ़्तार बढ़ाने के लिए 1 जनवरी से 30 जून 2026 तक देशव्यापी अभियान चलाया गया।

एकीकृत पीएनजी पंजीकरण पोर्टलः एक एकल-खिड़की डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। इससे नए कनेक्शन के लिए आवेदन करना और उनकी निगरानी करना आसान और तेज हो जाएगा। स्वच्छ और आपूर्ति सुविधा वाले घरों की ओर घर पर खाना पकाने के लिए साफ ईंधन हर परिवार के आराम, स्वास्थ्य और सम्मान को बढ़ाता है। अब लागू हो चुकी नई योजना गैस कंपनियों के व्यावसायिक हितों को इस राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ जोड़ती है। जैसे-जैसे पाइपलाइनें ज्यादा इलाकों और ज्यादा रसोईघरों तक पहुँच रही हैं, सिलेंडरों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। इस तरह, पाइप से आपूर्ति की जाने वाली गैस भारत में दैनिक जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा बनने जा रही है।

# अवादा फाउंडेशन ने अवादा नारी शक्ति सम्मान से किया सम्मानित

## रमाबाई की दोनों बेटियों की शिक्षा का खर्च उठाएगा अवादा फाउंडेशन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। महाराष्ट्र के बीड जिले के अंबाजोगाई की 47 वर्षीय रमाबाई रणवीर ने अपने साहस, संघर्ष और मातृत्व की अद्भुत मिसाल पेश कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। अपनी बेटी की शिक्षा के लिए पुरस्कार राशि जुटाने के उद्देश्य से रमाबाई ने नंगे पैर मैराथन में दौड़ लगाई। उनके इस साहस और दृढ़ संकल्प ने लाखों लोगों को प्रेरित किया और उनकी कहानी देशभर में चर्चा का विषय बनी।रमाबाई की कहानी केवल एक मां के संघर्ष और ममता की कहानी नहीं है, बल्कि यह बच्चों की शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण है। रमाबाई के अदम्य साहस और संघर्ष को सम्मानित करते हुए अवादा ग्रुप की सी एस आर शाखा अवादा फाउंडेशन ने नादेड स्थित एक कॉलेज परिसर में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में मां को अवादा नारी शक्ति सम्मान प्रदान कर उनके संघर्ष और साहस



को सलाम करते हुए सम्मानित किया।यह सम्मान उन महिलाओं के साहस, आत्मनिर्भरता और दृढ़ इच्छाशक्ति को समर्पित है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने परिवार और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करती हैं। अवादा फाउंडेशन अब रमाबाई की बड़ी बेटी आरती को पठन पाठन के लिए लैपटॉप भी - दिया है । जो नादेड में बी.एससी. की पढ़ाई कर रही है, जरूरत के अनुसार आरती को और भी आवश्यक शैक्षणिक सहायता एवं मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आरती की शिक्षा और करियर के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग देना तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक अवसर उपलब्ध कराना है। अवादा फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने कहा रमाबाई जी का संघर्ष केवल एक मां के स्नेह की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस अटूट नारी शक्ति का प्रतीक है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानती। अवादा फाउंडेशन का मूल विश्वास है कि प्रगति के लिए शिक्षा, सशक्तिकरण और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। हमें गर्व है कि हम रमाबाई जी के उस जज्बे और सपने के साथ खड़े हैं, जिसमें वह अपने बच्चों को शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य देना चाहती हैं। अवादा फाउंडेशन का मानना है कि शिक्षा सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। रमाबाई रणवीर की कहानी इसी विश्वास को मजबूत करती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।रमाबाई को सम्मानित करने और उनकी बेटियों की शिक्षा में सहयोग की यह पहल महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक विकास के प्रति अवादा फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।बताते चले अवादा फाउंडेशन, अवादा ग्रुप की सी एस आर शाखा है, जो देशभर में पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रों में कार्य कर रहा है।फ़ाउंडेशन विभिन्न सामाजिक पहलों के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक बदलाव को बढ़ावा देने तथा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा है।

# तीज व्रत से केवल भगवान की प्राप्ति नहीं, तन-मन को मिलती है संतुष्टि : आशा यादव

## मेहंदी, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा तीजोत्सव

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। शिवपुर स्थित मेहता नगर कॉलोनी में डॉ. भावना श्रीवास्तव के आवास पर रविवार को हरियाली तीज उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन साइबर एजुकेशन सोसायटी एवं आशा यस ए-वन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मेहंदी रचाई और गीत-संगीत व नृत्य के साथ तीज पर्व की खुशियां साझा कीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशा यस ए-वन फाउंडेशन की संस्थापिका आशा यादव ने कहा कि तीज व्रत से केवल भगवान की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि तन-मन को संतुष्टि और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। व्रत एवं पूजा-पाठ से महिलाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और आस्था मजबूत होती है। मन की संतुष्टि ही जीवन को खुशहाल बनाने का आधार है। उन्होंने कहा कि तीज महिलाओं की आस्था, परंपरा और आपसी प्रेम का प्रमुख पर्व है। साइबर एजुकेशन सोसायटी की संस्थापिका डॉ. भावना श्रीवास्तव ने कहा कि हरियाली तीज महिलाओं के लिए धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जुड़ाव का भी पर्व है। मां दुर्गा के आशीर्वाद से पूजा-अर्चना एवं कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को मानसिक प्रसन्नता, सामाजिक जुड़ाव और आत्मविश्वास मिलता है तथा हमारी परंपराएं और संस्कार नई पीढ़ी तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि सुहागिन महिलाओं के लिए तीज व्रत का विशेष महत्व है। इस अवसर पर महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर मेहंदी लगाई और गीत-संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. भावना श्रीवास्तव, आशा यादव, सत्या श्रीवास्तव, नीलम उपाध्याय, सीमा श्रीवास्तव, साक्षी यादव, मानसी यादव, निशा देवी, रेखा सिंह, शिप्रा श्रीवास्तव, सीमा उपाध्याय, प्रतिभा राय, सुशीला, ज्योति, ज्ञानती, वैष्णवी अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन आशा यादव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भावना श्रीवास्तव ने किया।

# सरायकाजी में दबंगों द्वारा दुकान में तोड़-फोड़, रंगदारी की मांग

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत काजीसराय में स्थित एक ब्यूटी स्टाल चाय की दुकान में रविवार की दोपहर बाद लाठी डंडा से लैस मनबढ़ो ने रंगदारी की मांग करते हुए तोड़ फोड़ कर दुकान में काम करने वाले युवक को मारपीट कर 1900 रुपया लूट लिया। भयभीत दुकान संचालक ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उपरोक्त गांव निवासी शशांक द्विवेदी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार काजीसराय में उनकी कोल्डड्रिंक एवं चाय की दुकान है जहां अहरक पाही निवासी उत्कर्ष सिंह एवं शिवम सिंह अपने 20 अन्य साथियों के साथ दुकान में काम करने वाले रवि गुप्ता पर जानलेवा हमला कर तोड़फोड़ करते हुये उपरोक्त धनराशि लूट लिये और जाते जाते बोले की दुकान चलानी है तो रंगदारी देनी पड़ेगी।

वही पीड़ित ने तहरीर में बताया है कि उक्त आरोपित हमारे दुकान पर नव सितम्बर को भी आए थे और रंगदारी न देने पर धमकी देकर चले गए थे। वही घटना के बारे में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा जा रहा है।

# डॉक्टर का शव कमरे में मिला

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। रोहनिया के भदवर स्थित हेरिटेज मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर आवास के आठवें तल के कमरा नंबर 802 में शनिवार रात यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम शुभंकर (निवासी कंकड़बाग, पटना) का शव मिला। शुक्रवार शाम ड्यूटी के बाद आवास लौटे डॉ. गौतम शनिवार को अस्पताल नहीं पहुंचे। मोबाइल बंद मिलने पर सहकर्मी आवास पहुंचे, जहां दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया। कमरे में सिरिंज और एनेस्थीसिया की खाली शीशी मिली। इससे दवा की ओवरडोज से मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि महिला रिश्तेदार की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी में पत्नी से विवाद की बात सामने आई है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

# समूह से सशक्तिकरण तक ,बीमा सखी बनकर सुमन देवी ने रचा आत्मनिर्भरता का नया अध्याय

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। मन में यदि कुछ करने की ठान ली जाए तो सफलता अवश्य मिलेगी लेकिन! दृढ़ इच्छा शक्ति का होना नितांत जरूरी है।

जनपद वाराणसी के विकास खण्ड बड़ागांव की ग्राम पंचायत खररियाखास निवासी सुमन देवी कभी अपने परिवार के साथ घरेलू कार्यों तक ही सीमित थीं। इनके पति कृषि कार्य करते हैं और सुमन भी घरेलू जिम्मेदारियों के साथ पति के कार्यों में हाथ बंटाती थीं।

वर्ष 2020 में सुमन देवी मां सुखरज्जी स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद छोटे-छोटे पारिवारिक एवं आवश्यक कार्यों के लिए कई बार समूह से ऋण प्राप्त किया। समूह की बैठकों, बचत एवं ऋण गतिविधियों से उन्हें सामूहिकता और वित्तीय अनुशासन का महत्व समझ में आया। अपने नेतृत्व एवं सक्रियता के बल पर आज वे 'कृष्णा आजीविका महिला संगठन' की अध्यक्ष के रूप में महिलाओं का मार्गदर्शन कर रही हैं।

एक अवसर ने बदल दी दिशा जब सुमन को समूह के माध्यम से एलआईसी के बीमा सखी कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त हुई तो इस





अवसर को आत्मविश्वास के साथ अपनाया। 'आइआरडीए' की परीक्षा उत्तीर्ण की और एलआईसी एजेंट के रूप में अपने नए सफर की शुरुआत की।भविष्य की आर्थिक सुरक्षा एवं बीमा के महत्व के प्रति लोगो को जागरूक कर आय में वृद्धि, आत्मविश्वास में नई उड़ान बीमा सखी के रूप में कार्य करते हुए सुमन वर्तमान में लगभग 7,000 प्रतिमाह मानदेय तथा औसतन 10,000 प्रतिमाह कमीशन प्राप्त हो रहा है।

यह पहल ग्रेजुएट सुमन के लिए न केवल आय का नया साधन बनी है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान को मजबूत कर रही है।आज वे अपने परिवार की आर्थिक प्रगति में पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दे रही हैं।अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा बनीं सुमन अपने समूह एवं ग्राम संगठन की अन्य महिलाओं को भी निरंतर प्रेरित करती हैं कि वे अपनी क्षमता और हुनर को पहचानें, नए अवसरों से जुड़ें और अपनी आय में वृद्धि करें। वे महिलाओं को पीएम मोदी के लखपति महिला अभियान से जुड़ने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

आज ग्रेजुएट सुमन देवी अपने इस नए कार्य से बेहद प्रसन्न हैं और अपनी सफलता का श्रेय उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं एलआईसी को देती हैं।

# कूर्मि महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। अखिल भारतीय कूर्मि महासभा, जिला वाराणसी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को एक होटल में संपन्न हुई। बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह, संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में महासभा की ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एक नवंबर को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर 151 बच्चों एवं समाज के 51 वरिष्ठजनों सहित कुल 202 लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

संगठन विस्तार के क्रम में मदन गोपाल वर्मा को अखिल भारतीय कुर्मी महासभा, जिला वाराणसी का



जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश महासचिव राजेंद्र शंकर सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सेंट्रल बार एसोसिएशन वाराणसी के पूर्व महामंत्री कन्हैया लाल पटेल रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय सरदार सेवा संघ, भारत के अध्यक्ष अरविंद पटेल ने की। संचालन महासचिव रविशंकर पटेल ने किया।

बैठक में विनोद सिंह पटेल, रामकेश पटेल, एडवोकेट अजय वर्मा, अतुल पटेल, कैलाश पटेल, एडवोकेट वीरेंद्र कुमार पटेल, अश्विनी पटेल, पंकज पटेल, संदीप पटेल, शशिकांत पटेल, सुनील कुमार वर्मा, अनिल वर्मा, विजय पटेल, प्रज्वल पटेल, रितेश कुमार वर्मा, रजत कुमार वर्मा, अजय कुमार सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे।

# जनकवि धूमिल के खेवली में महिला कजरी महोत्सव का हुआ संगम

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। जन कवि धूमिल के गांव खेवली स्थित पुस्तकालय परिसर में प्रगति पथ फाउंडेशन और परोपकार फाउंडेशन की ओर से 'महिला कजरी महोत्सव' का आयोजन किया गया। महिला लोक कलाकारों ने कजरी गायन से भारतीय संस्कृति और माटी की महक बिखेर कर जीवंत कर दिया। गांवों से विलुप्त हो रही कजरी गीत को एक बार ग्रामीणों ने सुनकर अपनी परम्पराओं को याद किया।

महिला कजरी महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

महिला कजरी महोत्सव में क्षेत्र के कई टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमे मुख्य रूप से प्रेमा देवी काशीपुर,सीता देवी चकरा,दुर्गावती देवी तिवारीपुर, पुष्पा देवी गोसाईपुर,सीमा असवारी, नगीना सिहोरवा,नगीना देवी खेवली, धर्मा,गायत्री,मधु, भागमनी देवी की टीम के महिला कलाकारों ने मिर्जापुरी, बनारसी कजरी गीत और



लोक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कलाकार लोक परंपराओं को जीवंत रखते हैं। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस तरह के आयोजन से उनका मनोबल बढ़ाया जाए। कजरी गीत संवेदनाओं का संप्रेषण दर्शाती है। यह गीत सावन मास की पहचान है। विलुप्त हो रही इस परंपरा के संरक्षण की जरूरत है।

अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। आयोजक में मुख्य रूप से पर्यावरण व जल संरक्षण प्रेमी मनीष पटेल,समाजसेवी बृजेश पटेल,वरिष्ठ शिक्षक व समाजसेवी लौटन पटेल ने भूमिका निभाई।निर्णायक मंडल द्वारा प्रेमा देवी,राजनारायण पटेल, राम जी पटेल,विनोद कुमार द्वारा को प्रथम सीमा असवारी द्वितीय दुर्गावती देवी तिवारीपुर और तृतीय प्रेमा देवी काशीपुर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मुख्य रूप से पुष्पा देवी, नंदलाल,प्रियंका देवी, सूरज कुमार,रामसुंदर सहित गांव की महिला और पुरुष शामिल रहे। मनीष पटेल ,बृजेश पटेल व लौटन पटेल ने महिला कलाकारों व ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और अगले वर्ष उच्च पैमाने पर इस तरह का आयोजन कर जनपद स्तर के कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा।

# युसूफपुर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर शहीद पार्क में धरना-प्रदर्शन

## रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर गरजे नागरिक

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील के प्रमुख युसुफपुर रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों का धरना-प्रदर्शन आज तहसील परिसर के पास स्थित शहीद पार्क में जारी है। रविवार सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस आंदोलन में व्यापारियों, प्रबुद्ध नागरिकों, छात्रों और युवाओं की भारी भीड़ जुटी थी। धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने रेल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। आंदोलनकारियों का कहना है कि युसुफपुर स्टेशन क्षेत्रीय आवागमन का मुख्य केंद्र है। ट्रेनों का ठहराव न होने से विशेषकर गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु बड़े शहरों की यात्रा करने वाले मरीजों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी







असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लगातार ज्ञापनों और पूर्व में 7 सितंबर को दिए गए मांग-पत्र के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से जनता में भारी नाराजगी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप वर्मा "दीपू" के नेतृत्व में जारी इस धरने में वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती मीरा राय, डा. जनक कुशवाहा, हरजीत सिंह "विल्लू", नरजीत सिंह , रामजी गिरी, तेज बहादुर यादव "तेजू", औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष तनहाई खान, अशोक वर्मा



"मंत्री जी", सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश राय, डा. रामकांत यादव, समेत प्रमुख व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मंच पर डटे हुए हैं। प्रदर्शन में सर्राफा संघ अध्यक्ष अभय वर्मा, स्वर्णकार संघ अध्यक्ष अनिल प्रधान, रेडीमेड वस्त्र संघ अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता तथा गल्ला आढ़त संघ अध्यक्ष मोनू केसरी, संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, गुड्डू शर्मा, गोपाल गुप्ता,रामकेर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कस्बावासी और आसपास के ग्रामीण शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने दो-टूक कहा है कि जब तक युसुफपुर स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेलवे की ओर से ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक जनहित का यह संघर्ष जारी रहेगा।

# रास्ते की मांग को लेकर राजगढ़ क्षेत्र के दुबेपुर गांव में ग्रामीणों का प्रदर्शन

समाज जागरण

मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के दुबेपुर गांव में रास्ते की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी गांव में आवागमन के लिए समुचित रास्ते की सुविधा नहीं हो सकी है। आधे किलोमीटर का रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है अगर कोई मरीज एक्सीडेंटल या कोई और समस्या आ जाए तो उनके सामने मुश्किलों की समस्या खड़ी हो जाती है काफी लंबा घूमने से मरीजों की जान जोखिम से भरी होती है आजादी इतने वर्ष बीत गए लेकिन रास्ता न होने से ग्रामीणों को समस्या का समाधान नहीं मिल पाया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव को दूसरे गांवों से जोड़ने के लिए रास्ता तो प्रस्तावित है, लेकिन मीरजापुर-सोनभद्र हाईवे से सटा होने के बावजूद दुबेपुर गांव विकास की मुख्यधारा से कई कोस दूर नजर आता है। रास्ते की बदहाल स्थिति के कारण



स्कूली बच्चों समेत ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। राजगढ़ क्षेत्र में धरना दे रहे गांव के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर सामने आई जब रास्ते से गुजरते समय केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने गाड़ी को रुकवाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और मौके पर जाकर रास्ता न होने पर समस्या को दिखा ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर अपनी परेशानी उनके सामने रखी अनुप्रिया पटेल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अंदर पास का निर्माण कराया जाएगा इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस की और ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब वर्षों से चली आ रही रास्ते की समस्या का समाधान होगा और आवागमन सुगम होगा

# एक व्यक्ति और एक परिवार की गलती की कीमत चुकाता था पूरा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी

समाज जागरण

लखनऊ,13 सितम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गलती एक व्यक्ति करता है, लेकिन उसकी कीमत पूरे संस्थान को चुकानी पड़ती है। ठीक वैसे ही एक व्यक्ति और एक परिवार की गलती की कीमत उत्तर प्रदेश को पहचान के संकट, कानून व्यवस्था के भीषण संकट, अराजकता और भ्रष्टाचार के रूप में चुकानी पड़ती थी। कृत्य एक व्यक्ति गलत करता था और कीमत पूरा प्रदेश चुकाने को मजबूर होता था। आज पारदर्शिता और शुचिता के साथ आगे बढ़ रहे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट नहीं है। प्रदेश के लोग कहीं भी सीना तानकर कह सकते हैं कि वे उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के षष्ठम स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**साढ़े नौ वर्ष में 9.5 लाख सरकारी नौकरियां**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया जितनी पारदर्शी होगी, परिणाम उतने ही फलदायी होंगे। अच्छे लोगों का चयन नहीं होगा, चयन प्रक्रिया में विसंगति, भेदभाव और शुचिता का अभाव होगा तो उसकी कीमत पूरे संस्थान को चुकानी पड़ेगी। पिछले साढ़े नौ वर्ष में प्रदेश में 9.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। कोई यह नहीं कह सकता कि नियुक्ति में उसके साथ भेदभाव हुआ या किसी प्रकार का लेनदेन हुआ। प्रदेश में लगभग 16 लाख सरकारी कर्मचारी हैं, जिनमें 9.5 लाख वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भर्ती हुए हैं। यह युवा कार्यबल प्रदेश की प्रगति को नई गति दे रहा है।

**अंग प्रत्यारोपण यूनिट समेत कई सुविधाओं का लोकार्पण**

मुख्यमंत्री योगी ने संस्थान में तैयार मुख्य चिकित्सा अंग प्रत्यारोपण यूनिट सहित कई अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। इनमें 40 बेड का इमरजेंसी वार्ड, मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में 100 मरीजों की क्षमता वाला वेटिंग हाल आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अंग प्रत्यारोपण यूनिट से किडनी ट्रांसप्लांट की प्रतीक्षा सूची कम करने में मदद मिलेगी। बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा भी जल्द शुरू होने जा रही है। संस्थान रोबोटिक सर्जरी, गामा नाइफ, एआइ आधारित डायग्नोस्टिक, एडवांस इमेजिंग, टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के 10 जिलों में वर्चुअल आइसीयू का संचालन किया जा रहा है।

**अब चुनौती पैसे की नहीं, वेटिंग सूची कम करने की**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों के जिला अस्पतालों में 10-10 बेड पर निशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा और मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से जरूरतमंदों के उपचार के लिए धन उपलब्ध कराया जा रहा है। आज समस्या पैसे की नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती किडनी ट्रांसप्लांट सहित गंभीर उपचार के लिए लंबी प्रतीक्षा सूची को कम करने की है।

**20 बेड से 1,400 बेड का सुपर स्पेशियलिटी संस्थान**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में यह प्रश्न था कि यहां अस्पताल रहेगा या इसे संस्थान बनाया जाएगा। सरकार ने इसे संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया। कभी 20 बेड के छोटे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में शुरू हुआ परिसर आज 1,400 बेड के सुपर स्पेशियलिटी संस्थान में बदल चुका है। पहले यहां की शिकायतें से समाचारपत्र रंगे रहते थे, अब शिकायतें कम आती हैं। जनता की संतुष्टि ही किसी संस्थान की सफलता की कसौटी है। संस्थान में 1,010 बेड का नया अस्पताल और 350 बेड का ट्रॉमा सेंटर भी प्रस्तावित है।

**41 से बढ़कर 85 हुए मेडिकल कॉलेज**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर 41 मेडिकल कॉलेज थे, आज 85 मेडिकल कॉलेज और दो एम्स संचालित हैं। एमबीबीएस की सीटें 4,690 से बढ़कर 13,600 से अधिक और पीजी की सीटें 3,564 से बढ़कर 5,067 हो गई हैं। पहले केवल दो नर्सिंग कॉलेज थे, अब 26 बन चुके हैं और 33 निर्माणाधीन हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की संख्या 1,227 से बढ़कर 3,438 हो गई है।

# पटनाकला में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की मांग तेज, पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने तकनीकी शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

## १०-१५ किलोमीटर के दायरे में ITकनहीं होने से ग्रामीण छात्र-छात्राएं तकनीकी शिक्षा से वंचित, रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में उठाया कदम

**समाज जागरण**

अनूपपुर। ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर तकनीकी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर विधानसभा क्षेत्र-87 अनूपपुर के विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा की अनुसूचित जाति एवं जनजाति समिति के सभापति तथा पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री इंदर सिंह परमार को पत्र लिखा है। उन्होंने ग्राम पंचायत पटनाकला, जनपद पंचायत जैतहरी में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ( आईटीआई ) स्वीकृत कर संचालित किए जाने का अनुरोध किया है।

11 सितंबर 2026 को लिखे पत्र में बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि अनूपपुर प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत पटनाकला के सरपंच द्वारा क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता को लेकर पत्र एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। इसमें बताया गया है कि पटनाकला एक बड़ी ग्राम पंचायत है और इसके आसपास लगभग 20 से 25 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नहीं है।

अनूपपुर, बुढार और शहडोल जाना पड़ता है पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्थानीय स्तर पर तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनूपपुर, बुढार अथवा शहडोल जाना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थी बाहर रहकर पढ़ाई करने में सक्षम नहीं हैं। वहीं प्रतिदिन लंबी दूरी से आवागमन करना भी उनके लिए आसान नहीं है। इसका सीधा असर ग्रामीण विद्यार्थियों के तकनीकी एवं रोजगारपरक शिक्षा से जुड़ने के अवसरों पर पड़ रहा है। प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में अनेक युवा उद्योगों में उपलब्ध तकनीकी रोजगार के अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते। साथ ही तकनीकी कौशल के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने की संभावनाएं भी सीमित हो जाती हैं।

स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगारपरक प्रशिक्षण पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने मंत्री इंदर सिंह परमार से आग्रह किया है कि विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर के ग्रामीण छात्र-छात्राओं को तकनीकी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पटनाकला में नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र स्वीकृत कर संचालित कराया जाए। आईटीआई की स्थापना होने से पटनाकला सहित आसपास की पंचायतों के युवाओं को स्थानीय स्तर पर विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिल सकता है। इससे उन्हें उद्योगों में रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ तकनीकी कौशल के आधार पर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

बिसाहूलाल सिंह ने अपने पत्र में इसे ग्रामीण विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है। अब क्षेत्र के लोगों की नजर तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा इस मांग पर लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी है।

# जिले में नियम को ताक पर रखकर किया जा रहा है रेत उत्खनन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले में लगभग ब्लॉक के अंतर्गत नियम को ताक पर रखकर बालू का उत्खनन किया जा रहा है किंतु खनिज विभाग के अधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण रेत तस्कर के लोगों की हौसले बुलंद है। बताया जाता है कि जिले में पूर्व में सहकार ग्लोबल लिमिटेड कंपनी को बालू खनन का टेंडर दिया गया था लेकिन बाद में मामला न्यायालय में है। लेकिन वर्तमान समय में व्यवहारी बाणसागर, जैतपुर, बुढार, केस्वाही, गोहपारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले रेत तस्करों द्वारा शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उत्खनन कराया जा रहा है और खुले आम ट्रैक्टर या फिर मेटाडोर नदी के अंदर प्रवेश कराया जाता है।

जो 'मैनेज' नहीं हुआ, उसके लिए विशेष 'ट्रीटमेंट'! यह अद्भुत नियम सिर्फ इसी दफ्तर का नहीं है; हमारे तंत्र का शाश्वत नियम है–"जो विभाग जितना भ्रष्ट, वहां लाइजनिंग का बजट उतना ही मस्त।" लिखने वालों को खरीदने के लिए हर जगह मंडियां सजी हैं। * साम, दाम के बाद 'दंड': जो नकद के लालच में नहीं आता, उसे डराया-धमकाया जाता है। * साजिशों का दौरः तंत्र के रसूखदार लोग अपनी पूरी ताकत इन निष्पक्ष आवाजों को चुप कराने, डराने और झूठे मामलों में उलझाने में लगा देते हैं। क्योंकि इस चोर-बाजार में ईमानदारी सबसे बड़ा 'थ्रेट' (खतरा) बन चुकी है।

**खनिज विभाग का 'डिजिटल ब्लाइंडनेस'**

खनिज विभाग के साहबान और उनके मातहत इस पूरे खेल से ऐसे बेखबर हैं जैसे वे किसी दूसरे ग्रह पर रहते हों। चपरासी से लेकर आला अफसरों तक फैले इस 'मैनेजमेंट नेटवर्क' की बदौलत ही पूरे जिले में करोड़ों की रेत बिना किसी शोर के गायब हो रही है। मोबाइल भले ही बंद करवा दिए जाएं, लेकिन जनता की आंखें सब देख रही हैं।

# सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएगा सेवा संकल्प अभियान : सांसद डॉ. राजेश मिश्रा

## मोदी जी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा रक्तदान शिविर का होगा आयोजन सांसद डॉ. राजेश मिश्रा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा चलाएगी एक माह का सेवा संकल्प अभियान**

**समाज जागरण**

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल आयोजित किया जा रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने अभियान की जानकारी देने के लिए रविवार को शहडोल ह्यअटल निलयह्ल जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीधी लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प के साथ अपने सार्वजनिक जीवन में निरंतर कार्य किया है। आगामी 7 अक्टूबर 2026 को उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा एक माह तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष प्रधानमंत्री के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने का अवसर विशेष है। इसलिए जनसेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस बार एक माह का सेवा संकल्प अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जहां किसी सरकार का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होना भी एक उपलब्धि माना जाता है, वहीं भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त कर उनकी सेवा करना अपने आप में असाधारण उपलब्धि है। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण और स्वर्णिम अध्याय है। पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में सीधी लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी व जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट सह मीडिया प्रभारी अरुण द्विवेदी उपस्थित रहे पत्रकार वार्ता का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने किया एवं आभार भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा द्वारा किया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में आया बदलाव सांसद श्री राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने तथा 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराने जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया है। कोरोना महामारी के दौरान देशवासियों को 200 करोड़ से अधिक निःशुल्क कोविड टीके उपलब्ध कराना भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि ऐसे कार्य हैं, जिनसे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। निराशा के दौर से विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचा भारत उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला, उस समय देश में निराशा का वातावरण था। नीति-निर्णय के स्तर पर ठहराव की स्थिति को लेकर चर्चा होती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। आज भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थ व्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान, साख और सम्मान में लगातार वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विभिन्न देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा मिले सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं हैं, बल्कि यह 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य और पुरुषार्थ का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। आतंकवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है और नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण सफलता मिली है। मध्यप्रदेश सहित देश के अनेक क्षेत्रों में नक्सलवाद का प्रभाव तेजी से कम हुआ है। जिले के प्रत्येक बूथों पर 17 सितंबर को प्रज्वलित होगा आशीर्वाद का दीपक सांसद श्री राजेश मिश्रा ने बताया कि 17 सितंबर को युवा मोर्चा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं शाम 7 बजे ह्यआशीर्वाद का दीपकह्ल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत शहडोल जिले के प्रत्येक बूथों के प्रत्येक परिवार द्वारा आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनआशीर्वाद और सेवा संकल्प के भाव को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के प्रत्येक बूथ और परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संगठन स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। नमो सेवा–अनकही कहानियां के माध्यम से गांव-गांव पहुंचेगा सेवा का संदेश सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा–अनकही कहानियां कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्यों, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश और आमजन के जीवन में आए बदलावों को 15 से 20 मिनट के भावनात्मक एवं संगीतपूर्ण नाट्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, पंचायत, सामुदायिक केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर किया जाएगा। 2 अक्टूबर को प्रमुख स्थानों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनभागीदारी को मिलेगा विस्तार उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन आंगन मिलन सेवा, सेवा की कहानी, वडनगर से वाराणसी सेवा यात्रा, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग राष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज और सुशासन सेवा संवाद जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अलग-अलग टोली एवं सदस्यों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा, सुशासन, जन भागीदारी और विकसित भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# उमंग दिवस पर विद्यार्थियों को मिला स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल का मार्गदर्शन

**उमंग हेल्पलाइन 14425 की दी जानकारी किशोर-किशोरियों की समस्याओं के समाधान में काउंसलिंग को बताया उपयोगी**



**समाज जागरण**

अनूपपुर। राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शानुसार शनिवार, 12 सितंबर 20 26 को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बस्ती, अनूपपुर में उमंग दिवस एवं हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ अभिभावकों, नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सह भागिता की। संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उमंग हेल्पलाइन 14425 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोर-किशोरियां अपनी व्यक्तिगत, शैक्षणिक अथवा अन्य समस्याओं के संबंध में शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए काउंसलरों से मार्गदर्शन एवं समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वस्थ, सजग, आत्म विश्वासी और सकारात्मक जीवन के लिए आवश यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे एवं गलत आदतों से दूर रहने, अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी समस्याओं को साझा करने के संबंध में जानकारी दी गई। काउंसलिंग सुविधा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं का उचित समाधान एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं सविता प्रजापति, शैल शर्मा एवं विद्या राठौड़ ने भी उमंग कार्यक्रम के विभिन्न लाभों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों ने उमंग एवं हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अमृत समान पहल बताया। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों को कई ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिन्हें वे माता-पिता के साथ साझा करने में संकोच करते हैं। ऐसे में शासन द्वारा काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत उपयोगी एवं सराहनीय प्रयास है। इससे विद्यार्थी बिना संकोच अपनी समस्याएं साझा कर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। अंत में संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों, नागरिकों, जन प्रति निधियों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में समाज की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

# रामलाल रौतेल के खिलाफ कथित आपत्तिजनक फेसबुक टिप्पणियों को लेकर एफआईआर की मांग

**समाज जागरण**

चचाई । भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर ग्रामीण चचाई मंडल के मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर ग्रामीण चढ़ाई मंडल के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सत्यनारायण फुक्कू सोनी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने थाना प्रभारी चचाई को सामूहिक ज्ञापन सौंपकर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल के संबंध में फेसबुक पर कथित रूप से अश्लील, अभद्र, आपत्तिजनक एवं गाली-गलौज वाली टिप्पणियां किए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रामलाल रौतेल के फेसबुक अकाउंट पर एक फोटो पोस्ट की गई थी, जिस पर आमजन एवं पार्टी कार्यकताओं द्वारा सम्मानजनक एवं सकारात्मक टिप्पणियां की गईं। आरोप है कि इसी पोस्ट पर लक्ष्मीनारायण गुप्ता नामक फेसबुक यूजर द्वारा कथित तौर पर आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। ज्ञापन में कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा एक ही पोस्ट पर एक से अधिक आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने की बात सामने आई है।

ज्ञापन में भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि रामलाल रौतेल लंबे समय से जनसेवा एवं संगठन के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे पूर्व विधायक के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं तथा वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के रूप में दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग गंभीर विषय है।

कार्यकताओं ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर संबंधित फेसबुक पोस्ट एवं टिप्पणियों की सत्यता की जांच कराने तथा दोष सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफ आईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# शहडोल में एसपी का औचक निरीक्षण, अवैध रेत खनन से लेकर पुलिस चौकी की व्यवस्थाओं तक लिया जायजा

**रेत डंप मिलने पर खनिज विभाग को पत्राचार, मेडिकल कॉलेज चौकी में सुविधाओं की कमी पर सुधार के निर्देश; क्रमिक अनशन स्थल का भी किया निरीक्षण**



**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले में कानून-व्यवस्था, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय अग्रवाल ने थाना सोहागपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संभावित अवैध रेत उत्खनन क्षेत्रों का जायजा लेने के साथ मेडिकल कॉलेज चौकी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं, थाना कोतवाली क्षेत्र के जयस्तंभ चौक पर क्रमिक अनशन से जुड़े विवादित घटना स्थल का भी पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। अवैध रेत खनन की सूचना पर पहुंचे रेत उत्खनन क्षेत्रों में

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की सूचनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने थाना सोहागपुर क्षेत्र के ग्राम नरवार, बिजौरी और झीरसागर के संभावित रेत उत्खनन क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी ने स्वयं इन क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर भौगोलिक स्थिति एवं मौके की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। सघन चेकिंग के दौरान मौके पर सक्रिय रूप से रेत उत्खनन होता नहीं पाया गया। हालांकि, झीरसागर के समीप काफी मात्रा में रेत का भंडारण मिला। भंडारित रेत के संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए खनिज विभाग को पत्राचार किया गया है।

पूर्व में समाचार पत्रों में वन क्षेत्र में अवैध खनन से संबंधित प्रकाशित खबरों को भी पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर तस्दीक की। इस दौरान वन क्षेत्र का सघन निरीक्षण करने के साथ वन कर्मियों के साथ विवाद की घटना से जुड़े स्थल का भी निरीक्षण किया गया। मेडिकल कॉलेज चौकी में सुविधाओं की कमी पर एसपी ने जताई चिंता निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना सोहागपुर के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज चौकी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां चौकी का संचालन बेहद छोटे एवं संकीर्ण कमरे में होता पाया गया, जो पुलिस के दैनिक कार्यों के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों तथा अपनी शिकायतें लेकर आने वाले आम नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव सामने आया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को चौकी की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने तथा आवश्यक बुनियादी सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलने के साथ आम नागरिकों को भी सुगम एवं त्वरित पुलिसिंग सेवाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। क्रमिक अनशन स्थल का भी किया निरीक्षण थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत जयस्तंभ चौक में विभिन्न मांगों को लेकर 15 अगस्त 2026 से क्रमिक अनशन पर बैठे आवेदक केशव चौधरी की शिकायत के परिप्रेक्ष्य में पुलिस प्रशासन ने संबंधित घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर संबंधित पक्षों से चर्चा कर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण के दौरान डीएसपी मुख्यालय मोहन दुबे, थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक रामायण प्रसाद रावत, रक्षित निरीक्षक शहडोल अनुरुद्ध मीणा सहित थाना सोहागपुर का पुलिस बल मौजूद रहा। अवैध गतिविधियों पर लगातार रहेगी नजर पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए औचक निरीक्षण, सघन चेकिंग और थाना स्तर पर गश्त लगातार जारी रहेगी। साथ ही पुलिस चौकियों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे।

# प्रसूता और नवजात की मौत के बाद न्याय की मांग, पिता का आमरण अनशन जारी

**समाज जागरण**

रीवा। संजय गांधी अस्पताल, रीवा में 26 अगस्त 2026 को प्रसूता कल्पना मिश्रा और उनके नवजात शिशु की मौत के मामले ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका के पिता रामशिरोमणि ने उपचार में चिकित्सकों द्वारा घोर लापरवाही किए जाने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है kन्याय की मांग को लेकर रामशिरोमणि 2 सितंबर 2026 से रीवा के सिरमौर चौराहे पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

**चिकित्सक के खिलाफ FIR की प्रमुख मांग**

रामशिरोमणि ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन के सामने न्याय की गुहार लगाई है। उनकी प्रमुख मांग है कि मामले में जिम्मेदार चिकित्सक के खिलाफ FIR दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।

अनशन के दौरान उनके साथ कुंज बिहारी तिवारी, प्रमोद शर्मा, रहीश शुक्ला, पुष्पेंद्र तिवारी, अनिल सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य और समर्थक मौजूद हैं।

**सोशल मीडिया से लेकर समाचार पत्रों तक पहुंचा मामला**

कल्पना मिश्रा और उनके नवजात शिशु की मौत के बाद शुरू हुआ यह आंदोलन अब सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। मामले को लेकर जिलेवासियों के बीच भी संवेदनाएं सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि उपचार में लापरवाही के आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। फिलहाल रामशिरोमणि का आमरण अनशन जारी है और सभी की नजरें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# कलकत्ता से आए व्यापारियों से अवैध वसूली नहीं काटी जा रही रसीद

**नगर पालिका पर लाखों के वारा न्यारे के आरोप**



**समाज जागरण**

उमरिया –जिला मुख्यालय में नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बस स्टैंड और सब्जी मंडी परिसर में पिछले 15 दिनों से चल रहे कलकत्ता बाजार मेले में खुलेआम अवैध वसूली का खेल चल रहा है।

इस मेले में लगभग 300 दुकानें लगी हैं। व्यापारियों का आरोप है कि नगर पालिका उमरिया के दो कर्मचारी प्रतिदिन प्रत्येक दुकानदार से 200 से 300 रुपये तक की बैठकी वसूलते हैं, लेकिन बदले में नगर पालिका की कोई वैध रसीद नहीं दी जाती।

**लाखों का हिसाब गायबः**

यदि एक दिन का औसत 250 रुपये भी माना जाए तो 300 दुकानों से प्रतिदिन 75 हजार रुपये और 15 दिनों में 11 लाख रुपये से अधिक की वसूली बनती है। इतनी बड़ी राशि का कोई हिसाब-किताब नगर पालिका के रिकॉर्ड में नहीं है। इससे साफ है कि यह पैसा शासन के खजाने में जमा न होकर सीधे निजी जेब में जा रहा है। होना यह चाहिए कि मेले में सभी व्यापारियों की पूरे एक माह की बैठकी की राशि एक मुश्त एडवांस में लेकर रसीद काटी जानी चाहिए।

सबसे बड़ा सवाल - जब जिला मुख्यालय में ही लूट, तो गांवों का क्या होगा? गौर करने वाली बात यह है कि जब जिला मुख्यालय की नगर पालिका में ही इस तरह की वित्तीय अनियमितता और धांधली खुलेआम चल रही है, तो अन्य जगहों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बिना रसीद के पैसा लेना सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

बाहर से रोजगार के लिए आए गरीब व्यापारियों ने कलेक्टर उमरिया से मामले की निष्पक्ष जांच, वसूली गई राशि का ऑडिट और दोषी कर्मचारियों के साथ-साथ इसमें शामिल अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है :- इस संबंध में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जब इस मामले में चर्चा की गयी तो उनका कहना है की आफ लाइन रसीद नहीं दी जा रही है, फिर आन लाइन काटी जायेगी

# उधारी के विवाद को लेकर दुकानदार से गाली-गलौज और धमकी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पर अमलाई थाने में एनसीआर दर्ज

**समाज जागरण**

अमलाई। नगर परिषद बकहो क्षेत्र में उधारी के सामान को लेकर हुए विवाद में दुकानदार द्वारा अमलाई थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जवाहर राव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 के तहत गैर-संज्ञेय अपराध की सूचना रिपोर्ट (एनसीआर) दर्ज की है। पुलिस अभिलेख के अनुसार शिकायतकर्ता ओमप्रकाश प्रजापति, पिता स्व. रामप्यारे प्रजापति, उम्र 50 वर्ष, निवासी नगर परिषद बकहो, थाना अमलाई ने बताया कि वह ठेली, नीड्स एवं ऑटो पार्ट्स की दुकान संचालित करता है। शिकायत के मुताबिक जवाहर राय से उसकी करीब दो वर्ष से जान-पहचान है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व जवाहर राय ने उसकी दुकान से उधारी पर वाहन का टायर लगवाया था, जिसकी राशि कथित रूप से अब तक बकाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 9 सितंबर 2026 की रात करीब 11 बजे वह अपनी दुकान बंद कर रहा था, तभी जवाहर राय वहां पहुंचा और उससे गुटखा मांगने लगा। गुटखा उपलब्ध नहीं होने की बात कहने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जवाहर राव ने नाराज होकर गाली-गलौज की तथा मारपीट करने के लिए दौड़ा और दुकान तोड़ने एवं जलाने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार विवाद के दौरान शोर सुनकर रिंकू शुक्ला और अनिल वर्मन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि घटना में उसे कोई चोट नहीं आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर क्रमांक 0931/2026 दर्ज किया है। एनसीआर में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 352 का उल्लेख किया गया है। पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता को संबंधित न्यायालय से सहायता लेने की सलाह भी दी गई है।

# हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर हुई कवि गोष्ठी

## - रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में दयानंद दयालु साहित्य संस्थान के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**समाज जागरण/ डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में दयानंद दयालू साहित्य संस्थान के तत्वावधान में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को माता हिंदी को समर्पित काव्य संध्या का आयोजन हुआ। आयोजन की अध्यक्षता शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक ने किया। मुख्यअतिथि अजय चतुर्वेदी कक्का, विशिष्ट अतिथि गण दिवाकर दिवेदी मेघ व राकेश शरण मिश्र एड रहे। संचालन शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी प्रमुख प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने किया। वाणी वंदना




करते हुये सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम ने जयति जय माँ शारदे से स्तवन पश्चात आयोजन का आगाज हुआ। धर्मेश चौहान एड, प्रभात सिंह चंदेल, विवेक चतुर्वेर्दी, दयानंद दयालू, मदन चौबे ने माता हिंदी को समर्पित रचना पाठ विविधता युक्त कर लोगों का मन मोहा।नव हस्ताक्षर विनोद कुमार ने बेहतरीन काव्य पाठ कर रिझाया।कौशल्या कुमारी चौहान ने अगर किसी से दगा करोगे तुझे मोहब्बत नहीं मिलेगी सुनाकर उर्जा संचरण कीं सराही गयीं। प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी ने संचालन करते हुए हिंदुस्तान की भाल है हिंदी सुनाया वाहवाही लूटी। ईश्वर विरागी ने नवगीत से माँ हिंदी का वंदन किया। अजय चतुर्वेदी कक्का ने हास्य व्यंग्य की समसामयिक टिप्पणी व कटाक्ष से खूब तालियां बजवाते रहे। अशोक तिवारी एड ने, खौफ है नहीं कोई धूप में नहाने से तो वहीं दिवाकर दिवेदी मेघ व राकेश शरण मिश्र ने आदमीयत की परिभाषा देकर कविता को नया आयाम दिये। अध्यक्षता करते हुए शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी ने हिंदी को समर्पित वक्तव्य व माता हिंदी पर कविता सुनाकर आयोजन को ऊंचाई दिये। तथा हिंदी के दशा, दिशा, दुर्दशा को बिंबित कर हमें हिंदी के प्रति सजग रहने हर जगह प्रयोग करने की वकालत कर अपने अध्यक्षीय काव्य पाठ से आयोजन को विराम दिये। इस अवसर पर ऋषभ त्रिपाठी, जयशंकर त्रिपाठी, श्याम मोहन पांडेय, नारायण जी मौर्य, गोपाल, बंगाली, फारुख अली, अनीषा चौहान, हर्ष चौहान, राधा प्रसाद चौहान, पुरुषोत्तम, ठाकुर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# शक्तिनगर. सीईआरसी अध्यक्ष व सचिव ने एनटीपीसी सिंगरौली का किया दौरा

**समाज जागरण/ अकबर अली**



सोनभद्र। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के अध्यक्ष जिष्णु बरुआ एवं सचिव हरप्रीत सिंह प्रूथी ने एनटीपीसी सिंगरौली का दौरा कर विद्युत उत्पादन, तकनीकी उत्कृष्टता, सुरक्षा व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और स्टेज-III परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ई. प्रभाकर राव के नेतृत्व में अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दौरे के दौरान सीएसआर के तहत गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन (GEM) की बालिकाओं को स्कूल बैग व स्टेशनरी किट तथा जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। सीईआरसी अध्यक्ष व सचिव ने बालिकाओं से संवाद कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्टेडियम परिसर में पौधरोपण किया और आधुनिक जिम का उद्घाटन भी किया।अतिथियों ने सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, स्टेज-III परियोजना क्षेत्र तथा यूनिट संख्या-06 के नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्युत उत्पादन प्रक्रिया, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं, परियोजना प्रगति और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी। प्रशासनिक भवन के संकल्प सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में ई. प्रभाकर राव ने एनटीपीसी सिंगरौली की उपलब्धियों और भावी कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया। जिष्णु बरुआ ने ऊर्जा क्षेत्र में विश्वसनीयता, दक्षता, सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान विद्युत क्षेत्र की भावी चुनौतियों, परियोजना विकास और नियामकीय विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ दौरे के समापन पर अतिथियों के सम्मान में गजल संध्या आयोजित की गई।

# कर्मा पूजा महोत्सव में शामिल होने पहुंचे वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चोपन में हुआ जोरदार स्वागत

**समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे**

चोपन/ सोनभद्र। जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव कर्मा पूजा 2026 के विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सोनभद्र पहुंचे। सोमवार को ग्राम पंचायत कोटा तथा मंगलवार को ग्राम पंचायत बागेसोती में प्रस्तावित कार्यक्रमों में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सोनभद्र पहुंचने के दौरान चोपन से गुजरते समय नर सेवा नारायण सेवा स्थल पर भाजपा कार्यकताओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा उनका जोरदार



स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने को लेकर चर्चा भी हुई।वक्ताओं ने कहा कि कर्मा पूजा जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, प्रकृति के प्रति आस्था तथा सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने स्वागत के लिए उपस्थित कार्यकताओं एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत करते हैं। बताया गया कि सोमवार को ग्राम पंचायत कोटा में तथा मंगलवार को ग्राम पंचायत बागेसोती में जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव कर्मा पूजा 2026 के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोगों के साथ ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद जी, जिलाध्यक्ष विमल सिंह जेसी, सत्यप्रकाश तिवारी, ओमप्रकाश जी, नर सेवा नारायण सेवा के संयोजक मनोज चौबे, दीपक दुबे, अजीत कुमार, विनीत पाण्डेय, संजय कुमार, विनित शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# गुरमा मे 13.64 लाख की समरसेबल पानी टंकी बनी शोपीस, बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग!

**आदर्श रंगमंच पर रोजाना गतिविधियां, अक्टूबर में रामलीला की तैयारी—फिर भी जलापूर्ति ठप; कागजों में दौड़ रही सप्लाई**

**रामलीला से पहले पानी का संकट! 13.64 लाख की टंकी बनी सफेद हाथी**



**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चुर्क-गुरमा नगर पंचायत क्षेत्र के गुरमा स्थित आदर्श रंगमंच के समीप 13 लाख 64 हजार रुपये की लागत से तैयार कराई गई समरसेबल पानी टंकी नगरवासियों के लिए शोपीस बनकर रह गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी तैयार होने के बावजूद धरातल पर पानी की नियमित सप्लाई नहीं हो रही है, जबकि कागजों में व्यवस्था संचालित होने की बात सामने आ रही है।बताया गया कि करीब तीन महीने में टंकी का निर्माण पूरा कराया गया था। इससे लोगों को पेयजल समस्या दूर होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं होने से आज भी लोग सरकारी हैंडपंपों पर निर्भर हैं। रंगमंच पर आयोजन, लेकिन पानी की व्यवस्था नदारद आदर्श रंगमंच के समीप आए दिन बच्चों के खेलकूद सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। वहीं अक्टूबर माह में रामलीला शुरू होने की संभावना है। ऐसे में रंगमंच परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन पानी की व्यवस्था बाधित होने से आयोजकों और स्थानीय लोगों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो सकती है।ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर लगातार सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, वहीं लाखों रुपये की लागत से बनी पानी टंकी का उपयोग नहीं हो पाना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। 13.64 लाख खर्च, फिर पानी कहां है? वार्ड नंबर-2 के सभासद प्रतिनिधि मनोज कुमार समेत स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी से समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने टंकी और जलापूर्ति व्यवस्था की तकनीकी जांच कराकर खामियों को दूर करने तथा नियमित पानी उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।लोगों का सवाल है कि जब पेयजल सुविधा के लिए 13.64 लाख रुपये खर्च किए गए हैं तो उसका लाभ जनता को आखिर कब मिलेगा? ग्रामीणों ने परियोजना की मौके पर जांच कराने की भी मांग की है। अधिकारी का पक्ष नहीं मिल सका मामले में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज से फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन पूरी घंटी जाने के बावजूद उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। अब देखना यह है कि अक्टूबर में रामलीला शुरू होने से पहले आदर्श रंगमंच के समीप बनी लाखों रुपये की यह पानी टंकी लोगों की प्यास बुझा पाती है या फिर शोपीस बनकर ही खड़ी रहती है।

# ओबरा में गरजी पत्रकारों की एकजुट आवाज, दिसंबर में होगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का भव्य जिला सम्मेलन

## जिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर मंथन, संगठन की मजबूती और पत्रकार हित के मुद्दों पर बनी सहमति

**समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे**

ओबरा/ सोनभद्र। ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता की आवाज को मजबूती देने वाले ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) की ओबरा तहसील इकाई की महत्वपूर्ण तहसील स्तरीय बैठक रविवार को नगर स्थित किड्स केयर इंग्लिश स्कूल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अमरदीप सिंह ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, पत्रकारों की एकजुटता, पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित भव्य जिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनमोहन शुक्ला ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में सोनभद्र में ग्रामीण



पत्रकार एसोसिएशन का जिला सम्मेलन प्रस्तावित है। सम्मेलन को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अभी से पूरी सक्रियता के साथ जुट जाएं। उन्होंने कहा कि ओबरा तहसील क्षेत्र के कोने-कोने में कार्यरत पत्रकार साथियों की शत-प्रतिशत सहभागिता सम्मेलन में सुनिश्चित की जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में तमाम चुनौतियों के बीच पत्रकार निडरता और निष्पक्षता के साथ समाज की समस्याओं को सामने लाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे पत्रकारों की समस्याओं को संगठन के मंच से मजबूती से उठाना और उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता है।

बैठक के दौरान जिला संरक्षक सत्यपाल सिंह ने संगठन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त, अनुशासित एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इसी क्रम में ओबरा तहसील के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा उपस्थित वरिष्ठ एवं सम्मानित पत्रकार साथियों को संगठन के आधिकारिक परिचय पत्र (आईडी कार्ड) वितरित किए गए। वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकार और एकजुटता बेहद महत्वपूर्ण है। पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका और अधिक मजबूत होनी चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने संगठन के विस्तार, आपसी समन्वय, पत्रकार हितों की रक्षा तथा ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर भी अपने विचार रखे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और पत्रकार कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

किड्स केयर इंग्लिश स्कूल परिसर में आयोजित बैठक में ओबरा तहसील क्षेत्र के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े बड़ी संख्या में पत्रकार, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। बैठक के समापन पर आगामी जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी ने सामूहिक रूप से तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

# श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर मानस परिवार समिति के तीसरी बार अध्यक्ष बनें नीरज पाठक

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। नगर क्षेत्र के ऊंची पहाड़ी पर स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर के आगामी स्थापना दिवस समारोह मनाने को लेकर शनिवार की शाम मंदिर के मंहत पंडित मुरली तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः नीरज पाठक को मानस परिवार समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके पूर्व संगीतमय सुंदरकांड पाठ व उपस्थित लोगों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया।



अचलेश्वर महादेव मंदिर फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे कलश यात्रा, नवाह्न पाठ, मानस प्रवचन, समेत अन्य कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए समिति की बैठक में समिति की कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संरक्षक सजावल पाठक, मुकेश जैन आदि द्वारा संगठनात्मक बिंदु पर चर्चा करते हुए पुनः सर्वसम्मति से पूर्व की कमेटी को जिम्मेदारी सौंप कर अवधि विस्तार किया गया। महामंत्री पवन शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, संतोष कुमार बबलू , सुरेश नारायण सिंह, संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष राजवंश चौबे, मनोज चौरसिया, मंत्री संतोष त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा, अजय दुबे, रिशु जायसवाल विधि सलाहकार संजय पांडेय,ईश्वर जायसवाल, मीडिया प्रभारी जगदीश तिवारी, गिरीश तिवारी ,उप सचिव मणिशंकर राय, कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश तिवारी को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष नीरज पाठक ने कहा कि सभी के सहयोग से कलश यात्रा व रामकथा व अन्य पूजन भव्य तरीके से मनाया जाएगा जिसके लिए हम सभी को अभी से प्रभु कार्य में लग जाना है ।बैठक के बाद मंदिर मे विराजमान सभी देवी-देवताओं की भव्य आरती उतारी गई।हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो उठा। अंत में मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान रविन्द्र पाण्डेय, राजेश पटेल, अनिकेत श्रीवास्तव, राकेश राय, रिषि उपाध्याय, अनिल चौबे, शुभम तिवारी, शिवम तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) के जिला समागम में उमड़ा कार्यकताओं का हुजूम, 2027 के लिए संगठन मजबूत करने पर जोर

**समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे**

सोनभद्र। निजी लॉन में रविवार को अपना दल (एस) के जिला समागम सम्मेलन में कार्यकताओं का भारी हुजूम उमड़ा। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक सम्मेलन में पहुंचे। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। सम्मेलन में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं से एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल को याद करते हुए उनके संघर्ष और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से गांव-गांव और घर-घर संगठन को मजबूत करने के साथ




प्रत्येक घर पर पार्टी का झंडा लगाने का आह्वान किया। विधानसभा प्रभारियों को भी इस अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई। अनुप्रिया पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र के नेताओं, कार्यकताओं और शुभ चिंतकों की मेहनत से इतना बड़ा कार्यक्रम संभव हुआ है। बुजुर्गों, माताओं-बहनों, बेटियों और युवाओं की भारी मौजूदगी पार्टी के प्रति उनके गहरे जुड़ाव को दशार्ती है। उन्होंने लंबे समय से पार्टी के संघर्ष से जुड़े कार्यकताओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन्हीं कार्यकताओं ने अपना पूरा जीवन संगठन को मजबूत करने में लगा दिया। नींव के पत्थरों की तरह इन कार्यकताओं ने पार्टी की इमारत को बुलंद किया है। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) सामाजिक न्याय की लड़ाई को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीमित राजनीतिक ताकत के बावजूद पार्टी ने सरकार में रहते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और उनके समाधान के लिए संघर्ष किया।आउटसोर्सिंग की नौकरियों में आरक्षण और नीट परीक्षा में ओबीसी आरक्षण लागू कराने के मुद्दे को उन्होंने पार्टी की उपलब्धि बताया। मीडिया से बातचीत में अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को हर जिले में मजबूत किया जा रहा है। एनडीए में शामिल सभी दलों के प्रत्याशी की जीत के लिए अपना दल (एस) का संगठन पूरी ईमानदारी और मजबूती से काम करेगा। डबल इंजन सरकार और अपना दल (एस) की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। सीटों के बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि फिलहाल एनडीए में सीट शेयरिंग पर कोई चर्चा नहीं हुई है। सभी दलों के नेतृत्व की बैठक के बाद सीटों का बंटवारा तय होगा। अपना दल (एस) की मांग है कि उसे अधिक से अधिक सीटें मिलें। उन्होंने कहा कि सीटों का फैसला जीत की संभावना और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के आधार पर किया जाएगा। जातीय जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निर्णय से पहले अपना दल (एस) लगातार सड़क से संसद तक इसकी मांग उठाता रहा है। बाद में केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया।

सपा के पीडीए नारे पर निशाना साधते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि केवल नारा देने से पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों का भला नहीं होता। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) ने नीट में ओबीसी आरक्षण लागू कराने के लिए मजबूती से आवाज उठाई। पार्टी अपने काम और संघर्ष का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच जाएगी और इसी आधार पर 2027 में समर्थन मांगेगी।

# नकली नोट बनाने वाले गिरोह के दो सदस्य ग्रामीणों के हत्थे चढ़े, पुलिस के हवाले

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के सागोबांध बाजार में रविवार की सुबह नकली नोट बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को ग्रामीणों ने केमिकल और पेपर बंडल सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी 30 हजार रुपये लेकर 1 लाख 5 हजार रुपये के नकली नोट केमिकल से धोकर तैयार करते थे। रविवार को सागोबांध बाजार में नोटों का लेन-देन करते समय ग्रामीणों को शक हुआ, जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी में उनके पास से केमिकल और पेपर बंडल बरामद हुए। पड़ोस के छत्तीसगढ़ प्रान्त में इस कारोबार की भनक पहले से थी ग्रामीणों को। मामले को लेकर दो लोगों ने बभनी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस बावत उपनिरीक्षक मक्खन लाल ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्यवाही किया जाएगा।



# भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पर सपा का प्रदर्शन, महिला उत्पीड़न और अपराधों को लेकर जताया आक्रोश

**समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे**

सोनभद्र। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न और किसानों, व्यापारियों व नौजवानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने रविवार को आरटीएस चौक पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था में सुधार और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार एक तरफ प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर होने और जीरो टॉलरेंस की बात करती है, जबकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। उन्होंने आरोप




लगाया कि प्रदेश में हत्या, लूट और महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने गोंडा में निषाद समाज के विनोद साहनी की हत्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भाजपा के सहयोगी दल के मंत्री तक धरने पर बैठने को मजबूर हो रहे हैं। प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि सरकारी सहायता मांगने पहुंच रही महिलाओं और बेटियों के साथ भी गंभीर दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक स्थिति है और सरकार को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सपा नेता राजाराम पाल और बचोले पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज के लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से सभी वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भेदभाव के आरोपों को दूर करने की मांग की। महिला कार्यकर्ता हीरावती भारती ने कहा कि महिलाएं मौजूदा सरकार में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी सहायता के लिए पहुंचने वाली महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा ही सुरक्षित नहीं है तो सरकार के महिला सुरक्षा के दावे पर सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रदर्शनकारियों ने किसानों, व्यापारियों और नौजवानों से जुड़े मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। सपा कार्यकताओं ने सरकार से कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में सुनील शर्मा, जुनैद अंसारी, अमर भारती, सुरेश अग्रहरी, रमाशंकर गुप्ता, प्रकाश केवट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी आगे भी आंदोलन करती रहेगी।

# खीरा चोरी रोकने के लिए खेत में दौड़ाया करंट, 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत; आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

चांडिल। चौका थाना क्षेत्र में खीरा चोरी रोकने के लिए खेत में बिछाए गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फूलचंद मांझी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके खेत से लगातार खीरे की चोरी हो रही थी। चोरी से परेशान होकर उसने खेत की घेराबंदी लोहे के तार से कर दी और उसमें बिजली का करंट प्रवाहित कर दिया। इसी दौरान राम विकास महतो खेत में पहुंचे और करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

सुबह खेत में राम विकास महतो का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद चौका थाना की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से खेत में लगाए गए करंट प्रवाहित लोहे के तार को बरामद कर जब्त कर लिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका भी जताई थी। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि खेत की सुरक्षा के लिए इस तरह जानलेवा तरीके से बिजली का करंट प्रवाहित करना गंभीर अपराध है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# एसआईआर कर्मी बनकर फ्लैट में घुसे बदमाशों ने महिला को बनाया बंधक, सोने के गहने लूटे; चार गिरफ्तार

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर मानगो थाना क्षेत्र के गोविंदा ब्लॉक स्थित श्री कृष्णा उद्यान कॉम्प्लेक्स में एसआईआर कर्मी बनकर फ्लैट में घुसने, महिला को बंधक बनाने, मारपीट करने और सोने के आभूषण लूटने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए सोने के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार अपराधियों ने पहचान छिपाने के उद्देश्य से लूटे गए आभूषणों को गलाकर चपटा गोलाकार रूप दे दिया था।



पुलिस के मुताबिक, घटना 31 अगस्त 2026 को मानगो के गोविंदा ब्लॉक स्थित श्री कृष्णा उद्यान कॉम्प्लेक्स के फ्लैट नंबर ई/5, पांचवीं मंजिल पर हुई थी। अज्ञात अपराधकर्मी एसआईआर कर्मी बनकर महिला के फ्लैट में पहुंचे थे। फ्लैट में मौजूद लिलावती अम्मा को आरोपियों ने बंधक बना लिया और उनके साथ मारपीट करते हुए पहने हुए सोने के आभूषण छीन लिए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। घटना के संबंध में लिलावती अम्मा के लिखित आवेदन के आधार पर मानगो थाना कांड संख्या 186/2026, दिनांक 2 सितंबर 2026 दर्ज किया गया। प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात अपराधकर्मियों के खिलाफ दर्ज की गई थी।

**एसएसपी के निर्देश पर गठित हुई विशेष टीम**

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम पुलिस अधीक्षक (नगर) की निगरानी तथा सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय-1) के नेतृत्व में कार्रवाई कर रही थी।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय सूचना को आधार बनाकर संदिग्धों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। इसके बाद लगातार छापेमारी करते हुए पुलिस टीम ने मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**चार आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान राकेश बहादुर उर्फ राकू (45 वर्ष), अभिषेक कुमार दास (26 वर्ष), तबस्सुम खातुन (35 वर्ष) और समरेश पॉल उर्फ नान्दु पॉल (48 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए सोने के आभूषण बरामद किए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने लूटे गए गहनों को गलाकर उनका स्वरूप बदल दिया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात की पूरी साजिश किसने रची थी और फ्लैट में एसआईआर कर्मी बनकर प्रवेश करने की योजना कैसे तैयार की गई।

**अन्य वारदातों की भी जांच**

गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और संभावित सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपियों ने इस घटना से पहले या बाद में इसी तरह की किसी अन्य वारदात को अंजाम दिया है या नहीं। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के आधार पर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का भी खुलासा हो सकता है।

# पटना के मनेर में सोन नदी नावों से रंगदारी वसूलते दो अपराधी गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र के सूअरमरवा-पतीला सोन नदी घाट पर बालू और यात्री ढोने वाली नावों से अवैध रंगदारी वसूलने वाले दो कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो अवैध हथियार और 10 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनेर के सूअरमरवा और पतीला सोन नदी क्षेत्र में कुछ अपराधी हथियार का भय दिखाकर बालू परिवहन करने वाले और यात्रियों को ले जाने वाली नावों के चालकों से अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी एसपी संकेत कुमार और दानापुर 2 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) अमरेन्द्र कुमार झा के निर्देश पर मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने निजी नावों पर सवार होकर सोन नदी में रेकी करते हुए अपराधियों के ठिकाने पर अचानक धावा बोल दिया। इस त्वरित कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो अपराधियों को एक छोटी नाव के साथ दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए है। गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाशों की पहचान दानापुर के बिहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाण्डेयचक निवासी भीष्म नारायण सिंह के पुत्र दीपू कुमार और पथलौटिया निवासी चंद्रशेखर राय के पुत्र नीरज कुमार के रूप में हुई है। दानापुर डीएसपी2 अमरेन्द्र कुमार झा ने बताया कि ये आरोपी नदी में नाव चालकों को हथियार का भय दिखाकर लंबे समय से रंगदारी वसूल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सफल छापेमारी कर इन्हें धर दबोचा। इस सफल अभियान में थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के साथ पुलिस अवर निरीक्षक संजय चौधरी, अफसर अली, जवाहर राम और अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# अवैध शराब के परिवहन व गांव-गांव बिक्री की शिकायत, भगवती मानव कल्याण संगठन ने पटेरा थाने में ज्ञापन

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पटेरा/दमोह। सागर जिले के बंडा थाना क्षेत्र में जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना के बाद पटेरा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री को लेकर शिकायत सामने आई है। मामले को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन, पटेरा की ओर से 13 सितंबर 2026 को थाना पटेरा में आवेदन देकर जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।




आवेदन में संगठन की ओर से कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों के अनुसार पटेरा स्थित शराब दुकान से आसपास के विभिन्न ग्रामों में शराब पहुंचाए जाने तथा अलग-अलग स्थानों पर बिक्री किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। संगठन ने पुलिस से इन शिकायतों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने और यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गांव-गांव में शराब की उपलब्धता से युवा वर्ग एवं ग्रामीणों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। संगठन ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं के हित में प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

संगठन द्वारा आवेदन के साथ पटेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से संबंधित कुछ व्यक्तियों के नामों की सूची भी संलग्न की गई है। सूची में जमुनिया हुरे, बर्रट, सगोनी, कोटा, फतेहपुर, मुआरी, कुड़ई, देवरी पटेरा और बरखैरा बैस सहित विभिन्न स्थानों के नाम शामिल हैं।

वहीं, सूची में शामिल व्यक्तियों के संबंध में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। आवेदन के माध्यम से संगठन ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में प्रतियोगिताओं की अहम भूमिका : सविता महतो

**समाज जागरण**

चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चाकूलिया फुटबॉल क्लब एवं नीमडीह प्रखंड के बाबा तिलका मांझी क्लब मुरुकडीह में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विधायक सविता महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को लगातार प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मौके पर सुखी टुडू, झामुमो केंद्रीय सदस्य चारु चांद किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, साधु महतो, दराई बुरु हांसदा एवं अरुण टुडू आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# श्रीनगर में गूंजा झारखंड के कर्मचारी मुद्दा, नियमितीकरण व सामाजिक सुरक्षा की मांग बुलंद

## अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक में झारखंड के ज्वलंत सवाल राष्ट्रीय मंच पर उठे

**समाज जागरण**

गोड्डा अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक 12 एवं 13 सितंबर26 को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों तथा अक्षत्रत्रक्के पदाधिकारी ने भाग लिया । बैठक में झारखंड समेत विभिन्न राज्यों के सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं और अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई ।झारखंड की ओर से झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के गोड्डा जिला के महामंत्री सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मोहम्मद मुजाहिद उल इस्लाम ,वीरेंद्र कुमार यादव ,पूर्वी सिंह भूम ,शर्मिला ठाकुर, पश्चिमी सिंहभूम ,शैलेंद्र कुमार तिवारी कोडरमा, राष्ट्रीय कार्य कारणी की बैठक में हिस्सा लिया और राज्य के कार्य करने से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर प्रमुखता से रखा ।बैठक में झारखंड में आउटसोर्सिंग एवं संविदा आधारित कर्मचारियों के लगातार हो रहे शोषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया ।वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मियों की सेवा को नियमित किया जाना चाहिए तथा उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए ।कर्मचारियों के लिए समय पर वेतन वृद्धि ,नियमित पदोन्नति और सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करने की मांग भी जोरदार ढंग से रखी गई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों को उनके श्रम और सेवा के अनुरूप सम्मानजनक वेतन एवं सुरक्षित भविष्य मिलना उनका अधिकार है। बैठक में यह भी कहा गया कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य होने के बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है। कर्मचारी संगठनों ने सरकार से इस समस्या का स्थाई समाधान करने तथा कर्मचारियों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की एकजुटता को मजबूत करने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष व्यापक बनने पर बल दिया ।झारखंड के प्रतिनिधियों ने राज्य के कर्मचारियों के समस्याओं को मजबूती से रखते हुए उनके समाधान को आंदोलन को और तेज करने की बात कही।




# पटना जंक्शन पर मोबाइल चोर गिरोह का पदार्फाश, यूपी के एक चोर समेत सात गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जंक्शन और उसके आसपास के परिसरों में यात्रियों के मोबाइल चुराने वाले एक सक्रिय गिरोह के खिलाफ रेल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के चंदौली निवासी एक शातिर चोर सहित कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी किए गए सात महंगे स्क्रीनटच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई 12 सितंबर को प्लेटफॉर्म संख्या 4 और 5 के पश्चिमी छोर स्थित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) के नीचे की गई। रेल पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के बरहनी क्षेत्र का रहने वाला 29 वर्षीय दिनेश बार भी शामिल है। इसके अलावा पटना के दीघा निवासी 25 वर्षीय रमेश कुमार और 32 वर्षीय सनी कुमार, फतुहा निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार, मनेर निवासी 22 वर्षीय विक्की कुमार, गया के गुरारू थाना क्षेत्र के 23 वर्षीय मो. साबिर हुसैन तथा छपरा के मसरख थाना क्षेत्र के 35 वर्षीय रवि सिंह को दबोचा गया है। आरोपियों के पास से मिले सातों मोबाइल यात्रियों के हैं, जिनकी शिनाख्त की प्रक्रिया चल रही है।



पिछले कुछ दिनों से पटना जंक्शन पर यात्रियों के मोबाइल झपटने और चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए रेल पुलिस ने जंक्शन पर सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती के साथ संदिग्धों पर निगरानी बढ़ा दी थी। इसी कड़ी में पुलिस को आरओबी के नीचे कुछ संदिग्ध युवक आपस में सुगबुगाहट करते हुए दिखे, जिन्हें घेराबंदी कर धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी के मोबाइल बरामद हुए। इस मामले में रेल थाना पटना जंक्शन में गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरे मामले की गहन जांच सहायक अवर निरीक्षक (सअनि) श्यामलाल यादव द्वारा की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह गिरोह चोरी के इन मोबाइलों को आगे कहां खपाने की फिराक में था।

# नेहा झा प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

समस्तीपुर। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से शराब बरामदगी के मामले में नेहा झा को अदालत से जमानत मिलने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि पुलिस ने जांच पूरी होने से पहले ही महिला की तस्वीर सार्वजनिक कर दी और उसे शराब तस्करी से जोड़कर प्रस्तुत किया। अब अदालत से जमानत मिलने के बाद इस कार्रवाई की प्रक्रिया और पुलिस की जांच पर चर्चा तेज हो गई है।

बताया जा रहा है कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से करीब 75 लीटर शराब बरामद की गई थी। मामले में नेहा झा का नाम सामने आने के बाद उनकी तस्वीर सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित होने लगी। आरोप है कि तस्वीर सार्वजनिक करने से पहले पहचान संबंधी आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। इसको लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

**शराब की बरामदगी और यात्रा को लेकर सवाल**

मामले से जुड़े दावों के अनुसार बरामद शराब हरियाणा निर्मित बताई गई है, जबकि नेहा झा के उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ट्रेन में सवार होने की बात सामने आई है। इसी आधार पर यह सवाल उठ रहा है कि शराब की वास्तविक आपूर्ति और उसके स्रोत की जांच किस स्तर तक हुई।

हालांकि इन तथ्यों की अंतिम पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। केवल किसी व्यक्ति के यात्रा मार्ग या बरामदगी के आधार पर उसे दोषी मान लेना उचित नहीं है।

**पहचान प्रक्रिया को लेकर उठी आपत्ति**

किसी आपराधिक मामले में आरोपी की पहचान और साक्ष्यों की विश्वसनीयता जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। यदि किसी संदिग्ध की तस्वीर जांच के शुरूआती चरण में ही सार्वजनिक हो जाए तो प्रत्यक्षदर्शी या गवाह द्वारा बाद में की जाने वाली पहचान की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठ सकते हैं।

इसी वजह से नेहा झा की तस्वीर सार्वजनिक किए जाने के तरीके को लेकर कानूनी जानकारों के बीच भी चर्चा की जरूरत महसूस की जा रही है। हालांकि इस मामले में कौन-सी प्रक्रिया लागू होती है और उसका पालन हुआ या नहीं, इसका अंतिम निर्धारण संबंधित जांच और न्यायालय ही कर सकते हैं।

**जमानत के बाद पुलिस की भूमिका पर बहस**

अदालत से जमानत मिलने के बाद अब पुलिस की शुरूआती कार्रवाई को लेकर कई सवाल सामने आ रहे हैं। किसी आरोपी को अदालत से दोष सिद्ध होने से पहले दोषी के रूप में प्रस्तुत करना न्याय की मूल भावना के विपरीत माना जाता है।

शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना पुलिस की जिम्मेदारी है, लेकिन कार्रवाई के साथ कानूनी प्रक्रिया और व्यक्ति के अधिकारों का पालन भी उतना ही आवश्यक है। यदि जांच में किसी स्तर पर जल्दबाजी या प्रक्रिया संबंधी चूक हुई है तो उसकी निष्पक्ष समीक्षा की जानी चाहिए।

**दोष सिद्ध होने तक आरोपी को दोषी नहीं माना जा सकता**

कानून का मूल सिद्धांत है कि किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने तक उसे दोषी नहीं माना जा सकता। ऐसे में किसी आरोपी की तस्वीर या पहचान को सार्वजनिक करने से पहले पुलिस को कानूनी प्रावधानों और जांच की आवश्यक प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन करना चाहिए।

# चांडिल गोलचक्कर में ट्रक ने कार को मारी जोरदार टक्कर, एक घायल

**समाज जागरण**

चांडिल। चांडिल गोलचक्कर के समीप रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई,



जबकि कार सवार एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बताया जा रहा है कि ट्रक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार को काफी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को बाहर निकालकर इलाज के लिए चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है। दुर्घटना के कारण गोलचक्कर के पास कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों के साथ-साथ दुर्घटना में शामिल वाहनों की भी जानकारी जुटा रही है।

फिलहाल घायल की पहचान और उसकी स्थिति को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस की जांच के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# पटना सिटी में गंगा और पुनपुन नदी में डूबे दो अधेड़

## एक की मौत, एसएसबी के जवानों ने दूसरे की बचाई जान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ सिटी क्षेत्र में रविवार सुबह स्नान के दौरान दो अलग-अलग जगहों पर दर्दनाक हादसे सामने आए। उफनती गंगा नदी में स्नान कर रहे एक अधेड़ को सशस्त्र सीमा बल (SSB) के जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया, वहीं दूसरी घटना में दीदारगंज थाना क्षेत्र के सोनावा बाजार के पास रक्षा बांध के समीप पुनपुन नदी में डूबने से एक अन्य अधेड़ की मौत हो गई। दीदारगंज थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर गांव निवासी 54 वर्षीय तुलसी सिंह सोनावा बाजार में रक्षा बांध के पूर्व स्थित पुनपुन नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गए। स्थानीय नागरिकों द्वारा घटना की सूचना मिलते ही दीदारगंज थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए अधेड़ के शव को पुनपुन नदी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज (NMC) भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

दूसरी घटना आलमगंज थाना क्षेत्र के भद्र घाट की है, जहां गंगा स्नान के दौरान एक अधेड़ डूबने लगा। महानिरीक्षक (IG) निशित कुमार उज्जवल के निर्देश पर घाट पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (SSB) के जवानों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि झारखंड के रांची (धुर्वा) निवासी 55 वर्षीय राज कुमार सिंह भद्र घाट पर गंगा स्नान करने आए थे, तभी वे गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए घाट पर तैनात एसएसबी के रेस्क्यू दल ने त्वरित कार्रवाई की और समय रहते डूब रहे व्यक्ति को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे हुई इस घटना में बचाए गए व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# झारखंड के 14 जिलों में आज तेज बारिश और आंधी का अलर्ट

## 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं, गरज-चमक और वज्रपात को लेकर भी चेतावनी

**समाज जागरण**

रांची। झारखंड में रविवार को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के 14 जिलों में तेज बारिश, गरज-चमक और आंधी की संभावना जताते हुए चेतावनी जारी की है। इस दौरान



60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए किसानों और आम लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**इन 14 जिलों में तेज बारिश और आंधी की संभावना**

मौसम विभाग के अनुसार आज बोकारो, रांची, रामगढ़, खूंटी, चतरा, देवघर, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, दुमका, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, गुमला और लातेहार में तेज बारिश के साथ आंधी की स्थिति बन सकती है। इन जिलों में हवा की गति 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। रांची में अधिकतम तापमान करीब 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि अन्य जिलों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार बारिश की तीव्रता अलग-अलग रह सकती है।

**वज्रपात को लेकर भी सतर्क रहने की जरूरत**

बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में लोगों को खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों और ऊंचे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। खेतों में काम करने वाले किसानों तथा दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

**13 से 18 सितंबर तक कम हो सकती है बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने मौसम तंत्र के कमजोर पड़ने के बाद 13 सितंबर से झारखंड में बारिश की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने के संकेत हैं। हालांकि वातावरण में नमी बनी रहने के कारण कुछ स्थानों पर बादल छाने, गरज-चमक और हल्की बारिश की स्थिति बनी रह सकती है। 15 से 18 सितंबर के बीच बारिश अपेक्षाकृत कम और स्थानीय रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक की वृद्धि हो सकती है, जिससे कुछ क्षेत्रों में उमस बढ़ने की संभावना है।

**बारिश के बाद इन जिलों में सुहाना रहेगा मौसम**

रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला, लातेहार और पश्चिमी सिंहभूम जैसे हरियाली और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश के बाद मौसम सुहाना रहने की संभावना है। हालांकि बारिश थमने के बाद वातावरण में नमी बढ़ने से उमस भी महसूस हो सकती है।

बारिश के कारण वायुमंडल में मौजूद धूल-कण नीचे बैठने से वायु गुणवत्ता में भी अस्थायी सुधार की संभावना रहती है। मौसम खुलने के बाद तापमान बढ़ने के साथ उमस में भी वृद्धि हो सकती है।

# 27 सितंबर को अशोक सम्राट भवन में होगी हम पार्टी की गरीब चौपाल

## जीतन राम मांझी, मंत्री संतोष कुमार सुमन समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



गरीब, दलित, पसमांदा और वंचित तबके की समस्याओं को सीधे उनके बीच जाकर सुनने और समाधान के लिए आवाज उठाने की पहल के तहत हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) की ओर से 27 सितंबर को किशनगंज में गरीब चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अशोक सम्राट भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पार्टी के संरक्षक एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक शामिल होंगे।

रविवार को किशनगंज जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद हाशमी ने बताया कि बिहार के विभिन्न जिलों में चल रही गरीब चौपाल यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उन्हें समाधान के लिए उचित मंच तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अब तक कई जिलों में चौपाल आयोजित की जा चुकी है, जहां बड़ी संख्या में गरीब और वंचित लोगों ने अपनी समस्याएं लिखित रूप से पार्टी के नेताओं के समक्ष रखी हैं।

उन्होंने बताया कि चौपाल के दौरान प्राप्त समस्याओं को संबंधित विभागों तथा बिहार सरकार के स्तर तक पहुंचाने की पहल की जा रही है, ताकि जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जा सके। गरीब चौपाल को आम लोगों और सत्ता के बीच संवाद का एक प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में पार्टी की यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पार्टी के किशनगंज जिलाध्यक्ष डॉ. शाहजहां आलम और जिला प्रधान महासचिव पंकज जैन ने बताया कि 27 सितंबर के कार्यक्रम में जिले के दलित, पसमांदा, गरीब, असहाय और वंचित वर्ग के लोग अपनी समस्याएं सीधे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रख सकेंगे। डॉ. शाहजहां आलम की सक्रियता और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उनकी गंभीर पहल से जिले में गरीब चौपाल को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने जिले के जरूरतमंद लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने की अपील की।

प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव दिलशाद अहमद, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन, नाजिर इमाम सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# रजनीश रंजन ने गिनाई प्राथमिकताएं, युवाओं और स्नातकों के लिए कई घोषणाएं

## नमस्ते किशनगंज कार्यक्रम में बेरोजगार स्नातकों को ब्याजमुक्त ऋण, परीक्षा कैलेंडर और कैशलेस इलाज का वादा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**




कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के उम्मीदवार रजनीश रंजन ने रविवार को शहर के सम्राट अशोक भवन में नमस्ते किशनगंज के तहत जिला स्तरीय स्नातक मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रजनीश रंजन एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

संवाद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे स्नातकों और स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं और अपेक्षाएं उम्मीदवार के समक्ष रखीं। रजनीश रंजन ने कहा कि स्नातकों, युवाओं, शिक्षकों, पत्रकारों, संविदाकर्मियों और अन्य पेशेवर वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।

उन्होंने बेरोजगार स्नातकों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही बिहार में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निश्चित परीक्षा कैलेंडर लागू कराने की बात कही, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षाओं की तिथियों को लेकर अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। शिक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि ह्यएक पाठ्यक्रम-एक वेतनमानह्न की नीति लागू कर वित्तरहित शिक्षा व्यवस्था से जुड़े शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी स्नातकों के लिए जीवन सुरक्षा बीमा और मासिक भत्ता लागू करने की भी बात कही। स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में रजनीश रंजन ने शिक्षकों, पत्रकारों, संविदाकर्मियों और बेरोजगार स्नातकों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था कराने का वादा किया। अधिवक्ताओं के लिए सभी श्रेणियों के वकालतखानों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की बात भी उन्होंने कही।

उन्होंने कहा कि ज्ञान और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रमंडलीय पुस्तकालय को सुदृढ़ करने के साथ जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर आधुनिक पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान स्नातकों और स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को भी सामने रखा। उम्मीदवार ने कहा कि संवाद के माध्यम से प्राप्त सुझावों और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा तथा स्नातक मतदाताओं के हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा।

# महिलाओं के अखंड सुहाग व्रत हरितालिका तीज पर नबीनगर बाजार में लौटी रौनक

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)भाद्रपद शुक्ल तृतीया पर मनाए जाने वाले महिलाओं के अखंड सुहाग व्रत हरितालिका तीज को लेकर नबीनगर बाजार में एक बार फिर रौनक लौट आई है।तीज को लेकर बाजार के श्रृंगार, वस्त्र और पूजन



सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। महिलाएं साड़ी, लहंगा, चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी प्रसाद,फल और पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी कर रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि तीज को लेकर दो दिनों से बाजार में अच्छी चहल-पहल है।मान्यता है कि इस दिन निर्जला व्रत रखकर महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सुहाग की कामना करती हैं। तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।हरतालिका तीज को लेकर पौराणिक कथा है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए वनों में कठोर तपस्या की थी।माता पार्वती की सखियों ने उन्हें उनके पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर जंगल में छिपा दिया था, जहाँ उन्होंने रेत (बालू) से शिवलिंग और माता गौरी की प्रतिमा बनाकर उनकी पूजा की थी।इसी परंपरा का पालन करते हुए सुहागिन महिलाएं और अविवाहित कन्याएं इस दिन गौरी शंकर की पूजा करती हैं।

# तीन करोड़ के एमडीएमए और हेरोइन के साथ महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एएनटीएफ, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और गलगलिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने गलगलिया थाना क्षेत्र के लकड़ी डिपो में छापेमारी कर एक महिला समेत दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 814 ग्राम एमडीएमए और 507 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन), कुल 1.321 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बरामद मादक पदार्थ का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब तीन करोड़ रुपये है।

पुलिस के मुताबिक 12 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि गलगलिया बाजार स्थित लकड़ी डिपो में मो. तमरेज के घर पर अवैध मादक पदार्थ रखकर उसकी तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ-2 मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एएनटीएफ, एसएसबी और गलगलिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर संबंधित ठिकाने पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान टीम ने मो. हासिम, निवासी छनुटोला लकड़ी डिपो और रुकसार खातून, निवासी छनुटोला लकड़ी डिपो को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 814 ग्राम एमडीएमए, 507 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन), एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री में शामिल होने की बात पुलिस को बताई है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के साथ बरामद मादक पदार्थ के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति का पता लगाकर नियमानुसार उसे जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

इस मामले में गलगलिया थाना कांड संख्या 95/26, दिनांक 12 सितंबर 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(c), 21(c), 22(c), 25, 29 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए, 26 और 35 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ठाकुरगंज में SSB जवान की संदिग्ध मौत, प्रेम प्रसंग के एंगल से जांच

## गिलाबाड़ी कैंप में संतरी ड्यूटी पर तैनात था 24 वर्षीय चैन मंडल, सरकारी इंसास राइफल से सिर में गोली लगने की बात; FSL ने जुटाए साक्ष्य

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत जियापोखर थाना क्षेत्र के गिलाबाड़ी स्थित SSB कैंप में 24 वर्षीय जवान चैन मंडल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जवान SSB की 19वीं बटालियन में तैनात था और घटना के समय कैंप में संतरी ड्यूटी पर था। जवान की मौत की सूचना मिलते ही कैंप परिसर में हड़कंप मच गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ड्यूटी के दौरान जवान के सिर में सरकारी इंसास राइफल से गोली लगने की बात सामने आई है। प्रथम दृष्टया पुलिस आत्महत्या की आशंका के साथ मामले की जांच कर रही है। वहीं, पुलिस घटना को प्रेम प्रसंग से जुड़े पहलू से भी जोड़कर देख रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों को लेकर अभी आधिकारिक रूप से अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद जियापोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल पर FSL की टीम ने भी पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटनास्थल, हथियार और जवान की ड्यूटी से जुड़े तमाम पहलुओं की जांच की है। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जवान की मौत किन परिस्थितियों में हुई। प्रेम प्रसंग से जुड़े पहलू के साथ-साथ घटना के अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, FSL जांच और पुलिस की जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# बिहार-झारखंड बॉर्डर पर एक ही रात 3 वारदात, दो दुकानों में चोरी, पान गुमटी में आगजनी

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)बिहार-झारखंड बॉर्डर पर टंडवा थाना क्षेत्र के चितवा बांध-बलथर मोड़ के समीप शनिवार की रात असामाजिक तत्वों ने तीन




वारदातों को अंजाम देकर दुकानदारों में दहशत फैला दी।जानकारी के अनुसार चोरों ने अभिषेक कुमार की समौसा चाय दुकान और शिकेश कुमार सिंह की मोबाइल दुकान के ताले तोड़कर चोरी की। वहीं अभिषेक कुमार की चाय समौसा पान गुमटी में आग लगा दी गई जिसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। इससे करीब हजारो रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।तीनों दुकानदार झारखंड के शिकारपुर गांव के निवासी बतायजा रहे हैं।घटना की सूचना पर टंडवा थाना की 112नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पटना के दुल्हिनबाजार मंडल में व्यापक सेवा कार्यों की तैयारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दुल्हिनबाजार मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने तक विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर स्थानीय कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए विस्तृत चर्चा की गई और उपस्थित कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि 'सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण' की भावना के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि आम जनता की अधिकाधिक भागीदारी हो, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दुल्हिनबाजार मंडल के कई दिग्गज नेता और समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमे प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत कुमार, महामंत्री कुन्दन कुमार।

विशिष्ट अतिथि व नेता में नारायण कुमार, कुमुद रंजन निकेश, विनोद कुमार, मनोज सिंह, विनय कुमार, राजू कुमार, सूर्यमोहन शर्मा। सहित कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, अभय कुमार, महेश सिंह, नीरज कुमार एवं अन्य स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में इन सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों को पूरी तन्मयता, अनुशासन और ऊर्जा के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया। इस पहल से क्षेत्र में पार्टी कार्यकताओं के बीच जनसेवा का एक नया जोश देखने को मिल रहा है।

# पटना के पालीगंज में भाजपा की कार्यशाला आयोजित

## संकल्प अभियान और पीएम मोदी के 25 वर्षों के कार्यकाल पर हुई चर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जिले के पालीगंज मंडल में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की संयुक्त अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार और राघवेन्द्र कुमार शाही ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की बेमिसाल सेवा, सुशासन और समर्पण यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। कार्यशाला के दौरान आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने तक चलने वाले विभिन्न सेवा और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने जोर दिया कि केंद्र सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को बूथ स्तर तक पहुंचाया जाए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिनमे मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कुमुद रंजन निकेश, विधानसभा संयोजक नारायण कुमार, राजू कुमार, राम कृष्ण शर्मा, पवन कुमार, गोपाल सिंह, अमितेश कुमार, पिंटू कुमार, कमल नयन शर्मा, सोनू कुमार, संतोष कुमार, गोपाल यादव, धनंजय शर्मा और कारु चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके साथ ही, महिला मोर्चा की सक्रिय उपस्थिति भी देखने को मिली जिसमें उर्मिला देवी, संगीता देवी, गायत्री देवी और रामशिला देवी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर कार्यशाला के अंत में सभी कार्यकताओं ने आगामी सेवा पखवाड़े को पूरी तन्मयता और ऊर्जा के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।

# आजमानतीय वारंटी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अजमानतीय वारंट में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नितीश कुमार, पिता - सतेंद्र सिंह, नन्दू कुमार, पिता दामोदर सिंह और बिट्टू कुमार उर्फ ओमप्रकाश, पिता अशोक सिंह तीनों ग्राम लखैपुर, थाना नरारीकला खुर्द, जिला औरंगाबाद के निवासी हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों फरार चल रहे थे न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत के बाद तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है

# पटना के पिपरा में पुलिस का बड़ा एक्शन

## - देवकली गांव से 22 ग्राम से अधिक स्मैक और इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली गांव में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में स्मैक (ब्राउन शुगर) के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। इस कार्रवाई से इलाके के तस्करों में हड़कंप मच गया है। पिपरा थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को लंबे समय से इलाके में मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री की गुप्त सूचना मिल रही थी।



इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने देवकली गांव में एक संदिग्ध ठिकाने पर अचानक छापेमारी की। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से तस्कर को भागने का मौका नहीं मिला। तलाशी के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से 22.02 ग्राम स्मैक (ब्राउन शुगर), अवैध कारोबार से जुड़े 1910 रुपये नकद और तौलने के लिए इस्तेमाल होने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक मिनी तराजू बरामद किया है। पुलिस का मानना है कि यह तराजू और नकदी सीधे तौर पर ड्रग्स की पुड़िया बनाकर बेचने के अवैध कारोबार से जुड़े हैं। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुधीर सिंह (पिता सोहील कुमार) के रूप में हुई है, जो इसी इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तार युवक के खिलाफ पिपरा थाने में एनडीपीएस (NDPS) एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पूछताछ के बाद पुलिस अब इस अवैध मादक पदार्थ के नेटवर्क की जड़ें खंगालने में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सुधीर सिंह इस स्मैक की खेप को कहां से लेकर आता था और इस काले कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से ड्रग्स तस्करों में भय का माहौल है।

# पटना के धनरूआ में नवविवाहित ने फंदे से लटककर दी जान, मचा कोहराम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंची मोड़ के पास शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। पारिवारिक कलह और विवाद से परेशान होकर एक 28 वर्षीय युवक ने पंखे से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के अशरफगंज निवासी जगदीश प्रसाद के पुत्र विकास कुमार (28) के रूप में हुई है। विकास पिछले कुछ समय से बिरंची मोड़ के पास स्थित एक किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहा था। स्थानीय लोगों और परिजनों से मिली शुरूआती जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से परिवार के भीतर किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जिससे विकास काफी तनाव में था।शनिवार को पारिवारिक विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि विकास ने गुस्से या क्षोभ में आकर अपने कमरे में पंखे के सहारे फंदा लगा लिया। जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा और तुरंत बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर भागे, लेकिन रास्ते में या अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना की पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल या पटना भेज दिया है। इस संबंध में धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया पूरा मामला पारिवारिक कलह के बाद आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है। पुलिस इस दुखद घटना के हर पहलू और वास्तविक कारणों की गहराई से छानबीन कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो सके। वही लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक, विकास कुमार की शादी अभी पिछले वर्ष ही हुई थी।

# पटना के पालीगंज में पुलिस हिरासत में युवक की संदिग्ध मौत

## गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश के बाद इलाज के दौरान तोड़ा दम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल के सिगोड़ी थाने में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां हिरासत में लिए गए एक युवक ने थाने के बाथरूम में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस द्वारा आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय अजय मांझी के रूप में हुई है। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।पुलिस के अनुसार, अजय मांझी अपने दो साथियों–रंजन कुमार (निवास बिजोपुर, गया) और विष्णु दयाल (निवास इब्राहिमपुर, जहानाबाद)– के साथ एक स्कॉर्पियो से चिक्सी की ओर से आ रहा था। गश्ती दल की गाड़ी को देखकर वे भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने खदेड़ कर तीनों को पकड़ लिया और सिगोड़ी थाना ले आई। सिगोड़ी थानाध्यक्ष तनिस पायल ने बताया कि चिक्सी स्थित ईंट-भट्ठा संचालकों (श्याम कुमार और शरद कुमार) ने अजय मांझी पर बकाया राशि का भुगतान नहीं करने का लिखित आरोप लगाया था। इसी मामले में पूछताछ के लिए तीनों को थाने के आगंतुक कक्ष में बैठाया गया था। इसी बीच अजय बाथरूम गया, जहां उसने अपने गमछे से फंदा लगा लिया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, सिटी वेस्ट एसपी संकेत कुमार और पालीगंज एसडीएम चंदन कुमार सिगोड़ी थाना पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। इसके अलावा, एफएसएल (FSL) की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है। वहीं हिरासत में लिए गए दूसरे युवकों–रंजन और विष्णु के परिजनों ने बताया कि उनकी अजय मांझी से कुरवां बाजार में मुलाकात हुई थी। अजय ने उन्हें जहानाबाद घूमने का झांसा दिया था, जिसके बाद वे उसकी गाड़ी में बैठ गए थे, लेकिन अजय उन्हें जहानाबाद के बजाय चिक्सी की ओर ले आया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।